CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :33°C
न्यूनतम: 24°C

मेरठ, गुरुवार 25 सितम्बर 2025 मेरठ संस्करण: वर्ष 19 अंक 115 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | आश्विन शुक्ल पक्ष 4 विक्रमी सम्वत् 2082 | 2 रबी उल सानी1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



प्रियंका गांधी की उत्तराखंड में पेपर लीक पर तीखी प्रतिक्रिया पेज 2




आईसीसी टी-20 रैंकिंग: भारत चारों कैटेगरी में टॉप पर बरकरार खेल टाइम्स




कहां से शह पाते हैं ऐसे जहरीले लोग सम्पादकीय



फिनलैंड के राष्ट्रपति बोले- भारत उभरती हुई ताकत पेज 12

## जम्मू-कश्मीर की 4, पंजाब की एक रास सीट के लिए 24 अक्टूबर को चुनाव

**नई दिल्ली।** केन्द्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर से चार तथा पंजाब से एक राज्यसभा सीट के लिए 24 अक्टूबर को मतदान कराया जाएगा। चुनाव आयोग ने बुधवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि इस बारे में छह अक्टूबर को अधिसूचना जारी की जाएगी और 13 अक्टूबर तक उम्मीदवार नामांकन कर सकेंगे। नामांकन पत्रों की जांच 14 अक्टूबर तक की जाएगी और उम्मीदवार द्वारा 16 अक्टूबर तक नाम वापस लिए जा सकेंगे। आयोग ने बताया कि राज्य सभा की द्विवार्षिक चुनाव प्रक्रिया के तहत 24 अक्टूबर को इन सभी पांच सीटों को भरने के लिए सुबह नौ बजे से शाम चार बजे तक मतदान होगा और उसी दिन शाम पांच बजे से वोटों की गिनती का काम शुरू कर दिया जाएगा।

## महाराष्ट्र के पांच जिलों में बाढ़, आठ लोगों की मौत

**नई दिल्ली।** महाराष्ट्र के मराठवाड़ा क्षेत्र में पिछले चार दिनों से हो रही भारी बारिश के कारण अब तक 8 लोगों की मौत हो गई है। इनमें लातूर में तीन, बीड में दो और छत्रपति संभाजीनगर, नांदेड़ और धाराशिव में एक-एक लोगों की मौत बिजली गिरने, डूबने और अन्य कारणों से हुई है। एक अधिकारी ने बताया कि मराठवाड़ा के आठ जिलों में 766 घरों को बाढ़ से नुकसान पहुंचा है। 33,010 हेक्टेयर से ज्यादा जमीन पर लगी फसलें खराब हो गईं। बीड और धाराशिव में पांच बांध, कई सड़कें, पुल और स्कूलों को भी नुकसान पहुंचा है। इधर, पश्चिम बंगाल के कोलकाता और आसपास के जिलों में बारिश से मरने वालों का आंकड़ा 10 पहुंच गया है। इनमें 8 मौतें सिर्फ कोलकाता में हुईं।

## आतंकी पन्नू के विरुद्ध NIA ने किया नया मामला दर्ज

**नई दिल्ली।** एनआईए ने अमेरिका स्थित आतंकी और अलगाववादी समूह सिख फॉर जस्टिस (एसएफजे) के महासचिव गुरपतवंत सिंह पन्नू के खिलाफ एक और एफआईआर दर्ज की है। पन्नू पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के खिलाफ धमकी भरे बयान देने और हिंसा भड़काने का आरोप है। नए एफआईआर के अनुसार, पन्नू ने कथित रूप से सिख सैनिकों को स्वतंत्रता दिवस पर श्री मोदी को लाल किले पर राष्ट्रीय ध्वज फहराने से रोकने के लिए उकसाया था।

## सोनू सूद ईडी के सामने हुए पेश

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड अभिनेता सोनू सूद प्रतिबंधित एप 1एक्सबेट से जुड़े धन शोधन मामले में बुधवार को प्रवर्तन निदेशालय के सामने पेश हुए। यह जांच धन शोधन निवारण अधिनियम के तहत की जा रही है। अधिकारियों ने बताया कि ईडी का विशेष दल अभिनेता से पूछताछ कर रहा है और यह पूछताछ सात-आठ घंटों तक चल सकती है। उल्लेखनीय है कि इसी मामले में गुरुवार को पूर्व क्रिकेटर युवराज सिंह और 'गंदी बात' वेब सीरीज की अभिनेत्री आवेशी जैन से भी पूछताछ की गई थी।




चंडीगढ़: एयरफोर्स स्टेशन में 'मिग-21 ऑपरेशनल फ्लाइंग समापन समारोह' से पहले रिहर्सल के दौरान भारतीय वायुसेना के मिग-21 विमान। मिग-21 को 26 सितम्बर, 2025 को होने वाले समारोह में छह दशक से अधिक की सेवा के बाद सेवानिवृत्त कर दिया जाएगा।

# दिल्ली में कांड करके भागा चैतन्यानंद

## पूर्व कॉलेज प्रमुख पर यौन शोषण का आरोप, 17 छात्राएं बोलीं- अश्लील मैसेज भेजे, जबरन छूता था

शाह टाइम्स ब्यूरो

- फैकल्टी कहती थी, उसकी बात मानो- एफआईआर दर्ज ,
- शारदा इंस्टीट्यूट के बेसमेंट से एक वॉल्वो कार जब्त



**नई दिल्ली।** दिल्ली के श्री शारदा इंस्टीट्यूट ऑफ इंडियन मैनेजमेंट के पूर्व चीफ स्वामी चैतन्यानंद सरस्वती पर 17 स्टूडेंट्स से यौन शोषण के आरोपों का बुधवार को खुलासा हुआ।

छात्राएं इंस्टीट्यूट में ईडब्ल्यूएस स्कॉलरशिप के तहत पीजीडीएम (पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा इन मैनेजमेंट) कर रही हैं। चैतन्यानंद पर उनसे गंदी बातें करने, अश्लील मैसेज भेजने और जबरन छूने का आरोप है। चैतन्यानंद सरस्वती उर्फ पार्थ सारथी के खिलाफ 4 अगस्त को वसंत कुंज नार्थ पुलिस स्टेशन में एफआईआर दर्ज की गई थी। तब वह इंस्टीट्यूट का प्रमुख था। उसे 9 अगस्त को पद से हटाकर निष्कासित किया गया था। एफआईआर दर्ज होने के बाद से चैतन्यानंद फरार है। पुलिस को यूपी के आगरा में उसकी लोकेशन मिली है। दिल्ली पुलिस ने शारदा इंस्टीट्यूट के बेसमेंट से चैतन्यानंद की एक वॉल्वो कार जब्त की है। छात्राओं ने दावा किया कि इंस्टीट्यूट में काम करने वाले वार्डन ने उन्हें आरोपियों से मिलाया था। कार पर यूनाइटेड नेशन (यूएन) की नंबर प्लेट लगी थी। आमतौर पर ऐसे नंबर राजनयिकों को जारी किए जाते हैं। पुलिस ने बताया कि चैतन्यानंद को यह नंबर यूएन से जारी नहीं हुआ था। उसने खुद ही -शेष पृष्ठ दो पर

# लद्दाख में भड़की हिंसा, 4 की मौत

## 72 घायल, राज्य का दर्जा मांग रहे प्रदर्शनकारियों ने भाजपा ऑफिस जलाया

लेह, वार्ता

**केंद्र शासित** प्रदेश लद्दाख को पूर्ण राज्य का दर्जा देने की मांग को लेकर लेह में बुधवार को हिंसक प्रदर्शन हुआ। छात्रों की पुलिस और सुरक्षाबलों से झड़प हो गई। इसमें 4 लोगों की मौत हो गई और 70 से ज्यादा लोग घायल हैं। प्रदर्शन के दौरान छात्रों ने पुलिस पर पत्थरबाजी की। लद्दाख के उपराज्यपाल कविंदर गुप्ता ने बताया कि लद्दाख के हिंसा प्रभावित लेह जिले में जानमाल की हानि रोकने के लिए कर्फ्यू लगाया गया।

भाजपा ऑफिस और सीआरपीएफ की गाड़ी में आग लगा दी। उधर, प्रशासन ने लेह में बिना अनुमति रैली, प्रदर्शन पर बैन लगा दिया है। ये छात्र सोशल एक्टिविस्ट सोनम वांगचुक के समर्थन में विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। वांगचुक पिछले 15 दिनों से भूख हड़ताल पर बैठे थे। मांगें पूरी न करने के विरोध में प्रदर्शनकारियों ने बुधवार को बंद बुलाया था। इसी दौरान हिंसा हुई।






### मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला बोले-जनता के साथ नाइंसाफी

मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला और एनसी के विधायक तनवीर सादिक ने लद्दाख और जम्मू-कश्मीर में सरकार की विफलताओं की आलोचना करते हुए कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि पूर्ण राज्य की मांग (स्टेटहुड) बहाल नहीं किया गया, सिर्फ इसलिए कि बीजेपी चुनाव नहीं जीत पाई। यह जनता के साथ नाइंसाफी है।

### लद्दाख महोत्सव भी रद्द

स्थिति की गंभीरता को देखते हुए प्रशासन ने चार दिवसीय लद्दाख महोत्सव के अंतिम दिन का कार्यक्रम रद्द कर दिया। सूचना एवं जनसंपर्क विभाग ने एक बयान जारी कर कहा कि स्थिति के चलते समापन समारोह को रद्द करना पड़ा है। हम स्थानीय कलाकारों, सांस्कृतिक समूहों, पर्यटकों और आम जनता से क्षमा चाहते हैं।

### लेह में पांच या इससे अधिक लोगों के एकत्र होने पर लगा प्रतिबंध

लेह में पांच या अधिक व्यक्तियों के एकत्र होने पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। राज्य का दर्जा देने की मांग कर रहे स्थानीय लोगों के विरोध प्रदर्शन के बाद जिला मजिस्ट्रेट के आदेश के अनुसार लेह में पूर्व लिखित अनुमति के बिना कोई जुलूस, रैली या मार्च नहीं निकाला जाएगा।

- शहर में मार्च-रैली बैन, सोनम वांगचुक के समर्थन में प्रदर्शन कर रहे छात्रों ने CRPF की गाड़ी में भी लगाई आग
- सोशल मीडिया के माध्यम से भीड़ जुटाई, 24 सितम्बर को लद्दाख बंद बुलाने का किया था आह्वान

हिंसा के बाद वांगचुक ने अनशन तोड़ते हुए कहा कि यह लद्दाख के लिए दुख का दिन है। हम पांच साल से शांति के रास्ते पर चल रहे थे। अनशन किया, लेह से दिल्ली तक पैदल चलकर गए। आज हम शांति के पैगाम को असफल होते हुए देख रहे हैं। हिंसा, गोलीबारी और आगजनी हो रही है। मैं लद्दाख की युवा पीढ़ी से अपील करता हूं कि इस बेवकूफी को बंद करें। हम अपना अनशन -शेष पृष्ठ दो पर

# रेलवे कर्मचारियों को दिवाली गिफ्ट

## मंत्रिमंडल ने किया 78 दिन के बोनस का ऐलान

शाह टाइम्स ब्यूरो



- 10,91,146 रेलवे कर्मचारियों को होगा फायदा

**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्रिमंडल ने रेल कर्मचारियों को दीपावली पर 78 दिन का बोनस देने के प्रस्ताव को मंजूरी दी है। सूचना प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बुधवार को यहां संवाददाता सम्मेलन में यह जानकारी देते हुए बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में हुई मंत्रिमंडल की बैठक में इस आशय के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई है।

उन्होंने बताया कि रेलवे कर्मचारियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन को देखते हुए मंत्रिमंडल ने 10,91,146 रेलवे कर्मचारियों को 78 दिनों के उत्पादकता-आधारित बोनस के रूप में 1865.68 करोड़ रुपये के भुगतान को मंजूरी दी है। केंद्रीय मंत्री ने बताया कि पात्र रेल कर्मचारियों को उत्पादकता-आधारित बोनस का भुगतान प्रत्येक वर्ष दुर्गा पूजा या दशहरा की छुट्टियों से पहले किया जाता है और इस वर्ष भी, लगभग 10.91 लाख अराजपत्रित रेलवे कर्मचारियों को 78 दिनों के वेतन के बराबर बोनस का भुगतान किया जा रहा है। उनका कहना था कि बोनस का भुगतान रेलवे के प्रदर्शन में सुधार के लिए लवे कर्मचारियों को प्रेरित करने के लिए एक -शेष पृष्ठ दो पर

## वोटर लिस्ट में नाम जुड़वाने व हटाने का प्रोसेस बदला

- ई- वेरिफिकेशन जरूरी, रजिस्टर्ड नंबर पर ओटीपी आएगा

**नई दिल्ली।** वोटर लिस्ट से नाम हटाने-जोड़ने के लिए अब ई-वेरिफिकेशन जरूरी होगा। इसके लिए चुनाव आयोग (ईसी) ने अपने पोर्टल और एप पर एक नया 'ई-साइन' फीचर शुरू किया है।

वोटर लिस्ट में नाम जोड़ने, हटाने या उस पर आपत्ति दर्ज कराने के लिए आवेदक के रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर पर वन-टाइम पासवर्ड (ओटीपी) भेजा जाएगा। इससे सुनिश्चित होगा कि आवेदन करने वाला वही व्यक्ति है, जिसका नाम या नंबर इस्तेमाल किया गया है।यह मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, 23 सितम्बर से पहले ई-वेरिफिकेशन जरूरी नहीं था।

## सीबीएसई बोर्ड परीक्षाएं 17 फरवरी से होंगी शुरू

शाह टाइम्स ब्यूरो

- कक्षा 10 की बोर्ड परीक्षाएं एक शैक्षणिक सत्र में दो बार होंगी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने कक्षा 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षाओं के लिए संभावित डेटशीट जारी कर दी है। परीक्षाएं 17 फरवरी से 15 जुलाई, 2026 के बीच आयोजित होने वाली हैं।

इस अवधि के दौरान कक्षा 10वीं और 12वीं के लिए मुख्य परीक्षाएं, खेल छात्रों के लिए परीक्षाएं, कक्षा 10वीं की दूसरी बोर्ड परीक्षाएं, 12वीं की पूरक परीक्षाएं आयोजित की जाएंगी। यह पहली बार है कि कक्षा 10 की बोर्ड परीक्षाएं एक शैक्षणिक सत्र में दो बार आयोजित की जाएंगी। सीबीएसई कक्षा 10वीं बोर्ड परीक्षा का पहला संस्करण 17 फरवरी से 6 मार्च, 2026 तक आयोजित किया जाएगा। 10वीं कक्षा की बोर्ड परीक्षा का दूसरा संस्करण 15 मई से 1 जून तक आयोजित किया जाएगा। सीबीएसई कक्षा 12वीं की बोर्ड परीक्षाएं 17 फरवरी से 9 अप्रैल, 2026 तक आयोजित की जाएंगी। सीबीएसई ने स्पष्ट किया है कि छात्रों के लिए पहले चरण की परीक्षा देना अनिवार्य होगा, लेकिन अगर छात्र अपने अंक सुधारना चाहते हैं तो दूसरे चरण की परीक्षा में भी शामिल हो सकते हैं।

## मेडिकल कॉलेजों में स्नातकोत्तर की पांच हजार व स्नातक की 5023 सीटें बढ़ाने को कैबिनेट की मंजूरी

**नई दिल्ली।** केन्द्र सरकार ने अस्पतालों के सुदृढ़ीकरण और उन्नयन के लिए स्नातकोत्तर की पांच हजार सीटें और स्नातक की 5023 सीटें बढ़ाने की मंजूरी दी है। केंद्रीय सूचना प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बुधवार को बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने मौजूदा राज्य सरकार/केंद्र सरकार के मेडिकल कॉलेजों/स्टैंडअलोन पीजी संस्थानों/सरकारी अस्पतालों के सुदृढ़ीकरण और उन्नयन के लिए केंद्र प्रायोजित योजना (सीएसएस) के तीसरे चरण को मंजूरी दे दी है ताकि 5,000 स्नातकोत्तर की सीटें और एमबीबीएस के लिए 5,023 सीटें बढ़ाई जा सकें।




# राहुल गांधी हाइड्रोजन-यूरेनियम बम फोड़ने वाले हैं: जयराम

पटना, वार्ता

- आजादी के बाद पहली बार पटना में कांग्रेस वर्किंग कमेटी की बैठक आयोजित की गई



**आजादी के बाद** पहली बार 24 सितम्बर को पटना में कांग्रेस वर्किंग कमेटी (सीडब्ल्यूसी) की बैठक हुई। इस मीटिंग में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे व राहुल गांधी समेत कांग्रेस के सीनियर लीडर मौजूद रहे। बैठक करीब साढ़े 4 घंटे तक चली। 51 लोगों ने बैठक को संबोधित किया। मीटिंग में 2 प्रस्ताव पारित किए गए।

एक राजनीतिक प्रस्ताव था। दूसरा बिहार की जनता से अपील। मीटिंग के बाद कांग्रेस नेताओं ने प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इस दौरान कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने कहा कि, तेलंगाना में सितम्बर 2023 में ऐसी ही सीडब्ल्यूसी की मीटिंग हुई थी और 2 महीने के अंदर कांग्रेस की सरकार बनी थी। अब पटना में काउंटडाउन शुरू हो चुका है। बिहार में महागठबंधन की सरकार बनने वाली है। राहुल गांधी के नेतृत्व में वोट चोरी के खिलाफ अभियान चला, वो अभियान जारी रहेगा। आगे एक महीने में राहुल गांधी मिनी हाइड्रोजन बम, हाइड्रोजन बम, यूरेनियम बम सहित अलग-अलग बम फोड़ने वाले हैं। बैठक में कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि बीजेपी नीतीश कुमार को मेंटली रिटायर्ड मान चुकी है। वो उन्हें बोझ मानती है। इसके साथ ही उन्होंने बेरोजगारी, किसान, बाढ़ को लेकर एनडीए पर निशाना साधा। वोटर वेरिफिकेशन को लेकर चुनाव आयोग को घेरा। तो अंतर्राष्ट्रीय मुद्दों पर प्रधानमंत्री को फेल बताते हुए कहा कि पीएम के दोस्तों की वजह से आज देश संकट में है।

### राहुल ने मुख्य चुनाव आयुक्त पर साधा निशाना

**नई दिल्ली।** राहुल गांधी ने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को 'वोट चोरी' के मुद्दे पर घेरते हुए बुधवार को उन पर फिर निशाना साधा और कहा कि यह अच्छी बात है कि उनकी सलाह पर वह मतदाता सूची को ज्यादा पारदर्शी बना रहे हैं, लेकिन यह भी बताएं कि वोट चोरी करने वालों को कब पकड़ेंगे। श्री गांधी ने सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि ज्ञानेश जी, हमने चोरी पकड़ी तब आपको ताला लगाना याद आया - अब चोरों को भी पकड़ेंगे, तो बताइए, सीआईडी को सबूत कब दे रहे हैं आप।

**संक्षिप्त समाचार**

### प्रियंका की उत्तराखंड में पेपर लीक पर तीखी प्रतिक्रिया



**नई दिल्ली।** कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने उत्तराखंड में पेपर लीक की घटना पर गहरा रोष व्यक्त करते हुए हैरानी जताई कि बच्चे 15-15 घंटे तैयारी परीक्षा दे रहे हैं और सरकार में बैठे लोग 15 लाख रुपए लेकर पर्चे लीक करवा रहे है। श्रीमती वाड्रा ने एक अभ्यर्थी की पीड़ा को उधदृत करते हुए सोशल मीडिया एक्स पर लिखा- हम लाइब्रेरी में 15-15 घंटे पढ़ रहे हैं, ये 15-15 लाख में पेपर बेच रहे हैं। उन्होंने कहा कि यहां सवाल सिर्फ एक उम्मीदवार की पीड़ा का नहीं, उत्तराखंड समेत देश के ज्यादातर युवाओं का यही दर्द है। आज बेरोजगारी देश की सबसे बड़ी समस्या है, क्योंकि उत्तराखंड, बिहार, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश समेत जहां भी भाजपा सरकार में है, वहां बड़े पैमाने पर पेपर लीक करवाए जा रहे हैं। श्रीमती वाड्रा ने कहा कि परीक्षाओं में व्याप्त भ्रष्टाचार युवाओं का जीवन बर्बाद कर रहा है और प्रधानमंत्री मूकदर्शक बने हुए हैं।

### रूस के उप प्रधान मंत्री ने किया ताजमहल का दीदार

**आगरा।** रूस के उप प्रधान मंत्री दिमित्री पत्रुशेव ने बुधवार को प्रेम की अद्वितीय धरोहर ताजमहल की बेमिसाल खूबसूरती का दीदार किया। पत्रोशेव ने कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच दोपहर करीब दो बजे ताजमहल परिसर में प्रवेश किया। वह ताज की खूबसूरती को करीब एक घंटे तक निहारते रहे। इस मौके पर जमकर फोटो सेशन कराया और ताजमहल के इतिहास के बारे में बारीकी से जानकारी हासिल की।

## योगी ने जीएसटी रिफॉर्म को लेकर व्यापारियों और ग्राहकों से किया संवाद

# 33 जीवन रक्षक दवाएं जीएसटी से मुक्त

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को कहा कि घटे हुए जीएसटी रेट्स से आम उपभोक्ता, व्यापारी और उद्यमी सभी वर्गों को बड़ा लाभ मिल रहा है। इस रिफॉर्म ने जहां उपभोक्ताओं को राहत दी है, वहीं बाजार की मजबूती और रोजगार सृजन का मार्ग भी प्रशस्त किया है।

योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को हजरतगंज स्थित यूनिवर्सल बुकसेलर के पास पत्रकारों से बातचीत में कहा कि उपभोक्ताओं के मामले में देश का सबसे बड़ा राज्य होने के कारण जीएसटी रिफॉर्म का सबसे अधिक लाभ यूपी के व्यापारियों और ग्राहकों को होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि विद्यार्थियों के लिए नोटबुक, पेंसिल और अन्य शैक्षणिक सामग्री पर जीएसटी शून्य कर दिया गया है। इसी तरह



■ बाजार की मजबूती और रोजगार सृजन का मार्ग भी प्रशस्त किया

ज्यादातर घरेलू उपयोग की आवश्यक सामग्रियों को जीरो या 5 प्रतिशत के दायरे में लाया गया है। जीवन रक्षक 33 प्रकार की दवाओं को भी पूरी तरह से जीएसटी से मुक्त कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि बाजार में खपत बढ़ने से उत्पादन में वृद्धि हुई है। इससे व्यापारी और उद्यमी दोनों को लाभ हुआ है और युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर खुले हैं। त्योहारों के सीजन में यह बड़ा कदम उपभोक्ताओं के लिए राहत लेकर आया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यूपी देश का सबसे बड़ा उपभोक्ता राज्य है और इस रिफॉर्म से यहां की अर्थव्यवस्था को विशेष मजबूती मिलेगी। सीएम ने बताया कि जीएसटी लागू होने के बाद देश का कलेक्शन 7 लाख करोड़ से बढ़कर 22 लाख करोड़ तक पहुंचा है, जबकि यूपी में यह 49 हजार करोड़ से बढ़कर 1.15 लाख करोड़ से ऊपर पहुंच चुका है। इससे पहले मुख्यमंत्री ने हजरतगंज मार्केट में व्यापारियों और उपभोक्ताओं से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने जीएसटी रिफॉर्म से संबंधित पंपलेट और बैनर वितरित किए। उन्होंने दुकानदारों और ग्राहकों से संवाद भी किया। व्यापारियों और उपभोक्ताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और वित्त मंत्री के प्रति आभार जताया।

### योगी ने अस्पताल जाकर ओम प्रकाश राजभर से की वार्ता

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को लखनऊ के मेदांता अस्पताल में जाकर वहां भर्ती कैबिनेट मंत्री ओम प्रकाश राजभर से मुलाकात की और उनका हालचाल पूछा। मुलाकात के दौरान योगी के साथ कैबिनेट मंत्री सुरेश खन्ना भी मौजूद रहे। राजभर के दोनों बेटों अरविंद राजभर और अरुण राजभर से पूरी जानकारी ली और अस्पताल प्रशासन को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। मेदांता अस्पताल में भर्ती प्रदेश के पंचायती राज मंत्री ओमप्रकाश राजभर की सेहत में तेजी से सुधार हो रहा है। उनके भर्ती होने की सूचना पाकर सरकार के कई मंत्री उनसे मिलने अस्पताल पहुंच चुके हैं।

### जीएसटी रिफार्म मोदी का युगांतकारी फैसलाः सुधांशु

**लखनऊ।** भारतीय जनता पार्टी के राज्य सभा सांसद सुधांशु त्रिवेदी ने बुधवार को कहा कि जीएसटी का रिफार्म देश के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का एक युगांतकारी फैसला है जिसका असर भविष्य में देश की अर्थव्यवस्था में बड़े बदलाव के तौर पर देखने को मिलेगा। भाजपा के प्रदेश कार्यालय में आयोजित एक प्रेस कांफ्रेंस में श्री त्रिवेदी ने जीएसटी रिफार्म के फैसले को ऐतिहासिक करार देते हुए कहा कि जीएसटी 2-0 से देश के हर वर्ग का आर्थिक सशक्तिकरण होगा। उन्होंने कहा कि जो लोग जीएसटी को राजनीतिक फैसला बता रहे हैं वो गलत है। उनको राजनीतिक चश्मे से बाहर आकर इसकी सरहाना करनी चाहिए।

## एकजुटता से ही हो सकती है पीडीए की हिफाजतः अखिलेश

**लखनऊ।** पंजाब में रहने वाले यादव जाति के लोगों द्वारा पिछड़ा वर्ग से निकाल कर अन्य पिछड़ा वर्ग में शामिल किए जाने की मांग पर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने प्रतिक्रिया दी है। अखिलेश यादव ने कहा है कि उप्र में जन्मी पीडीए की जनचेतना पिछड़ेपन से बाहर निकलने की आवाज बन चुकी है।

एकजुटता की शक्ति ही उनकी क्षतिपूर्ति और हिफाजत कर सकती है। बुधवार को अपने सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर पोस्ट करते हुए समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने लिखा कि उप्र से जन्मी पीडीए की जनचेतना अब पूरे देश के 'पीड़ित, दुखी, अपमानित' समाज के लिए अपने सम्मान, अधिकार, आरक्षण, पिछड़ेपन के दंश व दमित स्तर से उबरने के लिए संघर्ष की नई आवाज बन गई है। जो लोग जहां भी संख्या में कम हैं वो भी जान गए हैं कि एकजुटता की शक्ति ही उनकी संख्या की कमी की क्षतिपूर्ति करने में सक्षम होगी और



■ पीडीए की जनचेतना पिछड़ेपन से बाहर निकलने की आवाज बन चुकी

उनके हक की हिफाजत करने में भी। जिनके हिस्से ऐतिहासिक रूप से उपेक्षा और उत्पीड़न ही आया है, और ऐसे लोग हर समाज में हैं। इसीलिए 'जो पीड़ित वो पीडीए' के सैद्धांतिक सूत्र से एक-सूत्र हुए पीडीए समाज ने एक साथ मिलकर अब ये संकल्प उठाया है कि 'पीडीए का परचम पूरे देश में लहराएंगे, हम अपनी पीडीए सरकार बनाएंगे। वहीं एक दिन पूर्व गोंडा के स्थानीय विधायक और ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि के बीच जीएसटी रिफॉर्म्स को लेकर जनसम्पर्क के दौरान हुए बवाल को लेकर भी अखिलेश यादव ने निशाना साधा है।

## समुद्री क्षेत्र परिवहन के लिए 69,725 करोड़ मंजूर

नई दिल्ली, वार्ता

समुद्री क्षेत्र के सामरिक और आर्थिक महत्व को देखते हुए मंत्रिमंडल ने बुधवार को देश में जहाज निर्माण और समुद्री पारिस्थितिकी तंत्र को पुनर्जीवित करने के लिए 69,725 करोड़ रुपए के एक दीर्घावधिक व्यापक पैकेज को मंजूरी दी।

इस पैकेज के पूरी तरह क्रियान्वित होने पर जहाजरानी और समुद्री परिवहन क्षेत्र में 4.5 लाख करोड़ का नया निवेश आकर्षित होने तथा रोजगार के 30 लाख नए अवसर सृजित होने की संभावनाएं हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में हुई मंत्रिमंडल की बैठक के निर्णयों की जानकारी देते हुए सूचना प्रसारण, रेल और इलेक्ट्रानिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मांमलों के मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि यह पैकेज घरेलू क्षमता को मजबूत करने, दीर्घकालिक वित्तपोषण में सुधार करने, नए और पहले से चल रहे शिपयार्डों के विकास को बढ़ावा देने, तकनीकी क्षमताओं और कौशल को बढ़ाने और एक मज़बूत समुद्री बुनियादी ढांचा बनाने के लिए कानूनी, कराधान और नीतिगत सुधारों को लागू करने हेतु तय किए गए महत्वपूर्ण दृष्टिकोणों को परिलक्षित करता है।

इस निर्णय के बारे में जारी एक विज्ञप्ति में कहा गया है कि इस पैकेज के तहत, जहाज निर्माण वित्तीय सहायता योजना (एसबीएफएएस) को 31 मार्च 2036 तक बढ़ाया जाएगा, जिसकी कुल राशि 24,736 करोड़ रुपए होगी। इस योजना का उद्देश्य भारत में जहाज निर्माण को प्रोत्साहित करना है और इसमें 4,001 करोड़ रुपए के आवंटन के साथ शिपब्रेकिंग (पुराने पोतों को तोड़ने वाले उद्योग) के लिए ऋण सुविधा भी शामिल है।

### क्षमता निर्माण, मानव संसाधन विकास पर 2277.397 करोड़ खर्च करने की दी मंजूरी

**नई दिल्ली।** सरकार ने क्षमता निर्माण और मानव संसाधन विकास पर वैज्ञानिक एवं औद्योगिक अनुसंधान के लिए 2277.397 करोड़ रुपए के व्यय को मंजूरी दी। केंद्रीय सूचना प्रसारण मंत्री अश्वनी वैष्णव ने बुधवार को बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में कैबिनेट ने पंद्रहवें वित्त आयोग चक्र 2021-22 से 2025-26 की अवधि के लिए 2277.397 करोड़ रुपए के कुल परिव्यय के साथ क्षमता निर्माण और मानव संसाधन विकास पर वैज्ञानिक एवं औद्योगिक अनुसंधान विभाग/वैज्ञानिक एवं औद्योगिक अनुसंधान परिषद योजना को मंजूरी दे दी है। उन्होंने कहा कि यह योजना सीएसआईआर द्वारा कार्यान्वित की जा रही है और देश भर के सभी अनुसंधान एवं विकास संस्थानों, राष्ट्रीय प्रयोगशालाओं, राष्ट्रीय महत्व के संस्थानों, प्रतिष्ठित संस्थानों और विश्वविद्यालयों को कवर करेगी। यह पहल विश्वविद्यालयों, उद्योग, राष्ट्रीय अनुसंधान एवं विकास प्रयोगशालाओं और शैक्षणिक संस्थानों में करियर बनाने के इच्छुक युवा, शोधकर्ताओं के लिए एक व्यापक मंच प्रदान करेगी।

## मैं तो अपनी बीवी का नंबर भी भूल गया

### अखिलेश से फोन की बात के सवाल पर बोले आजम खान

शाह टाइम्स संवाददाता

**रामपुर।** समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता और पूर्व मंत्री आजम खान कल मंगलवार को सीतपुर जेल से 23 महीने बाद जमानत पर रिहा होकर अपने घर रामपुर पहुंचे। आज बुधवार को मीडिया से बात करते हुए आजम खान ने कई सवालों के जवाब दिए। जब उनसे पूछा गया कि समाजवादी पार्टी के मुखिया अखलेश यादव ने कभी फोन नहीं किया, तो इस सवाल पर आजम खान ने कहा कि आप यकीन करिए मुझे दुनिया में सिर्फ मेरी बीबी का नंबर याद था, मैं वो भी भूल गया। मेरे पास फोन ही नहीं था।

समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ



नेता और पूर्व कैबिनेट मंत्री आजम खान ने कहा कि हमारे पास एक चरित्र नाम की चीज है। लोग प्यार करें और इज्जत करें, मैं कोई बिकाऊ नहीं हूं। सपा नेता आजम खान ने अखिलेश यादव के सपा सरकार में मुकदमे वापस लेने वाले बयान पर भी प्रतिक्रिया दी। सपा नेता और पूर्व मंत्री आजम खान ने कहा कि इसकी जरूरत नहीं पड़ेगी। आजम खान ने कहा जहां तक मुकदमों का सवाल है उन मुकदमों में अगर कोई दम होता, तो मैं आज बाहर नहीं दिखता। छोटी अदालत से लेकर सुप्रीम कोर्ट तक मुझे इंसाफ मिलने की उम्मीद है, एक दिन मैं बेदाग हो जाऊंगा। इसके साथ ही जब उनसे पूछा गया कि अखिलेश यादव ने आपकी रिहाई का स्वागत किया है, तो आजम खान ने कहा कि वह मेरी पार्टी के बड़े नेता हैं, मेरे जैसे छोटे आदमी के लिए अगर कुछ बात कहेंगे, तो उनका बड़प्पन है। जब उनसे पूछा कि पार्टी के शीर्ष नेता आपसे मुलाकात करने नहीं आए हैं और स्थानीय सांसद भी मिलने नहीं आए हैं, तो इस पर क्या कहेंगे। इस सवाल पर सपा नेता ने आजम खान ने कहा कि यही कहेंगे कि सब खैरियत से रहें।



**सेंसेक्स** 81715.63
**निफ्टी** 25056.90



**सोना रु.** 113428
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

# अर्थ व्यापार



**चांदी रु.** 134712
प्रति किलो



## लगातार चौथे दिन भी टूटे शेयर बाजार

### सेंसेक्स की 30 में से 21 कंपनियों में गिरावट देखी गई

मुंबई, वार्ता

ऑटो, आईटी और रियलिटी शेयरों में तेज बिकवाली से बुधवार को घरेलू शेयर बाजारों में लगातार चौथे दिन गिरावट रही और प्रमुख सूचकांक लगभग दो सप्ताह के निचले स्तर पर बंद हुए।

बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 386.47 अंक लुढ़ककर 81,715.63 अंक पर बंद हुआ। बीच कारोबार में यह 81,607.84 अंक तक टूट गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी-50 सूचकांक 112.60 अंक टूटकर 25,056.90 अंक पर रहा। यह दोनों का 11 सितम्बर के बाद का निचला स्तर है। रियलिटी, ऑटो और आईटी के साथ निजी बैंकों, धातु, तेल एवं गैस और टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद सेक्टरों पर भी दबाव रहा। सिर्फ एफएमसीजी सेक्टर में तेजी रही, जिसमें पिछले कुछ समय से



बिकवाली हावी थी। सेंसेक्स की 30 में से 21 कंपनियों में गिरावट देखी गई। टाटा मोटर्स का शेयर सबसे अधिक 2.67 प्रतिशत गिरकर बंद हुआ। बीईएल में 2.24 फीसदा, अल्ट्राटेक सीमेंट में 1.52, टेक महिंद्रा में 1.30, महिंद्रा एंड महिंद्रा में 1.13 और एक्सिस बैंक में 1.02 प्रतिशत की गिरावट रही। आईसीआईसीआई बैंक, टीसीएस, कोटक महिंद्रा बैंक, इटरनल, एचडीएफसी बैंक, अडानी पोर्ट्स, टाइटन, बजाज फिनसर्व, भारतीय स्टेट बैंक और आईटीसी में भी गिरावट रही। पावर ग्रिड में सबसे अधिक 1.63 प्रतिशत की तेजी रही। हिंदुस्तान यूनीलिवर और एनटीपीसी दोनों के शेयर 1.31 फीसदी चढ़े। मारुति सुजुकी, एचसीएल टेक्नोलॉजीज और एलएंडटी के शेयर भी बढ़त में रहे। एनएसई में जिन 3,134 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, उनमें 2,056 में गिरावट और 993 में तेजी रही, जबकि 85 कंपनियों के शेयर दिन भर के उतार.चढ़ाव के बाद अंत में अपरिवर्तित रहे।

मझौली और छोटी कंपनियों पर बिकवाली की ज्यादा दबाव रहा। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 1.07 फीसदी और स्मॉलकैप-100 सूचकांक 0.67 फीसदी टूट गया। एशिया में जापान का निक्केई 0.30 प्रतिशत, चीन का शंघाई कंपोजिट 0.83 प्रतिशत और हांगकांग का हैंगसेंग 1.37 प्रतिशत की बढ़त में रहा। यूरोपीय बाजारों में शुरुआती कारोबार में गिरावट रही और जर्मनी का डैक्स 0.20 प्रतिशत तथा ब्रिटेन का एफटीएसई 0.12 प्रतिशत नीचे था।

### सोने और चांदी के भाव में उतार-चढ़ाव

**नई दिल्ली।** बुधवार को नवरात्र के तीसरे दिन देशभर में सोने-चांदी की कीमतों में भारी उतार-चढ़ाव देखने को मिला। सोने की कीमतों में लगातार तेजी आज थम गई है। रिकॉर्ड स्तर छूने के बाद 24 सितंबर को सोने की कीमत में गिरावट आई है। एमसीएक्स पर सोना 0.36 फीसदी टूटकर 1,13,428 रुपए प्रति 10 ग्राम पर कारोबार कर रहा है। चांदी में भी 0.26 फीसदी की गिरावट देखी गई। ये 1,34,712 रुपए प्रति किग्रा पर है। राष्ट्रीय राजधानी में सोने की कीमतें 2,700 रुपए बढ़कर 1,18,900 रुपए प्रति 10 ग्राम के नए शिखर पर पहुंच गई। वहीं अमेरिकी एच-1बी वीजा शुल्क वृद्धि के कारण रुपया नए निचले स्तर पर पहुंच गया। अखिल भारतीय सरार्फा संघ के अनुसार, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना पिछले बाजार सत्र में 1,16,200 रुपए प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। स्थानीय सर्राफा बाजार में, 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 2,650 रुपए बढ़कर 1,18,300 रुपए प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) के रिकॉर्ड उच्चस्तर पर पहुंच गया। सोमवार को यह 1,15,650 रुपए प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था।

## चावल नरम, खाद्य तेलों-दालों में रही घट-बढ़, गेहूं और चीनी स्थिर

**नई दिल्ली।** घरेलू थोक जिंस बाजारों में बुधवार को चावल के दाम घट गए। वहीं गेहूं में टिकाव रहा। खाद्य तेलों और दालों की कीमतों में उतार.चढ़ाव देखा गया। चीनी के दाम भी कमोबेश स्थिर रहे।

विदेशों में मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का दिसंबर वायदा 37 रिंगिट चढ़कर 4,380 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। अमेरिकी सोया तेल वायदा भी 0.36 प्रतिशत की गिरावट के साथ 49.70 डॉलर के भाव बोला गया। घरेलू थोक जिंस बाजारों में चावल की औसत कीमत 10 रुपए टूटकर 3,853 रुपए प्रति क्विंटल रह गई। गेहूं के भाव 2,849.71 रुपए प्रति क्विंटल पर स्थिर रहे। आटे की कीमत चार रुपए बढ़कर 3,303.44 रुपए प्रति क्विंटल पर पहुंच गई। खाद्य तेलों में उतार.चढ़ाव देखा गया। मूंगफली तेल 31 रुपए और सूरजमुखी तेल 13 रुपए प्रति क्विंटल सस्ता हुआ। सरसों तेल के भाव लगभग स्थिर रहे। अन्य खाद्य तेलों में गिरावट रही। वनस्पति 25 रुपए और पाम ऑयल 16 रुपए प्रति क्विंटल महंगा हुआ। सोया तेल की कीमत भी करीब 21 रुपए प्रति क्विंटल बढ़ गई। दाल-दलहनों में तुअर दाल की औसत कीमत सात



रुपए बढ़ गई। उड़द दाल में 49 रुपए और मूंग दाल में 17 रुपए प्रति क्विंटल की गिरावट दर्ज की गई। मसूर दाल और चना दाल के भाव कमोबेश अपरिवर्तित रहे। गुड़-चीनीः मीठे के बाजार में आज गुड़ की औसत कीमत 14 रुपए प्रति क्विंटल घट गई जबकि चीनी भाव लगभग अपरिवर्तित रहे। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के दिन के औसत थोक भाव इस प्रकार रहेः दाल.दलहनः दाल चना 7929.45 रुपए, मसूर काली 8156.29 रुपए, मूंग दाल 10102.50 रुपए, उड़द दाल 10414.39 रुपए, अरहर दाल 10616.71 रुपए प्रति क्विंटल। अनाजः (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2849.71 रुपए और चावल 3852.74 रुपए प्रति क्विंटल।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**दिल्ली में...**

लिखवाया था। दिल्ली स्थित शारदा इंस्टीट्यूट कर्नाटक के श्रृंगेरी स्थित दक्षिणाम्नाय श्री शारदा पीठ की शाखा है। पीठ ने पूरे मामले पर बयान जारी कर कहा कि स्वामी चैतन्यानंद का आचरण और गतिविधियां अवैध और पीठ के हितों के खिलाफ हैं, इसलिए पीठ का उससे कोई संबंध नहीं है। दिल्ली पुलिस के मुताबिक, मठ और उसकी संपत्तियों के एडमिनिस्ट्रेटर पीए मुरली ने चैतन्यानंद के खिलाफ 4 अगस्त को शिकायत की थी। पूछताछ के दौरान 32 छात्राओं के बयान दर्ज किए गए। इनमें से 17 ने चैतन्यानंद पर यौन शोषण के आरोप लगाए। छात्राओं ने दावा किया कि इंस्टीट्यूट में काम करने वाले वार्डन ने उन्हें आरोपी से मिलवाया था। पुलिस ने चैतन्यानंद के ठिकानों पर छापेमारी की पुलिस ने आरोपी के खिलाफ वसंत कुंज नार्थ पुलिस स्टेशन में बीएनएस की धारा 75(2)/79/351(2) के तहत मामला दर्ज किया गया और जांच शुरू की। सीसीटीवी फुटेज की जांच के बाद आरोपी के ठिकानों पर छापेमारी की गई। इस दौरान श्री शारदा इंस्टीट्यूट ऑफ इंडियन मैनेजमेंट के बेसमेंट में एक वॉल्वो कार खड़ी मिली। पता चला कि फर्जी राजनयिक नंबर प्लेट 39 यूएन 1 वाली कार स्वामी चैतन्यानंद इस्तेमाल कर रहा था। पुलिस ने कार जब्त कर ली।

**लद्दाख में...** तोड़ रहे हैं, प्रदर्शन रोक रहे हैं। इन मांगों को लेकर अगली बैठक दिल्ली में 6 अक्टूबर को होगी। साल 2019 में अनुच्छेद 370 और 35ए हटाते समय जम्मू-कश्मीर और लद्दाख दो केंद्र शासित प्रदेश बनाए गए थे। सरकार ने उस समय ही राज्य के हालात सामान्य होने पर पूर्ण राज्य का दर्जा बहाल करने का भरोसा दिया था। आंदोलनकारियों ने मंगलवार की रात को 24 सितम्बर को लद्दाख बंद बुलाने का आह्वान किया था। भीड़ जुटाने के लिए सोशल मीडिया का इस्तेमाल किया गया। लोगों से लेह हिल काउंसिल पहुंचने की अपील की। इसका असर दिखा और बड़ी तादाद में लोग पहुंचे। लेह हिल काउंसिल के सामने आंदोलनकारियों को रोकने के लिए बैरिकेड्स लगा रखे थे। जब आंदोलन कारी आगे बढ़े, तो पुलिस ने आंसू गैस छोड़ी, लेकिन भीड़ ने पुलिस की गाड़ी जलाई और तोड़फोड़ की। सोनम वांगचुक ने कहा कि मुझे सही तो नहीं पता कि कौन से हथियार प्रयोग किए गए, रबर गोली का तो सुना था। हालांकि, हमारे कई युवा मारे गए हैं। इससे लगता है कि असली गोली भी चलाई गई है। आगे की रणनीति पर कहा कि गुरुवार को जब गृह मंत्रालय के बड़े अधिकारी आएंगे, तो देखेंगे कि वो हमारी बात सुनते हैं कि पहले की तरह अनसुना करते हैं। हम पिछले 5 सालों से शांति और अनशन के माध्यम से अपनी बात रख रहे थे, अगर वो सुनी जाती, तो युवाओं को सड़कों पर नहीं आना पड़ता। जब शांतिपूर्ण रास्ता मजाक बन रहा था, तो ये रास्ता अपनाया। सोशल मीडिया पर आंदोलन को जेन-जी रिवोल्यूशन बताने की वायरल वीडियो पर सोनम ने कहा कि मैंने जेन-जी रिवोल्यूशन शब्द यूज नहीं किया। लेह में हुई हिंसा पर सोशल एक्टिविस्ट सोनम वांगचुक ने कहा कि आज जो हुआ वो बहुत दुखद है। कहा जा रहा है कि 3-4 युवक मारे गए हैं। लेह एपेक्स बॉडी के अध्यक्ष चेरिंग दोरजे ने कहा कि शहर में भारी गोलीबारी हुई। इसमें कई लोग घायल हुए और अब तक 4 लोगों की जान जा चुकी है। उन्होंने बताया, लेह एपेक्स बाडी (एलएबी) की युवा इकाई लद्दाख बंद का आयोजन किया था। अनशन पर बैठे 2 लोगों की तबीयत बिगड़ने पर उन्हें अस्पताल ले जाना पड़ा है। इसके बाद हालात तनावपूर्ण हो गए। कुछ युवाओं ने पत्थरबाजी शुरू कर दी, जिससे पुलिस को कार्रवाई करनी पड़ी। प्रदर्शन के बाद जिला मजिस्ट्रेट ने आदेश जारी किया कि लेह में पहले से लिखित अनुमति के बिना कोई जुलूस, रैली या मार्च नहीं निकाला जाएगा।जिले में पांच या अधिक व्यक्तियों के एकत्र होने पर प्रतिबंध लगा दिया गया है।

**रेलवे कर्मचारियों...**

प्रोत्साहन के रूप में कार्य करता है। उन्होंने बताया कि प्रत्येक कर्मचारी के लिए 78 दिनों के वेतन के बराबर बोनस की अधिकतम देय राशि 17,951 रुपये है। यह राशि विभिन्न श्रेणियों के रेलवे कर्मचारियों जैसे ट्रैक मेंटेनर, लोको पायलट, ट्रेन मैनेजर (गार्ड), स्टेशन मास्टर, सुपरवाइजर, तकनीशियन, तकनीशियन हेल्पर, पॉइंट्समैन, मंत्रालयिक कर्मचारी और अन्य ग्रुप 'सी' कर्मचारियों को दी जाएगी। श्री वैष्णव ने कहा कि 2024-25 में रेलवे का प्रदर्शन बहुत अच्छा रहा। रेलवे ने रिकॉर्ड 1614.90 टन माल लादा और लगभग 7.3 अरब यात्रियों को उनके गंतव्य तक पहुंचाया।

### सेबी के फैसले समूह की पारदर्शिता और संचालन के तौर-तरीकों को मान्यता

**नई दिल्ली।** अडानी समूह के अध्यक्ष गौतम अडानी ने बुधवार को राष्ट्र निर्माण के प्रति समूह की प्रतिबद्धता जताते हुए कहा कि हिंडनबर्ग आरोपों के मामलों में सेबी के फैसलों ने समूह की पारदर्शिता और संचालन के तौर-तरीकों पर मुहर लगा दी है। भारतीय पूंजी बाजार नियामक सेबी ने पिछले सप्ताह दो अलग-अलग फैसलों में अमेरिकी शॉर्ट सेलर हिंडनबर्ग के जनवरी 2023 में लगाए गए आरोपों को गलत बताते हुए अडानी समूह की कंपनियों को क्लीनचिट दे दी थी। अडानी ने शेयरधारकों को आज एक पत्र लिखा है, जिसमें उन्होंने कहा कि हिंडनबर्ग की रिपोर्ट सिर्फ अडानी समूह की आलोचना से परे, भारतीय उद्यमों के वैश्विक स्तर पर खुद को स्थापित करने के सपनों को चुनौती दी गई थी। समूह के लिए यह एक परीक्षा की शुरुआत थी, जिसने हमारे संचालन के तौर-तरीकों, हमारे उद्देश्य और इस सोच को चुनौती दी कि भारतीय कंपनियां वैश्विक स्तर पर सबसे आगे हो सकती हैं। उन्होंने कहा कि सेबी के अंतिम फैसलों से सत्य की जीत हुई है, जिसका उद्देश्य समूह को कमजोर बनाना था।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# धूमधाम से निकाली गई श्रीराम बारात

## शोभायात्रा में कुल छह बैंड व 28 झांकियों ने भक्तों का मन मोहा, शहर के गणमान्य लोग रहे मौजूद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** बुधवार को श्री राम की भव्य बारात सदर स्थित अयोध्यापुरी भैंसाली मैदान से बहुत ही हर्षोल्लाह व धूमधाम से निकली गई जिसमें संपूर्ण भारत के विभिन्न प्रदेशों से बैंड व झांकी शामिल हुई।

बारात के मुख्य संयोजक अभय श्रीवास्तव, श्याम कुमार वर्मा, रूपेश श्रीवास्तव, अतुल गर्ग, रवि श्रीवास्तव, अंकुर अग्रवाल, रोहित गुप्ता, महेश साहू, रजत वालिया, दिनेश तुरैहा रहे। कार्यक्रम अध्यक्ष योगेश मोहन गुप्ता रहे। श्री राम बारात का शुभारंभ कंकरखेड़ा व्यापार संघ अध्यक्ष व भाजपा नेता नीरज मित्तल ने किया। इस बीच यात्रा का मुख्य आकर्षण का केंद्र महाकाली का अखाड़ा व मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम श्वेत अश्व पर अपने तीनों भ्राताओं के साथ विराजमान रहे। शोभायात्रा में कुल 6 बैंड व 28 झांकिया ने भक्तों का मन मोह लिया। डीजे, ढोल व लाइट के साथ बरात निकली। संस्था के सभी पदाधिकारी, सदस्य व सहयोगी भी भगवान राम की भव्य बारात में शामिल हुए। भगवान श्री राम की भव्य बारात अयोध्या पुरी भेंसाली मैदान से प्रारंभ होकर स्वराज पथ दालमंडी, बैंकर्स स्ट्रीट, पुलिस स्ट्रीट सर्राफा बाजार, सदर बाजार, शिव चौक, मुंबई बाजार, तेली मोहल्ला, कबाड़ी बाजार, गंज बाजार होते हुए



अयोध्यापुरी भैंसाली मैदान पर संपन्न हुई। श्री रामलीला कमेटी के महामंत्री गणेश अग्रवाल ने बताया कल रात्रि आठ बजे से भव्य लीला का मंचन अयोध्यापुरी भैंसाली मैदान में होगा जिसमें छावनी क्षेत्र की धार्मिक जनता से अपील है सपरिवार इस धार्मिक व पवित्र आयोजन में पधार कर भगवान श्री राम की लीला का आनंद प्राप्त करें। भगवान श्री राम की भव्य बारात प्रारंभ होने से पूर्व पुरोहित नंदकिशोर शर्मा व हरीश चंद्र जोशी ने विधि विधान से पूजन किया। इस कार्यक्रम में श्री रामलीला कमेटी मेरठ छावनी के मुख्य संयोजक अनिल जैन, विवेक रस्तोगी, अध्यक्ष पवन गर्ग, महामंत्री गणेश अग्रवाल, कोषाध्यक्ष विजय गोयल, संयोजक नितिन कंसल, बालाजी, आशीष बंसल, देवेंद्र गोयल, मीडिया प्रभारी अंकित गुप्ता मनु, पारस गोयल, संगीता श्रीवास्तव, संयोजक सुशील बाबा, दिनेश एरन, नानक चंद अग्रवाल, दिनेश सिंघल सहित हजारों की संख्या में भक्तगण मौजूद रहे।

# दशमेश पब्लिक स्कूल रामराज में निःशुल्क दंत चिकित्सा शिविर आयोजित

■ 250 से अधिक छात्र-छात्राओं की हुई जांच

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहसूमा।** राष्ट्रीय राजमार्ग-119 पर स्थित दशमेश पब्लिक स्कूल राम. राज में सोमवार को निःशुल्क दंत चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का संचालन सुप्रसिद्ध दंत चिकित्सक डॉ. रिद्धि सिंघला ने किया। शिविर में विद्यालय की कक्षा एक से लेकर कक्षा तीन तक के छात्रों का पंजीकरण कर उनका स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। कुल मिलाकर 250 बच्चों की दंत जांच की गई। जिसमें 190 बच्चों के दांत स्वस्थ पाये गये। जबकि करीब 60 बच्चों में दंत रोग पाये गये, जिनके



छात्र-छात्राओं की जांच करते हुए डॉक्टर।

उपचार हेतु परामर्श दिया गया। डॉ. रिद्धि सिंघला ने बच्चों को दांतों की स्वच्छता और खानपान संबंधी महत्वपूर्ण जानकारियां भी दीं। उन्होंने बताया कि नियमित ब्रश करना, मीठे खाद्य पदार्थों का संतुलित सेवन करना और समय-समय पर जांच कराना दांतों को स्वस्थ रखने में अत्यंत आवश्यक है। इस अवसर पर विद्यालय के मैनेजिंग डायरेक्टर जसवंत सिंह सहोता, सिम्मी सहोता, प्रधानाचार्य आमिर खान, शिक्षक-शिक्षिकाएं और अभिभावक भी मौजूद रहे।

# आजम खान की रिहाई को सपा नेताओं ने बताया सच्चाई की जीत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किठौर।** सपा यूथ के राष्ट्रीय सचिव मुमताज आलम ने वरिष्ठ नेता आजम खान की रिहाई को लेकर खुशी जताई है। उन्होंने बताया कि सरकार ने आजम खान साहब को झूठे मुकदमों फंसाया था। 23 महीने बाद सीतापुर जेल से आजम खान की रिहाई हुई है, यह लोकतंत्र और न्याय की जीत है। उन्होंने सुप्रीम कोर्ट और हाईकोर्ट के फैसले का स्वागत करते हुए कहा कि आजम खान को सरकार ने राजनीतिक कारणों से सैकड़ों झूठे मामलों में फंसाया गया था, लेकिन अंत में सच सामने आया और न्याय मिला। वहीं आजम खान सपा छोड़ने की बातों को अफवाह बताते हुए कहा कि उनकी बसपा या अन्य दूसरे दल




में शामिल होने की खबरे पूरी तरह झूठी है। केवल अफवाह फैलाने के लिए फैलाई जा रही है। आजम खान साहब नेता जी के साथी व सपा के संस्थापक सदस्य हैं। उन्होंने भरोसा जताया कि समाजवादी पार्टी अपने वरिष्ठ नेता के साथ मजबूती से खड़ी है।भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि सपा की एकजुटता ही विरोधियों को 2027 में जवाब देगी।

### सम्राट मिहिर भोज होर्डिंग प्रकरण

# एडीजी व एसएसपी से मिला गुर्जर सभा का प्रतिनिधि मंडल

■ लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने घटना को बताया समाजवादी पार्टी की साजिश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फलावदा/मेरठ।** सम्राट मिहिर भोज प्रकरण में गुर्जर सभा का एक प्रतिनिधि मंडल ने भाजपा के लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर के नेतृत्व में एडीजी और एसएसपी से मिलकर गंभीरता से जांच करते हुए निष्पक्ष कार्रवाई की बात कही।



भाजपा विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने कहा हमारे समाज के लोग किसी भी सामाजिक मुद्दे और कार्य को लेकर हमेशा शांतिपूर्वक तरीके से पंचायत और धरना प्रदर्शन करता है वह कभी भी पुलिस प्रशासन के लोगों पर पथराव और देश की संपत्ति को नुकसान नहीं पहुंचाता है। दादरी गांव में पंचायत शांतिपूर्वक चल रही थी जिसमे मौजूद लोग अपने सामाजिक मुद्दों को लेकर प्रशासन के माध्यम से सरकार को ज्ञापन देना चाहते थे तभी अचानक कुछ असामाजिक तत्वों ने पंचायत स्थल के आसपास हंगामा करना शुरू कर दिया था। पंचायत में शामिल जिम्मेदार लोगों ने उन्हें समझाने और रोकने की भी कोशिश की लेकिन घटना में शामिल असामा. जिक तत्वों और सपा के कट्टरपंथी लोगों ने पथराव शुरू कर माहौल को खराब करने का काम किया था। यह हमारे लोगों को भड़काकर आपसी भाईचारा और क्षेत्र का माहौल खराब करने की सोची समझी साजिश थी।

गुर्जर, राजपूत व जाट सभी क्षत्रिय कौम के देशभक्त लोग हैं। देश हित में सभी का अपना त्याग और बलिदान का गौरवशाली इतिहास है। सभी की उत्पत्ति एक समान कुल से ही है। हमारे समाज का आपस में किसी से कोई विरोध नहीं है। यह सनातनी रक्षों को आपस में लड़ाकर बांटने की समा. जवादी पार्टी की साजिश चल रही है।

पुलिस निष्पक्ष कार्रवाई करें और निर्दोष व्यक्तियों और युवाओं पर किसी तरह की कार्रवाई नहीं होनी चाहिए। जेल गए सभी निर्दोष लोगों को शीघ्र रिहा किया जाए। प्रदेश में सभी जातिसूचक होर्डिंग अब न्यायालय के आदेश पर हटाए जा रहे हैं। प्रदेश में समाजवादी पार्टी राजनीतिक लाभ लेने के लिए जानबूझकर इन सब बातों का मुद्दा बना रहे हैं तथा असामाजिक तत्वों के साथ मिलकर जगह-जगह आपसी भाईचारा खराब कर रही है। इस दौरान प्रतिनिधि मंडल में उनके साथ, अहलकार नागर, पिंकल गुर्जर, प्रवीण प्रधान, संजीव प्रधान, विनोद चेयरमैन, नरेश गुर्जर आदि जिम्मेदार लोग साथ में रहे।

# हस्तिनापुर में ऐलान कर स्कूली छात्रों ने अपने सहपाठी को पीटा

## पीड़ित छात्र के भाई ने दी नामजद तहरीर, वीडियो वायरल के बाद स्कूल में दोनों पक्षों की पंचायत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मवाना/हस्तिनापुर।** हस्तिनापुर-गणेशपुर मार्ग पर स्कूल की छुट्टी के बाद कुछ छात्रों ने अपने एक सहपाठी के साथ जमकर मारपीट की। पीड़ित छात्र के भाई ने छह छात्रों को नामजद करते हुए थाने में तहरीर दी। उधर, घटना का वीडियो वायरल होने के बाद जागे स्कूल प्रबंधन ने दोनों पक्षों की पंचायत स्कूल में बुला डाली। उस पंचायत में पीड़ित पक्ष ने प्रबंधन पर गंभीर आरोप लगा। पंचायत में क्या फैंसला हुआ, कोई भी पक्ष बोलने को तैयार नहीं है। हालांकि अभी तक घटना की रिपोर्ट भी दर्ज नहीं की गई है।

**ऐलान कर दिया घटना को अंजाम:** मारपीट की यह घटना



मारपीट करते छात्र व घटना के विरोध में स्कूल प्रबंधन से वार्ता करते पीड़ित छात्र के परिजन।

हस्तिनापुर-गणेशपुर के बीच में स्थित न्यू ब्लूम्स स्कूल के सामने की बताई जा रही है। सोमवार को स्कूल में छात्रों के बीच किसी बात को लेकर विवाद हो गया था। कुछ छात्रों ने अजय नाम के छात्र को स्कूल के बाहर जान से मारने की धमकी देते हुए भुगतने का ऐलान किया था। स्कूल की छुट्टी के बाद जब अजय बाहर आया तो सड़क के दूसरी ओर आरोपी छात्र उस पर बुरी तरह टूट पड़े और अजय ने भागकर किसी तरह अपनी जान बचाई। आरोप है कि आरोपियों ने पीड़ित को जातिसूचक शब्द कहते हुए गालियां दीं। मारपीट की इस घटना की किसी ने वीडियो बना ली और सोशल मीडिया पर वायरल कर दी। उसके बाद मंगलवार शाम को पीड़ित के भाई सौरभ ने छह छात्रों को नामजद करते हुए थाना हस्तिनापुर में तहरीर दी।

**वीडियो वायरल के बाद जागा स्कूल प्रबंधन:** वीडियो वारयल होने के बाद स्कूल प्रबंधन की आंख खुली और बुधवार को आरोपी और पीड़ित पक्ष के लोगों को स्कूल में बुलाकर पंचायत बैठा दी। पंचायत में पीड़ित पक्ष ने स्कूल प्रबंधन पर गंभीर आरोप लगाए। हालांकि पंचायत की नतीजा क्या निकला, इसकी जानकारी नहीं लग पाई है। क्योंकि दोनों पक्षों व स्कूल प्रबंधन ने इस बारे में कुछ भी कहने से इंकार कर दिया। उधर, थाने में अभी तक घटना की रिपोर्ट दर्ज नहीं हो पाई है।

# बहुजन शिक्षक संघ ने दिया एक दिवसीय धरना

■ शिक्षकों के हित के लिए सौंपा ज्ञापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** बुधवार को बहुजन शिक्षक संघ उत्तर प्रदेश ने जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय पर विभिन्न मांगों को लेकर एक दिवसीय सांकेतिक धरना दिया। धरने में जिले भर के शिक्षक एकत्र होकर अपनी मांग रखते हुए एक दिवसीय धरना देकर ज्ञापन सौंपा।




मेरठ बुधवार को जिला निरीक्षक कार्यालय पर बहुजन शिक्षक संघ उत्तर प्रदेश ने अपनी निम्न मांगों को लेकर एक दिवसीय प्रदर्शन कर शिक्षकों के हित की मांग की शिक्षकों से संबंधित लंबे समय से लंबित कार्यों को ना होना। शिक्षकों के कार्यों के प्रति शिथिलता शासन प्रशासन का ध्यान केंद्रित कर उनका निराकरण करने को लेकर धरना दिया गया। शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष, प्रधानाचार्य धर्मेंद्र कुमार ने कहा कि यदि शिक्षकों की मांगों का जैसे पुरानी पेंशन बहाली, अनुकंपा में नियुक्ति में तीव्रता आदि का जल्द निराकरण समय पर नहीं किया जाता तो शिक्षक संघ बड़ा धरना प्रदर्शन करने को बाध्यकारी होगा। संचालन, अध्यक्षता चरण सिंह ने किया। जिला विद्यालय निरीक्षक मेरठ के माध्यम से उत्तर प्रदेश शासन लखनऊ को शिक्षक संघ की परेशानियों से अवगत कराते हुए एक मांग पत्र सौंपा मौजूद रहे शिवानंद, प्रदीप, सुरेन्द्र खेड़ा, इंद्रजीत, राजीव, देविंद्र कुमार, संजीव वर्मा आदि मौजूद रहे।

# श्री रामलीला दशहरा कमेटी कसेरूखेड़ा ने किया भूमि पूजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गंगानगर।** श्री रामलीला दशहरा कमेटी कसेरू खेड़ा मेरठ के द्वारा दशहरा पर्व मनाने के लिए बुधवार को पंडित राजू शर्मा के द्वारा मंत्रोच्चारण के साथ विधि विधान के साथ भूमि पूजन किया गया। भूमि पूजन के यजमान विनोद सोनकर, यशपाल सिंह, नंदकिशोर, रंजन शर्मा, विकास उपाध्याय , शक्ति राज, अंकित चौधरी, रीना शर्मा रहे। पंडित राजू शर्मा ने मंत्रोच्चारण के साथ दशहरा मेले में अभिनय करने वाले भगवान के स्वरूपों बब्बल और एस कुमार आदि को कलवा बांध कर तिलक किया। भूमि पूजन के उपरांत कमेटी के सदस्यों के द्वारा सामूहिक आरती की गई। भूमि पूजन के अवसर पर दशहरा कमेटी अध्यक्ष के द्वारा अतिथियों के गले में भगवान श्री रामचंद्र जी का पटका पहनाकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर कमेटी अध्यक्ष विनोद सोनकर ने बताया कि आगामी 2 अक्टूबर को दशहरा मेले को बहुत ही धूमधाम से मनाया जाएगा। अध्यक्ष ने बताया कि प्रत्येक वर्ष आसपास के लगभग 20 गांवो सहित गंगानगर, डिफेंस कॉलोनी,



रक्षापुरम, मीनाक्षीपुरम, नगला बट्टू, साकेत, पांडव नगर, जेल चुंगी, अब्दुल्लापुर, किले तक से लोग मेला देखने के लिए आते हैं।

मेला अध्यक्ष विनोद सोनकर ने बताया कि इस वर्ष मेले के मुख्य अतिथिगणों में सांसद डॉ. राज. कुमार सांगवान, विधायक अमित अग्रवाल, एमएलसी अश्वनी त्यागी, पूर्व विधायक योगेश वर्मा, पूर्व मंत्री प्रशांत गौतम, विनय प्रधान, कर्नल अमरदीप त्यागी, रंजन शर्मा शहर अध्यक्ष कांग्रेस, सुनीता वर्मा पूर्व मेयर, सोनू कैलाशी नोएडा, अवनीश काजला, सुरेंद्र शर्मा, सुभाष चौहान, महेश सैनी, विकास उपाध्याय आदि रहेंगे। भूमि पूजन के अवसर पर कमेटी के अध्यक्ष विनोद सोनकर, मीडिया प्रभारी शिवकुमार शर्मा, पारस गुप्ता, राजन सोनकर, नंदकिशोर, कुणाल दीक्षित, जयप्रकाश, जियालाल ,मनोज यादव, मनीष गुप्ता, कुणाल दीक्षित, कन्हैयालाल, राकेश सक्सेना, लोकेश गुर्जर ,विकास उपाध्याय, रॉबिन सिंह प्रधान, शक्ति राज, मनोज चौधरी, आशीष वशिष्ठ, पूर्व पार्षद नरेंद्र यादव, पूर्व पार्षद सुशील सैनी, अनुराग समी आदि कमेटी के सदस्य मौजूद रहे।

### पैसों के लेन-देन को लेकर 65 वर्षीय बुजुर्ग की पीट-पीट कर हत्या

**मेरठ।** लिसाड़ीगेट थाना क्षेत्र के श्यामनगर रोड़ पर बाबर वाली गली में 65 वर्षीय बुजुर्ग की भीड़ द्वारा पिटाई के बाद हत्या का आरोप लगाते हुए परिजनों ने हंगामा खड़ा कर दिया। परिजनों का कहना है कि भीड़ ने बुजुर्ग को पीट पीटकर मौत के घाट उतारा है। जानकारी के अनुसार मामला पैसे के लेन देन का बताया जा रहा है। जिसका दो पक्षों में काफी समय से विवाद चल रहा था। बुजुर्ग की हत्या के बाद परिजनों में भारी आक्रोश दिखाई दिया। गुस्साई भीड़ ने आरोपी के घर पर चढ़ाई करते हुए हंगामा कर दिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम को भेज जांच शुरू की। थाना प्रभारी लिसाड़ी गेट अशोक कुमार ने बताया कि आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए दो टीमें गठित की गई हैं, जल्द ही आरा. पी पुलिस हिरासत में होंगे।

# पूना पैक्ट धिक्कार दिवस पर दलितों के अधिकारों की उठी आवाज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** आरक्षण बचाओ संघर्ष समिति (एबीबीएस) एवं डीएस-4 के आह्वान पर मंगलवार को अम्बेडकर पार्क, कचहरी में पूना पैक्ट धिक्कार दिवस मनाया गया। वक्ताओं ने कहा कि 24 सितम्बर 1932 को डा. भीमराव अम्बेडकर और महात्मा गांधी के बीच हुआ पूना पैक्ट दलितों और आदिवासियों के अधिकारों पर चोट था। इस समझौते के कारण आज भी वंचित वर्ग सामाजिक, राजनीतिक और आर्थिक रूप से पिछड़ा है।

सभा में समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष इं. आर.पी. सिंह 'अम्बेडकर' के नेतृत्व में 15 सूत्री मांगों का ज्ञापन जिलाधिकारी के माध्यम से राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री को भेजा गया। मुख्य मांगों में पूना पैक्ट को रद्द करने, एससी/एसटी को पुनः कम्यूनल अवार्ड दिए जाने, समान शिक्षा कानून लागू करने, निजीकरण समाप्त करने,




आरक्षण कोटा पूरा करने, बेरोजगारों को रोजगार देने और सेना व न्यायपालिका में वंचित वर्गों को आबादी के अनुपात में प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करने की बातें शामिल रहीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता के.पी. सिंह ने की तथा संचालन देवेन्द्र सिंह 'अशोक' ने किया। इस मौके पर आर.सी. गेहरा, ऊषा सिंह 'अम्बेडकर', विवेक सिंह, अमित सरधना, टीकाराम, राजाराम, जयबीर, महेन्द्र सिंह, बाबूराम, नरेन्द्र कुमार, सुभाष जैजान एडवोकेट समेत कई पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने भाग लिया।

# मिशन शक्ति अभियान: महिला पुलिस कर्मियों की टीम ने विद्यालयों में चौपाल लगाकर छात्राओं को किया जागरूक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फलावदा।** मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत महिला पुलिस कर्मियों की टीम द्वारा बुधवार को नगर के विद्यालयों में चौपाल लगाकर छात्राओं को जागरूक किया।

मिशन शक्ति केंद्र थाना फलावदा की प्रभारी उप निरीक्षक आशा शर्मा व सहायक प्रभारी उप निरीक्षक साक्षी शर्मा ने नगर के काले सिंह मंदिर के पास स्थित न्यू होप चिल्ड्रन एकेडमी पब्लिक स्कूल में आयोजित चौपाल कार्यक्रम के तहत छात्राओं व महिला टीचर को आत्मरक्षा और साइबर अपराध व छेड़छाड़ की घटनाओं से बचाव के प्रति जागरूक किया गया। साथ ही महिला सुरक्षा हेल्पलाइन नं. 1090, 1076, 112, 1930 एवं सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की



जानकारी दी गई। स्कूल कॉलेज में पढ़ाई के दौरान छुट्टी के बाद मुख्य मार्ग पर छात्राओं के साथ यदि कोई युवक या व्यक्ति किसी भी प्रकार की हरकत करेगा तो तुरंत फोन करके पुलिस को जानकारी दें तुरंत कार्रवाई होगी। कोई भी छात्रा किसी भी प्रकार का मामला ना छुपाए विद्यालय के प्रांगण में शिकायत पेटी लगाए जिसमें सभी छात्राएं अपना शिकायत पत्र रख सकेंगी। कॉलेज में पढ़ने वाली छात्राएं एवं घर पर रहने वाली लड़कियों की समस्याओं को सुनकर अब तुरंत तेज कार्रवाई होगी।

नगर के अलावा गांवों में महिला पुलिस अधिकारियों द्वारा चौपाल लगाकर महिला व लड़कियों के साथ बढ़ती आपराधिक घटनाओं को रोकने के लिए अभियान के अंतर्गत महिला, युवा लड़की व छात्राओं को जागरूक किया गया। विद्यालय की अध्यक्ष ममता सैनी ने संचालन किया। मुख्य रूप से उप निरीक्षक उपासना सिंह, महिला कांस्टेबल मीनू, काजल, अध्यापिका अंजलि अग्रवाल, सुजाता, प्रबंधक डॉक्टर प्रमोद कुमार सैनी, प्रधानाचार्य विकास कुमार के अलावा सभी अध्यापिका शामिल रही।

### डीएम की अध्यक्षता में संपन्न हुई किसान दिवस बैठक

**मेरठ।** बुधवार को विकास भवन सभागार में जिलाधिकारी डॉ. वी.के. सिंह की अध्यक्षता में किसान दिवस बैठक आहूत की गई। किसान दिवस में किसानों को विगत माह में आई कुल 121 शिकायतों की परिपालन आख्या पढ़कर सुनाई गई। कुछ शिकायतों का गुणवत्तापरक समाधान न होने पर तथा पूर्ण संतुष्टि ना प्रदान करने पर जिलाधिकारी द्वारा उन्हें पुनः विभागों को प्रेषित करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक दशा में किसान की बात को मौके पर सुनकर उसका समाधान किया जाए और गुणवत्तापरक आख्या भेजी जाए। किसानों द्वारा मुख्यतः बिजली विभाग, लोक निर्माण विभाग और गन्ना विभाग से संबंधित शिकायतें की गई। किसान दिवस में कुल 94 शिकायत प्राप्त हुई जिनको जिलाधिकारी के माध्यम से सभी संबंधित विभागों को भेजा जा रहा है।

# चार वारंटियों को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किठौर।** पुलिस ने विभिन्न गांवों में छापामारी कर चार वारंटियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। यह कार्रवाई न्यायालय से जारी वारंट के तहत की गई। पुलिस ने चारो आरोपियों को गिरफ्तारी कर बड़ी कार्रवाई की। गौरतलब है कि पुलिस ने ग्राम बहरोड़ा से दो आरोपियों जो कि पिता पुत्र है रियाज और महराज को गिरफ्तार किया। इसके अलावा कायस्थ बढ़ड़ा से हारून तथा गोविंदपुर से सोनू को पकड़ा गया। जानकारी के अनुसार, हारून के खिलाफ गौवध अधिनियम के तहत वारंट जारी किया गया था, जबकि सोनू के खिलाफ आर्म्स एक्ट के अंतर्गत मुकदमा दर्ज था। थाना प्रभारी बृजेश कुमार पांडे ने बताया कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के आदेश पर चलाये जा रहे वारंटियों की गिरफ्तारी अभियान के तहत लगातार पुलिस लगी हुई है। इसी की लेकर पुलिस ने बुधवार को चार वारंटियों को दबोचा है। पुलिस ने इन सभी आरोपियों को उनके घरों से दबिश देकर गिरफ्तार किया और अग्रिम कार्यवाई करने के बाद उन्हें न्यायालय में पेश किया गया। इस कार्रवाई से क्षेत्र में कानून व्यवस्था को लेकर लोगों में विश्वास और अपराधियों में डर का माहौल देखने को मिला है।

# महिला ने बच्चों के साथ दी आत्मदाह की चेतावनी

## लावड़ चौकी गुमशुदा पति की तलाश में पहुंची पीड़िता, कस्बे के दो लोगों पर लगाया आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लावड़।** बुधवार को एक महिला लावड़ चौकी पहुंची और चौकी प्रभारी जितेंद्र कुमार को तहरीर देते हुए चेतावनी दी कि अगर जल्द ही उसके पति की बरामदगी नहीं की गई तो वो अपने बच्चों सहित आत्मदाह करेगी। प्राप्त जानकारी के अनुसार कस्बे की मोहल्ला नई बस्ती निवासी महिला नगमा ने बुधवार देर शाम लावड़ चौकी पहुंचकर पुलिस को शिकायती पत्र सौंपते हुए बच्चों संग आत्महत्या करने की चेतावनी दी। नगमा का आरोप है कि तीन महीने बाद भी उसके पति का सुराग नहीं लग सका है और पुलिस भी कोई कार्रवाई नहीं कर रही है।

नगमा ने तहरीर में बताया कि लगभग तीन महीने पहले कस्बे के दो युवकों ने उसके पति उमेर को फोन कर अपने पास बुलाया था। उसके बाद से ही पति घर वापस नहीं लौटा।



आस पास गांव, रिश्तेदारी सभी जगह तलाशने के बाद भी पति का कोई सुराग नहीं लगा। उन्होंने दोनों युवकों पर उमेर को अगवा करने और अनहोनी की आशंका व्यक्त की, लेकिन पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। महिला ने कहा कि इस मामले में वो परिजनों के साथ एसएसपी से भी मिल चुकी हैं लेकिन अभी तक पुलिस ने मुकदमा दर्ज नहीं किया है। महिला देर शाम अपने पांच वर्षीय बेटे और चार वर्षीय बेटी को लेकर चौकी पहुंची। चेतावनी दी कि यदि कोई कार्रवाई नहीं की गई तो वह बच्चों संग आत्महत्या कर लेगी। वहीं मीडियाकर्मियों से बात करते हुए महिला ने बताया कि कस्बे के ही दो युवकों ने उसके पति को अगवा किया है और बार-बार तहरीर देने के बाद भी उसकी कोई सुनवाई नहीं हो रही है उसने बताया कि जिन्होंने उसके पति को अगवा किया है अगर पुलिस मुकदमा दर्ज कर सख्ती दिखाती तो शायद अब तक उसके पति को बरामद कर लिया जाता। महिला का आरोप है कि उसके पति का कस्बे के ही एक युवक से कार को लेकर विवाद हुआ था जिस कारण इसे अनहोनी का डर सता रहा है। उसने कहा कि वो अपने छोटे बच्चों को लेकर कहा जाए क्या करे। इसलिए उसके पास सिर्फ एक ही रास्ता बचा है कि वो बच्चों सहित अपनी जीवन लीला ही समाप्त कर ले।

# किसान दिवस में जा रहे भाकियू कार्यकर्ताओं को पुलिस ने रोका, हंगामा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** भारतीय किसान यूनियन के कार्यकर्ता किसान दिवस में शामिल होने जा रहे थे किसानों की दो गाड़ियों को लालकुर्ती पुलिस ने कुटिया चौराहे से पहले रोक लिया जिलाध्यक्ष अनुराग चौधरी मौके पर पहुंचे उन्हें भी चौकी इंचार्ज द्वारा रोक लिया गया। जिस पर जिलाध्यक्ष ने विरोध जताया। नाराज जिलाध्यक्ष वहीं धरने पर बैठ गए। अपर जिलाधिकारी प्रशासन सत्यप्रकाश, क्षेत्रधिकारी दौराला प्रकाश अग्रवाल, लालकुर्ती थाना अध्यक्ष, एसीएम ब्रह्मपुरी, एसीएम पल्लवपुरम आदि अधिकारी पहुंचे और अनुराग चौधरी समेत सभी कार्यकर्ताओं को समझाते हुए घटना को मिसअंडरस्टिंग बताकर खेद जताते हुए सभी किसानों से



किसान दिवस में चलने का आग्रह किया। जिस पर किसान नेता तीन बजे विकास भवन पहुंचे। अनुराग चौधरी ने डीएपी की उपलब्धता को लेकर हंगामा किया। जिलाधिकारी वीके सिंह ने निबंधक कॉपरेटिव को हड़काते हुए मुख्य विकास अधिकारी अन्य अधिकारियों की कमेटी गठित करते हुए आगामी कार्ययोजना तैयार कर डीएपी उपलब्धता सुनिश्चित कराने का आश्वाशन दिया। इस दौरान अनूप यादव, हर्ष चहल, विनेश, मोनू टिकरी, देशपाल, विनोद, बिट्टू, सुनील, विनोद, वीर सिंह, जवाहर, कपिल, नीरज, बबलू, प्रशांत त्यागी , सुखपाल, सचिन आदि मौजूद रहे।

# कपसाड़ की घटना को लेकर गुर्जर समाज के सैकड़ों युवाओं ने राष्ट्रपति के नाम सौंपा ज्ञापन

## गांव दादरी की महापंचायत में गिरफ्तार युवाओं को रिहा करने की मांग



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** सरधना विधानसभा के गांव कपसाड़ में सम्राट मिहिर भोज के होर्डिंग पर सरकार की अनुमति के बिना राजपूत मिहिर भोज लिखने को लेकर गुर्जर समाज के लोगों में नारा. जगी देखने को मिली थी जिसके बाद उन्होंने गांव दादरी में महापंचायत की। महापंचायत में पुलिस के साथ हुई नोकझोंक के बाद जिला प्रशासन ने गुर्जर समाज के दर्जनों युवाओं को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। इसके बाद गुर्जर समाज मैं रोष फैल गया है।

सरधना विधायक अतुल प्रधान ने इस कार्रवाई को गलत बताया है और सरकार से गुर्जर समाज के युवाओं को तुरंत रिहा करने की बात कही है। वहीं बुधवार को गुर्जर समाज के युवाओं ने भारी तादाद में कमिश्न. री चौक पहुंचकर विरोध प्रदर्शन किया और राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन प्रशासन को सौंपा।

### इस पर कराया ध्यान केंद्रित

गुर्जर समाज के लोगों ने राष्ट्रपति का ध्यान मेरठ के गांव कपसाड़ की ओर केंद्रित करने का प्रयास किया। उन्होंने कहा कि गांव कपसाड़ में बिना सरकार की अनुमति के एक बोर्ड लगाया गया था, जिस पर राजप. ूत मिहिर भोज के नाम से वर्णन किया गया था। इस बोर्ड को लेकर समाज में असंतोष उत्पन्न हुआ। इसके बाद गुर्जर समाज ने अपने अधिकार और सामाजिक पहचान के लिए एक महापंचायत का आयोजन किया, जिसमें समाजिक व्यक्ति, युवा और छात्र शामिल हुए थे। यह सभी मेरठ पुलिस प्रशासन को ज्ञापन देना चाहते थे लेकिन पुलिस प्रशासन के गलत रवैये से समाज में असंतोष फैल गया और दुर्भाग्यवश इस महापंचायत में भाग लेने वाले युवाओं को बिना किसी उचित जांच के गिरफ्तार किया गया और उनके खिलाफ गंभीर मुकदमे दर्ज किए गए।

### गुर्जर समाज सामाजिक सौहार्द का है प्रतीक

गुर्जर समाज के युवाओं ने कहा कि महापंचायत में शामिल युवा छात्र विभिन्न परीक्षाओं और करियर की तैयारी में लगे हुए हैं उनकी गिरफ्तारी से उनका भविष्य गंभीर रूप से प्रभावित होगा। गुर्जर समाज हमेशा से शांति-प्रिय, कानून का पालन करने वाला और सामाजिक सौहार्द का प्रतीक रहा है। इसके बावजूद उत्तर प्रदेश सरकार और पुलिस प्रशासन का रवैया कठोर और संवेदनशीलता विहीन रहा, जिससे न केवल समाज में असंतोष बढ़ा बल्कि जातिगत टकराव के लिए भी परिस्थितियां बनीं जो किसी भी सभ्य समाज के लिए घातक है।

### जल्द हो रिहाई

महापंचायत में भाग लेने वाले सभी गरीब युवाओं और छात्रों अन्य सभी की तत्काल रिहाई सुनिश्चित करें। साथ ही उत्तर प्रदेश सरकार और पुलिस प्रशासन को निर्देशित किया जाए कि भविष्य में इस तरह के मामलों में संवेदनशील और न्यायसंगत रवैया अपनाए ताकि समाज में भाईचारा बना रहे और किसी भी जातिगत टकराव से बचा जा सके।

### यह रहे मौजूद

इस दौरान राजदीप विकल के नेतृत्व में सेकड़ों गुर्जर समाज के लोगों ने ज्ञापन सौंपा। वहीं उनके साथ सैकड़ों गुर्जर समाज के युवाओं के साथ-साथ सुबोध गुर्जर अंकुश नागर, पवन गुर्जर,नीतू गुर्जर, गुरदीप गुर्जर, आदेश प्रधान, अरुण प्रधान आदि मौजूद रहे।

# बजाज पल्सर देगी जीएसटी में छूट का पूरा फायदा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** दुनिया की सबसे महत्वपूर्ण दोपहिया एवं तिपहिया कंपनी बजाज ऑटो लिमिटेड ने ऐलान किया कि यह सरकार द्वारा घोषित 350 सीसी से कम वाली मोटर साइकलों पर जीएसटी में कटौती का पूरा फायदा उपभोक्ताओं को दे रही है, साथ ही अपनी ओर से फाइनैंस के अतिरिक्त 50 फीसदी फायदे भी लेकर आई है। यानि पल्सर खरी. दने वाले उपभोक्ताओं को अब जीएसटी फायदों का 1.5 गुना लाभ मिलेगा, और त्योहारों के इस सीजन उनके लिए खरीद का अनुभव और भी बेहतर हो जाएगा। इस प्रतिबद्धता के तहत बजाज ऑटो ने हैट्रिक ऑफर पेश किया है जीएसटी में कटौती का पूरा लाभ, शून्य प्रोसेसिंग शुल्क और इंश्योरेन्स के फायदे सुनिश्चित करेंगे।

# कृषि इंटर कॉलेज में खो-खो प्रतियोगिता आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**परीक्षितगढ़।** ब्लॉक क्षेत्र के जयसिंहपुर स्थित कृषि इंटर कॉलेज में खो-खो खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन पूर्व चेयरमैन व भाजपा नेता अमित मोहन टीपू व पूर्व ब्लॉक प्रमुख केपी खुंटी ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया।

इस मौके पर प्रधानाचार्य अशोक कुमार व प्रबंधक आनंद सिंह का विशेष सहयोग रहा। प्रतियोगिता में कृषि इंटर कॉलेज जयसिंहपुर सहित एएस इंटर कॉलेज मवाना, मेजर आसाराम स्मारक इंटर कॉलेज गणेशपुर, राजकीय इंटर कॉलेज हस्तिनापुर, नवजीवन इंटर कॉलेज बहसूमा की टीमों ने खेल प्रशिक्षक क्रमांक अमन त्यागी, शीतल गर्ग, स्वाति बंसल, नितिन देशवाल, आरती, ईशु चौहान, श्रीश त्यागी, सत्येंद्र कुमार



के नेतृत्व में प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया। वहीं यूपी 14 बालिका वर्ग विजेता जीआईएसी हस्तिनापुर, यूपी 17 बालिका वर्ग विजेता एएस इंटर कॉलेज मवाना, यूपी 17 बालक वर्ग विजेता जीआईसी हस्तिनापुर, यूपी 19 बालिका वर्ग विजेता कृषि इंटर कॉलेज जयसिंहपुर रहे। वहीं ब्लॉक प्रमुख ब्रह्म सिंह के द्वारा कॉलेज परिसर में लगवाई गई बड़े पोल पर 6 लाइटों का उद्घाटन भी किया गया। इस मौके पर पपीत प्रधान, सतीश मावी डायरेक्टर, राजीव प्रधान, सीना, अरविंद कुमार, अमरीश कुमार सिद्धार्थ, वीर सिंह, कर्मवीर सिंह आदि मौजूद रहे।

# फिलिप्स होम अप्लायंसेज ने पेश किया सोने पे सुहागा अभियान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** भारत में त्योहारों का समय खुशी, नई शुरुआत और पावन परंपराओं का अवसर होता है। इन अवसरों के लिए सोने का विशेष महत्व होता है। इसी भावना को सम्मानित करते हुए फिलिप्स होम अप्लायंसेज ने त्योहारों पर अपना सोने पे सुहागा अभियान पेश किया है। इस ऑफर में ग्राहकों को अपने घर के लिए भरोसेमंद इनोवेशन खरीदने के साथ सोना जीतने का अवसर भी मिलेगा। इस कैम्पेन के बारे में पूजा बैद , चीफ मार्केटिंग ऑफिसर, वर्सुनी इंडिया ने कहा भारत में त्योहार खुशी, भाईचारे और साथ में बिताए खुशनुमा पलों का प्रतीक होते हैं।

# जानी पुलिस ने तमंचे के साथ एक पकड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जानी खुर्द।** बुधवार को जानी थाना क्षेत्र के कॉलेज में तमंचा लेकर घूम रहे एक छात्र को पुलिस ने मय कारतूस के गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। सूत्रों के मुताबिक थाना ब्रह्मपुरी क्षेत्र के शिवशक्ति नगर निवासी अक्षय पुत्र अमित बाईपास स्थित एमआईईटी कालेज में बी टेक सेकेंड ईयर में पढ़ता है।

अक्षय बुधवार को दोपहर कॉलेज पहुंचा और वहां हाथ में तमंचा लेकर टहलने लगा। कॉलेज के गार्ड ने अक्षय के हाथ में तमंचा देखा तो घटना की जानकारी कॉलेज प्रशासन को दी। छात्र पर तमंचे की जानकारी पर कॉलेज प्रशासन में हड़कंप मच गया। प्रशासन ने इसकी जानकारी जानी पुलिस को दी तभी सूचना पाकर पहुंचे थाना प्रभारी निरीक्षक महेश राठौर मौके पर पहुंचे और छात्र अक्षय को रंगे हाथों मय तमंचा व एक कारतूस बरामद कर थाने ले आई। थाना पुलिस ने आरोपी छात्र के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी है। वहीं कुछ लोगों का कहना है कि वर्चस्व की लड़ाई में अक्षय के बैग में किसी ने तमंचा रखा है। वहीं पुलिस इस मामले में भी जांच कर रही है।

## 20 अवैध शराब की बोतल के साथ पुलिस ने एक दबोचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जानी खुर्द।** बुधवार को थाना पुलिस ने अवैध शराब की बीस बोतल के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। थाना पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि जानी थाना क्षेत्र में एक व्यक्ति अवैध शराब लेकर आ रहा है। थाना प्रभारी जानी ने मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर इंद. रपाल पुत्र रिशाल निवासी ग्राम महरौली को बीस बोतल अवैध शराब के साथ गिरफ्तार किया। पुलिस द्वारा गिरफ्तार शराब माफिया को थाने लेकर आई और उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी है। वहीं थानाध्यक्ष का कहना है कि सभी चौकी इंचार्ज को निर्देश दे दिए हैं कि त्योहारों से पहले अगर कहीं भी अवैध शराब पाई गई तो तुरंत कार्रवाई कर जेल भेजा जाएगा। वहीं पुलिस ने मुखबिर तंत्र को मजबूत करते हुए नामचीन लोगों पर पैनी नजर बनाना शुरू कर दिया है।

# ग्राम सिसोला बुजुर्ग में इंटरलॉकिंग सड़क का विधायक गुलाम मोहम्मद ने किया उद्घाटन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जानी खुर्द।** बुधवार को सिवाल खास विधानसभा के गांव सिसोला बुजुर्ग में विधायक गुलाम मोहम्मद ने 10 लाख रुपए की लागत से बनी इंटरलॉकिंग सड़क का उद्घाटन किया। इस दौरान विधायक गुलाम मोहम्मद ने कहा कि विधानसभा का कोई भी काम हो उसके लिए क्षेत्र का कोई भी व्यक्ति उनसे संपर्क कर सकता है, उनकी विधायक विधि क्षेत्र के विकास के लिए है। इस दौरान क्षेत्र की जनता ने विधायक गुलाम मोहम्मद का आभार व्यक्त है और कहा कि जितना विकास कार्य गुलाम मोहम्मद कर रहे हैं इतना विकास किसी भी विधानसभा में नहीं हो रहा है। गांव-गांव की सड़क इंटरलॉकिंग व सीसी निर्माण में बदल रही है। क्षेत्र में कई इंटर कॉलेज खुल गए हैं जो इस बात का सबूत है कि विधायक गुलाम मोहम्मद एक विकास पुरुष हैं। इस दौरान जिला पंचायत सदस्य नवाजिश, बबलू, लीला हट्टी, छोटे प्रधान, गुलजार रिजवान, इमरान, लालू फरहान, शहजादा, सरफराज ठेकेदार आदि मौजूद रहे।

## शाहजहांपुर वक्फ भूमि विवाद


# हाईकोर्ट से मुतवल्ली शाहिद खां को बड़ी राहत

**जाकिर तुर्क/शाह टाइम्स**

**मेरठ।** कस्बा शाहजहांपुर की चर्चित वक्फ भूमि विवाद में बड़ा फैसला सामने आया है। लंबे अरसे से मुतवल्ली शाहिद इस्लाम खान और मंसूर खान के बीच जारी जमीन का विवाद अब इलाहाबाद हाई कोर्ट की दहलीज पर पहुंच गया है।

इलाहाबाद हाईकोर्ट ने बोर्ड ऑफ रेवेन्यू, उत्तर प्रदेश सर्किट कोर्ट- मेरठ मंडल के दिनांक 14 अगस्त 2025 को मंसूर खान के पक्ष में दिए गए आदेश के संचालन पर अंतरिम रोक लगा दी है। अदालत ने साफ कहा है कि इस आदेश के अनुपालन में आगे कोई कार्रवाई न की जाए।

**ये है विवाद की जड़:** विवादित संपत्ति पर मंसूर खान पुत्र माजिद खान का दावा है कि अब्दुल वहीद खान उनके दादा के भाई थे और क्योंकि उनकी कोई संतान नहीं थी इसलिए इस प्रोपर्टी पर उनका मालिकाना हक बनता है।



दूसरी ओर मौजूदा मुतवल्ली शाहिद इस्लाम खान का कहना है कि अब्दुल वहीद खान ने 1946 में अपनी तमाम संपत्ति को वक्फ अलल औलाद (80ए मेरठ) के रूप में पंजीकृत कराया था। वक्फनामे के मुताबिक, पहले वहीद खान फिर उनकी पत्नी मकबूल बीवी, उसके बाद खालिद इस्लाम खान और फिर उनके बड़े बेटे मुतवल्ली बने थे। इसी क्रम में वर्तमान मुतवल्ली शाहिद इस्लाम खान हैं, जिनके आवेदन पर 2009 में सुन्नी वक्फ बोर्ड ने बाकायदा मान्यता दी थी।

**कानूनी दास्तान का सफर:** लम्बी कानूनी लड़ाई के बाद विधिक राय लेने के उपरांत इस विवाद में तहसीलदार और बाद में एसडीएम मवाना ने भी शाहिद इस्लाम के हक में फैसला सुनाया था। मगर मंसूर खान ने इन आदेशों के खिलाफ बोर्ड ऑफ रेवेन्यू में अपील दायर की, जहां से उन्हें राहत मिली। इसी आदेश को शाहिद इस्लाम ने हाईकोर्ट में चुनौती दी थी।

**अदालत में दोनों पक्षों के तर्क:** हाईकोर्ट में वरिष्ठ अधिवक्ता प्रमोद जैन ने शाहिद इस्लाम की ओर से दलील दी कि तहसीलदार और उप जिलाधिकारी ने अपने अधिकार क्षेत्र में रहते हुए आदेश पारित किया था और सारी कार्यवाही कानून के मुताबिक हुई थी। वहीं प्रतिवादी पक्ष का कहना था कि मंसूर खान को पर्याप्त सुनवाई का अवसर नहीं मिला।

### हाई कोर्ट में अगली सुनवाई तय

अदालत ने मंसूर खान को छह सप्ताह के अंदर प्रति-शपथपत्र दाखिल करने और याचिकाकर्ता शाहिद इस्लाम खान को उसके दो सप्ताह बाद जवाब देने का निर्देश दिया है। अब इस मामले की अगली सुनवाई 26 नवंबर 2025 को होगी।

फिलहाल हाईकोर्ट के स्टे आदेश से मुतवल्ली शाहिद इस्लाम को बड़ी राहत हासिल हुई है और वक्फ संपत्ति विवाद पर सबकी नजरें टिकी हुई हैं।

# चकबंदी मामले में भगवानपुर के किसानों से मिले एसडीएम मवाना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लावड़।** भगवानपुर गांव में चकबंदी कराए जाने के लिए लगातार आवाज उठाई जा रही है। आरोप है कि भूमि पर कब्जा करने वाले लोग अधिकारियों के आने पर हंगामा कर उनकी आवाज को दबा देते है।

पिछले कई बार से चकबंदी को लेकर ग्राम भगवानपुर में धरना प्रदर्शन से लेकर कई तरह के प्रयास किया जा चुके हैं लेकिन गांव के कुछ किसान चकबंदी को लेकर अपनी सहमति जताते हैं। वहीं कुछ किसान गांव में चकबंदी नहीं कराना चाहते है। इसी को लेकर बुधवार को एसडीएम मवाना ग्राम भगवानपुर पहुंचे और ग्रामीणों से मिलकर बात. चीत करके निस्तारण निकालने की



कोशिश की। एसडीएम ने ग्रामीणों को आश्वासन दिया कि जल्दी चकबंदी कराकर इस समस्या को समाप्त कर देंगे। चकबंदी को लेकर कुछ दिन पूर्व ग्रामीणों ने जिलाधिकारी मेरठ को भी ज्ञापन दिया था। एसडीएम मवाना ने बताया कि अंतिम बार गांव में सन 1962 में चकबंदी हुई थी। चकबंदी से सभी किसानों को लाभ होगा। जल्द चकबंदी कराए जाने की प्रक्रिया शुरू कराई जाएगी।


## कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी, मेरठ।

पत्रांक: 1314/लेखा./वि.नि./2025-26 दिनांक: 24.09.2025

**E-Tender Notice ( ई-निविदा आमन्त्रण सूचना )**

महामहिम राज्यपाल महोदया, उ.प्र. की ओर से अधोहस्ताक्षरी द्वारा विधान मण्डल क्षेत्र विकास निधि योजनान्तर्गत कराये जाने वाले कार्य हेतु उ.प्र. इलैक्टोनिक लिमिटेड में पंजीकृत ठेकेदार से दिनांक 30.09.2025 से 06.10.2025 तक अपरान्ह 3:00 बजे तक ऑनलाईन निविदा आमन्त्रित की जाती है। निविदा सम्बन्धी समस्त नियम व शर्तें ई-निविदा पोर्टल https://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है। इच्छुक शासकीय विभाग में पंजीकृत ठेकेदारों द्वारा दिनांक 06.10.2025 अपराहन 03:00 बजे तक अपनी निविदायें उपरोक्त ई-निविदा पोर्टल की वेबसाइट पर अपलोड की जा सकती है। निविदादाता द्वारा 02 प्रतिशत धरोहर राशि एन.एस.सी./एफ.डी.आर. खण्ड विकास अधिकारी, मेरठ के नाम बन्धक कराकर अपलोड करनी होगी। वेबसाइट पर प्राप्त निविदा दिनांक 06.10.2025 को अपराहन 04:00 बजे उपस्थित निविदादाताओं अथवा उनके द्वारा नामित प्रतिनिधि के समक्ष अधोहस्ताक्षरी द्वारा गठित समिति द्वारा खोली जायेगी। अवकाश/अपरिहार्य स्थिति में यह निविदा अगले कार्य दिवस में खोली जायेगी। निविदादाता द्वारा निविदा सम्बन्धी समस्त प्रपत्र कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी-मेरठ, को ई टेन्डरिंग के माध्यम से निविदा सबमिट करने की अन्तिम तिथि से एक कार्य दिवस के अन्दर पंजीकृत डाक अथवा व्यक्तिगत रूप से उपलब्ध कराना अनिवार्य है ऐसा न करने की स्थिति में निविदा नॉन रेसपोन्सिव मानी जायेगी। निविदा में दी गई कार्य की मात्रा/दर एवं धनराशि घट बढ़ सकती है। निविदा सम्बन्धी नियम एवं शर्तो की जानकारी दिनांक 30.09.2025 को प्रातः 10:00 बजे से दिनांक 06.10.2025 को अपरान्ह 02:00 बजे तक अधोहस्ताक्षरी कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

**-खण्ड विकास अधिकारी, मेरठ।**


# दो बाइक की भिड़ंत में मां बेटे घायल दूसरी बाइक सवार मौके से फरार

**शाह टाइम्स संवाददाताा**

**शहजादनगर।** थाना शहजाद नगर क्षेत्र के नानकार गांव निवासी 27 वर्षीय प्रेमपाल पुत्र रामनाथ अपनी मां 65 वर्षीय सोमवती पत्नी रामनाथ के साथ बाइक पर सवार होकर नानकार से साप्ताहिक बाजार धमोरा जा रहे थे। वह बुधवार की शाम 5:00 बजे धमोरा में से दो युवक बुलेट बाइक पर सवार होकर तेज गति से बाइक में जा ठुके। जिससे बाइक के परखच्चे उड़ गए और रोड पर गिरी जोरदार आवाज सुनकर मौके पर राहगीरों की भीड़ में बुलेट सवार युवक मौके से फरार हो गए। बाइक सवार मां बेटे घायल अवस्था में रोड पर पड़े देख राहगीरों ने चौकी पुलिस धमोरा को फोन किया।

# बसपा के पूर्व सांसद मुनकाद अली ने कार्यकर्ताओं के साथ की बैठक

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** मंगलवार को बहुजन समाज पार्टी जनपद रामपुर की एक दिवसीय समीक्षा बैठक जेके मैरिज हॉल केसरपुर निकट चाकू चौराहा रामपुर में हुई।

इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बाबू मुनकाद अली पूर्व सांसद, प्रभारी पश्चिमी उत्तर प्रदेश, ने अपने संबोधन में कहा की दिनांक 9 अक्टूबर 2025 को लखनऊ में मान्यवर काशीराम जी का परिनिर्वाण दिवस मनाया जाएगा, कहा, कि प्रदेश स्तर पर बहुत बड़ी तैयारी चल रही है। कार्यक्रम की सफलता के लिए पूरे प्रदेश में हर विधानसभा स्तर पर मीटिंग करके प्रचार प्रसार किया जा रहा है। आगे कहा, जब से भाजपा की सरकार आई है देश में कानून व्यवस्था नाम की कोई चीज नहीं है। महिलाओं पर अत्याचार बढ़े हैं। आगे कहा विकास के नाम पर प्रदेश में कोई भी योजना नहीं है ।आम जनता की भोजन की थाली महंगी होती जा रही है महंगाई चरम सीमा पर है कहा कि इससे यह साबित होता है की प्रदेश में भाजपा की सरकार विफल है। आगे आने वाला समय बहुजन समाज पार्टी का है, और प्रदेश में पांचवीं बार बहन जी की सरकार बनेगी। इस अवसर पर दूसरे मुख्य अतिथि गिरीश चंद्र जाटव पूर्व सांसद ,प्रभारी पश्चिमी उत्तर प्रदेश, ने अपने संबोधन में कहा की देश में भाजपा की सरकार फैल हो चुकी है।

जीएसटी के नाम पर अब तक जनता से कितना पैसा सरकार लेती रही और अब जाकर जीएसटी कम कर दी इनको पहले ही इतनी अधिक जीएसटी जनता पर नहीं लगना चाहिए थी। आगे कहा की बहुजन समाज पार्टी की सरकार में बहन



कुमारी मायावती ने सर्व समाज के हित में कार्य किया। उन्होंने अपने कार्यकाल में किसानों के हित को ध्यान में रखते हुए गन्ने का दाम बहुत अधिक बढ़ाया, जिससे किसान को काफी मुनाफा मिला साथ ही भुगतान भी समय पर दिलवाया। आगे कहा मान्यवर साहब काशीराम जी का परिनिर्वाण दिवस 9 अक्टूबर को लखनऊ में मनाया जाएगा, जिसकी तैयारियां बहुत बड़े स्तर पर हैं जनपद रामपुर से बस से छोटे वाहनों से हजारों की तादाद में कार्यकर्ता लखनऊ को जायेंगे इस अवसर पर जाफर मलिक साहब, मुख्य मण्डल प्रभारी मुरादाबाद एवं प्रभारी उत्तराखंड, रण विजय सिंह एडवोकेट मुख्य मंडल प्रभारी मंडल मुरादाबाद, डॉ राजकमल सिंह मुख्य मण्डल प्रभारी मंडल मुरादाबाद , अरुण कुमार उर्फ टिंकू मुख्य मंडल प्रभारी मण्डल मुरादाबाद, ने भी संबोधित किया सभा की समाप्ति की घोषणा जिले के जिला अध्यक्ष प्रमोद सागर एडवोकेट निरंकारी ने की। इस अवसर पर बांकेलाल सागर साहब, मुरादाबाद मंडल प्रभारी, दीपक कुमार सागर मुरादाबाद मंडल प्रभारी, डॉक्टर नावेद रजा, कार्यक्रम संयोजक, राजेश प्रकाश सैनी जिला प्रभारी रामपुर, सतपाल सिंह जिला प्रभारी रामपुर ,हाजी जुल्फिकार अली, इसरार अली एडवोकेट, रमेश श्रीवास्तव, अखिलेश गुप्ता, राजपाल गौतम ,डॉक्टर सद्दाम हुसैन पाशा, नेमचंद, दिलीप सागर, अमीर अहमद गुप्ता, राकेश सागर, दिनेश कुमार जाटव, राजू सागर, सोनू सागर, हरनंदन सागर, शाकिर आदि रहे।

# सभी कैदियों को भोजन शुद्धता से दिया जाएः डीएम

## जनपद न्यायाधीश, जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने किया जिला कारागार का निरीक्षण







**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** बुधवार को जनपद न्यायाधीश मनोज कुमार, जिला. धिकारी अस्मिता लाल एवं पुलिस अधीक्षक सूरज कुमार राय ने जिला कारागार का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने कारागार की व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा 70 वर्ष से अधिक आयु के बंदियों से संवाद कर उनके स्वास्थ्य की जानकारी प्राप्त की।

संबंधित चिकित्सक को उनके स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान महिला बैरक, चिकित्सालय, पाकशाला (रसोईघर) एवं हाई सिक्योरिटी बैरक का गहन निरीक्षण किया गया। जिला जज एवं जिला. धिकारी ने महिला बैरक में निरुद्ध महिला बंदियों से उनके खानपान एवं अन्य समस्याओं के बारे में जानकारी प्राप्त की तथा कैदियों के बच्चों से स्नेहपूर्वक वार्ता कर उनका हालचाल जाना। उन्होंने निर्देश दिया कि जिन महिला बंदियों के पास सरकारी अधिवक्ता उपलब्ध नहीं हैं, उन्हें निःशुल्क विधिक सहायता उपलब्ध कराई जाए। अस्पताल वार्ड का निरीक्षण कर बंदियों के स्वास्थ्य की जानक. ारी ली गई तथा यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए कि समय-समय पर उनका स्वास्थ्य परीक्षण नियमित रूप से किया जाए। हाई सिक्योरिटी बैरक में भी कैदियों से संवाद कर उनकी समस्याओं की जानकारी ली गई। इसके पश्चात पाकशाला का निरीक्षण किया गया, जहां भोजन चार्ट के अनुरूप पाया गया। जिला जज एवं जिलाधिकारी ने जेल अधीक्षक को निर्देशित किया कि सभी कैदियों को भोजन एवं नाश्ता प्रतिदिन चार्ट के अनुसार शुद्धता के साथ उपलब्ध कराया जाए और किसी भी प्रकार की अव्यवस्था नहीं होनी चाहिए। इस अवसर पर जेल अधीक्षक आदि मौजूद रहे।

## महिलाओं ने कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन कर की डीलर के खिलाफ कार्रवाई की मांग



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत ।** राशन डिलर द्वारा राशन कम दिए जानेके विरोध में टटीरी कस्बे की महिलाओं ने राशन डीलर के खिलाफ कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन किया और जिलाधिकारी से शिकयत करते हुए कार्रवाई की मांग की है।

बुधवार को कस्बा टटीरी की महिलाओ ने जिलाधिकारी से शिकायत करते हुए आरोप है कि राशन डीलर समय पर राशन वितरण नहीं करता है। महिलाओं ने बताया कि डीलर एक महीने के वेतन को पंजाब भेजने की बात कहकर उनके साथ दुर्व्यवहार करता है। वह रात में राशन का वितरण करता है। शिकायत करने पर वह लखनऊ तक अपनी पहुंच होने की बात कहकर धमकाता है। प्रदर्शन में शामिल महिलाओं ने कहा कि राशन न मिलने से बच्चों के भरण-पोषण में कठिनाई हो रही है। उत्तर प्रदेश सरकार समय पर राशन की व्यवस्था कर रही है, लेकिन डीलर की मनमानी से लोग परेशान हैं। महिलाओं ने डीलर पर शारीरिक और मानसिक रूप से प्रताड़ित करने का भी आरोप लगाया है। डीएम कार्यालय में शिकायत के बाद अधिकारियों ने जांच कर कार्रवाई का आश्वासन दिया है। आपूर्ति अधिकारी अनूप तिवारी ने कहा कि मामले की जांच कर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। प्रदर्शन करने वाले नीसा, अंजलि, सबीना, नफीसा, मोनी, ऋषिपाल आदि मौजूद रहे।

## विवाहिता की हत्या के मामले में सास-ससुर को भेजा जेल

**शाह टाइम्स संवददाता**

**अमीनगर सराय।** दहेज की मांग पूरी न होने पर विवाहिता सरिता की हत्या के मामले में पुलिस ने आरोपी सास धर्मवती और ससुर महीपाल को गिरफ्तार किया। दोनों को न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया।

मेरठ जिले के सतवई गांव निवासी सुबोध ने बताया कि उनकी बहन सरिता की शादी 30 अप्रैल 2025 को मोनू पांचाल निवासी अमीनगर सराय के साथ हुई थी। शादी के कुछ ही दिन बाद सरिता के ससुराल वालों ने 50 लाख रुपये और अन्य सामान की दहेज मांग शुरू कर दी। दो सितंबर को सरिता के ससुर महीपाल ने मामा संतराम को फोन कर बताया कि सरिता बीमार है। थोड़ी देर बाद उन्होंने उसकी मौत की जानकारी दी। एएसपी प्रवीण कुमार ने बताया कि तहरीर के आधार पर आठ आरो. पियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। इसमें हत्यारोपी पति को पहले ही जेल भेजा जा चुका है, जबकि अब सास-ससुर को गिरफ्तार किया गया है।

## महिला पुलिस के साथ हुई मुठभेड़ में बहन पर फायरिंग करने वाला बदमाश घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** मंगलवार को महिला मिशन शकित टीम की बहादुरी देखने को मिली। जानलेवा हमले के मामले में फरार चल रहा शातिर बदमाश आनिस पुलिस मुठभेड़ में घायल हो गया। बदमाश को गिरफ्तार कर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। यह पहला मौका है जब बागपत में महिला पुलिस टीम ने किसी अपराधी से सीधी मुठभेड़ की और उसे धर दबोचा।

अभियुक्त आनिस पर आरोप है कि उसने अपनी नाबालिग बहन पर जान से मारने की नीयत से फायरिंग की थी। घटना के बाद से ही वह फरार चल रहा था और किसी बड़ी वारदात को अंजाम देने की फिराक में घूम रहा था। मंगलवार को महिला मिशन शक्ति टीम को सूचना मिली कि बदमाश इलाके में सक्रिय है। घेराबंदी के दौरान आरा. ेपी ने पुलिस पर फायर झोंक दिया। जवाबी कार्रवाई में आनिस के पैर में गोली लगी और पुलिस ने मौके से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरा. ेपी के कब्जे से एक तमंचा, एक जिंदा कारतूस और एक खोखा



कारतूस बरामद किया है। घायल बदमाश को इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया है। एसपी सूरज कुमार राय के निर्देशन में यह ऑपरेशन अंजाम दिया गया। महिला पुलिस टीम की इस कार्रवाई को जिले में महिला सशक्तिकरण की अनूठी मिसाल माना जा रहा है।

## एक नजर

### चार महिने से लापता नाबालिग की बरामदगी को लेकर उपमुख्यमंत्री से मिला पीड़ित परिवार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** थाना सिंघावली अहीर क्षेत्र के खिंदोड़ा गांव से एक नाबालिग लड़की साक्षी 30 मई को संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई। साक्षी घर से सामान लेने निकली थी, लेकिन वापस नहीं लौटी। स्थानीय लोगों ने उसकी तलाश की पर कोई सुराग नहीं मिला। चार महीने से पुलिस लगातार तलाश कर रही है, लेकिन अभी तक कोई सफलता नहीं मिली है। स्थानीय लोग साक्षी की बरामदगी को लेकर लगातार विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। पुलिस प्रशासन की कार्यवाही पर सवाल उठ रहे हैं। अब मामला लखनऊ तक पहुंच गया है। पीड़ित परिवार ने उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक से मुलाकात कर साक्षी की बरामदगी की मांग की। उपमुख्यमंत्री ने बागपत के पुलिस अधीक्षक को फोन कर 7 दिन के अंदर लड़की को बरामद करने के निर्देश दिए हैं। पीड़ित परिवार को विश्वास है कि पुलिस गंभीरता से कार्रवाई करेगी और उनकी बेटी को बरामद कर लेगी।

## गरबा व रामलीला जैसे कार्यक्रमों में आधार कार्ड से ही प्रवेश होना चाहिएः साध्वी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बड़ौत।** रामलीला कार्यक्रम के दौरान साध्वी प्राची ने बड़ा बयान दिया। उन्होंने कहा कि गरबा और रामलीला जैसे सांस्कृतिक आयोजनों में आधार कार्ड से ही प्रवेश होना चाहिए। साथ ही मुस्लिम युवकों पर छेड़छाड़ के आरोप लगाए और कई अन्य विवादित बयान भी दिए।

नवरात्र के दौरान जगह-जगह गरबा और रामलीला के आयोजन हो रहे हैं। इस बीच साध्वी प्राची ने उत्तर प्रदेश के बड़ौत में पंचमुखी मंदिर में चल रही रामलीला में शामिल होकर विवादित बयान दिया। साध्वी प्राची ने कहा कि गरबा में मुस्लिम युवक अक्सर छेड़छाड़ की घटनाओं में शामिल रहते हैं। उन्होंने सवाल किया कि यदि गरबा इतना सुरक्षित और पवित्र आयोजन है तो मुस्लिम परिवार



अपनी बेटियों को इसमें क्यों नहीं भेजते। उन्होंने यह भी कहा कि गरबा और रामलीला जैसे सांस्कृतिक आयोजनों में आधार कार्ड से ही प्रवेश होना चाहिए ताकि किसी भी संदिग्ध व्यक्ति को रोका जा सके। साध्वी ने आगे कहा कि नवरात्र के दौरान मीट की दुकानें बंद रहनी चाहिए। महाराष्ट्र के मंत्री भरत गोगावले के बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए साध्वी ने कहा कि हिंदू संस्कृति की शुरुआत मस्जिदों और दरगाहों से क्यों नहीं की जाती।

साथ ही उन्होंने दावा किया कि हिंदू त्योहारों में घुसपैठ इनकी पुरानी चाल है। वोटिंग अधिकार पर भी उन्होंने विवादित टिप्पणी करते हुए कहा कि ज्यादा बच्चे पैदा करने वाले लोगों को वोट देने का अधिक. ार नहीं होना चाहिए। डेनमार्क का उदाहरण देते हुए साध्वी ने कहा कि वहां मुस्लिम समुदाय से वोट का अधिकार छीना गया है और ऐसा ही भारत में भी होना चाहिए। आजम खान पर भी उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि उन्हें अब अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखना चाहिए।

## युवाओं को मिलेगा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिलने का मौका

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार द्वारा राष्ट्रीय युवा महोत्सव 2026 का आयोजन 12 जनवरी से भारतमंडपम में किया जाएगा जिसमें देशभर के चुनिंदा हजारों युवाओं को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के समक्ष विकसित भारत संबंधी अपने विचार साझा करने का अवसर मिलेगा। इसके लिए मेरा युवा भारत पर पंजीकरण शुरू हो गए है।

राष्ट्रीय युवा महोत्सव हेतु युवाओं का चयन चार चरणों में होगा जिसमें पहले चरण में 15 अक्टूबर तक विकसित भारत प्रश्नोत्तरी आयोजित हो रही है जिसके विज. ेताओं को दूसरे चरण के तहत 23 अक्टूबर से 05 नवंबर तक विक. सित भारत आधारित विषय पर निबंध लिखना होगा। तीसरे चरण में विकसित भारत विजन पिच डेस्क में निबंध के विजेता अपने विकसित भारत के आइडिया का राज्य स्तर पर 24 नवंबर से 08 दिसंबर तक प्रस्तुतिकरण देंगे। चौथे चरण में विकसित भारत राष्ट्रीय चैंपियनशिप का आयोजन 12 जनवरी से होगा जिसमें विजेता टीमों को भारत मंडपम, नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के समक्ष अपने विचारों को प्रतीत करने का अवसर मिलेगा। कल्पना कीजिए कि बागपत का कोई युवा कृषि, कौशल विकास, सुशासन जैसे विषयों पर अपने विचार प्रधानमंत्री के समक्ष साझा कर रहा हो। यह सिर्फ व्यक्तिगत उपलब्धि नहीं बल्कि पूरे जिले के लिए गर्व का क्षण होगा।

## नगर में निकाली गई बेंड बाजे के साथ प्रभु श्रीराम की बारात



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** नगर में श्रीकृष्ण महाराज सनातन धर्म ठाकुर द्वारा प्रेम मंडल रंग. मंच पर राम बरात व राम विहिवा का आयोजन किया गया। प्रभु श्रीराम की बारात बेंड बाजे के साथ प्रांगण में निकली गई। उसके बाद प्रभु श्रीराम, लक्षमण, भरत, ओर छोटे भाई शत्रुघन के साथ पिता दशरथ व वशिष्ठ, ऋषी मुनि बारात लेकर राजा जनक के राज महल जाते है जाते ही बरात का स्वागत राजा जनक करते है। उसके बाद धर्म गुरुओं द्वारा माता सीता का विहिवा श्रीराम के साथ सम्पन होता है, जिसमे कन्या दान हर वर्षो की भांति सत्यपाल वर्मा अपनी धर्म पत्नी के साथ किया और माता सीता की डौली के साथ विदाई करते राजा जनक माता सीता को अपने भारी मन विदा करते हुए संदेश देते है। बेटा अब तेरा वोही घर ओर अपने प्रभु की खूब सेवा करना सुख दुःख में हमेशा साथ रहना श्रीराम का अभिनय अध्यक्ष आशीष वर्मा ने लक्ष्मण का अभिनय बोबी वर्मा माता सीता का अभिनय साणु माहेश्वरी राजा दशरथ का अभियान प्रमोद गुप्ता, वशिष्ठ-प्रमोद महेश्वरी, ऋषि-कुलदीप वर्मा, संगीतकार-रामशरण पांचाल व दीपक वर्मा मंत्री बने दलबीर माहेश्वरी, जनक बने मनोहर वर्मा सिन डायरेक्टर बब्लू माहेश्वरी डारेक्टर अजय वर्मा, पराउंड-अमित वशिष्ठ ओर धर्मेंद्र भारद्वाज आदि सभी कलाकारों ने अपना अभिनय किया जिन्हे देखने काफी संख्या में जनता पहुँची प्रांगण में जरा भी जगह नही रही थी और सभी रामलीला कमेटी ने अपनी अपनी जिम्मेदारी दरी बखूब निभाई कमेटी के ठाकुर द्वारा प्रधान रमेश शर्मा आदि मौजूद रहे।

## ऊर्जा निगम के कर्मचारी पर बिजली बिल में धोखाधड़ी का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** बड़ौत में ऊर्जा निगम के एक प्राइवेट कर्मचारी पर बिजली बिल में धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। बावली रोड निवासी राहुल के घर पर बिजली विभाग की टीम 20 फरवरी 2025 को पहुंची। टीम ने 52 हजार रुपये के बकाया बिल की वसूली के लिए कनेक्शन काट दिया।

इसके बाद एक प्राइवेट कर्मचारी ने राहुल से संपर्क किया। उसने आधी राशि में कनेक्शन जोड़ने का प्रस्ताव रखा। राहुल ने 26 हजार रुपये दे दिए। कर्मचारी ने कनेक्शन जोड़ दिया और रसीद भी दी। छह महीने बाद जब राहुल बाकी बिल जमा करने पहुंचे, तो उन्हें पता चला कि रसीद फर्जी है। विभाग ने उनका बिल पहले से भी



ज्यादा बता दिया। विभाग ने उनका कनेक्शन फिर से काट दिया।

राहुल ने जब कर्मचारी से अपने पैसे वापस मांगे तो उसने गाली-गलौच की और धमकी दी। पीड़ित ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। एक्सईएन प्रथम बृजेश कुमार यादव ने कहा कि मामले की जांच होगी। दोषी पाए जाने पर संविदा कर्मचारी पर कार्रवाई की जाएगी। सीओ बड़ौत विजय कुमार ने बताया कि फर्जी रसीद और धमकी देने की शिकायत मिली है। वे मामले की जांच करेंगे।

## समस्याओं को लेकर बिजलीघर पहुंचे किसानों के साथ किया दुर्व्यवहार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** थाना चांदीनगर क्षेत्र के ललियाना गांव में किसानों को पिछले 15 दिनों से जंगल की लाइन पर केवल एक से दो घंटे बिजली मिल रही है। इससे नाराज किसानों ने बुधवार को चमरावल बिजली घर पर प्रदर्शन किया।

किसानों का कहना है कि बिजली की कम आपूर्ति से गन्ना, चारा, धान और सब्जी की फसलें सूखने लगी हैं। वे अपनी फसलों की सिंचाई नहीं कर पा रहे हैं। किसान अरुण ने बताया कि जब वे समस्या लेकर बिजलीघर पहुंचे, तो नूडल मुकेश यादव ने उनसे दुर्व्यवहार किया। किसानों का आरा. ेप है कि लाइनमैन या बिजली घर में फोन करने पर कोई उनका फोन नहीं उठाता। उन्होंने चेतावनी दी है कि



अगर समस्या का जल्द समाधान नहीं हुआ, तो वे बिजलीघर पर धरना देंगे।

जेई विनय शर्मा ने बताया कि फीडर में तकनीकी दिक्कत के कारण बिजली आपूर्ति प्रभावित हुई है। उन्होंने आश्वासन दिया कि रात में कम हुई आपूर्ति को पूरा किया जाएगा। इसके बाद दिन में रोस्टर के हिसाब से बिजली की सप्लाई सुचारू रूप से की जाएगी। प्रदर्शन में अरुण, बल्लू, जयवीर, मोहित, अमित, सुशील, जगदेव, सतबीर, बबलू, कृष्णपाल, रामवीर, सुनील, अतर सिंह, धर्मवीर, ओमवीर, सुन्दर, नेपाल, संदीप, विपिन, सोनू और राजकुमार समेत कई किसान मौजूद थे।

## बागपत के युवाओं ने मेहनत से बनाई अपनी पहचान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** माय भारत केंद्र बागपत के जिला युवा अधिकारी डा.योगेश कुमार ने बताया कि जिलेभर के युवा विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग हेतु मेरा युवा भारत प्लेटफार्म के माध्यम से ऑनलाइन निःशुल्क पंजीकरण कर इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम में शामिल हो सकते है। वहीं क्विज में प्रतिभाग कर चुके युवाओं में राज्य युवा पुरस्कार से सम्मानित अमन कुमार एवं स्वयंसेवक नीतीश भारद्वाज, गुलफ्सा, अमीर खान, डिंपल कश्यप, गगन त्यागी, सागर आदि युवाओं ने बताया कि प्रश्नोत्तरी में विकसित भारत से जुड़े रोचक प्रश्न पूछे गए है जिसमें प्रतिभाग कर जागरूकता बढ़ी एवं साथ ही प्रधानमंत्री से मिलने के अवसर को लेकर उत्सुक है। वहीं विभिन्न संस्थानों में जाकर माय भारत की टीम द्वारा जागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से युवाओं को इस क्विज की जानकारी दी जा रही है। बागपत के युवाओं ने हमेशा अपनी ऊर्जा, मेहनत और नवाचार से पहचान बनाई है। चाहे खेल का मैदान हो, शिक्षा हो या सामाजिक पहल, यहां के युवाओं ने बार-बार यह साबित किया है कि उनमें बड़े बदलाव लाने की क्षमता है। विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग 2026 के जरिए अब उन्हें अवसर मिला है कि वे अपनी आवाज़ सीधे राष्ट्रीय मंच तक पहुँचाएँ और विकसित भारत /2047 के सपने में योगदान दें। इसलिए, बागपत के हर युवा से आहवान है। आज ही लॉग-इन कीजिए mybharat.gov.in पर, क्विज़ दीजिए और बन जाइए उस यात्रा का हिस्सा जो भारत को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने की दिशा में सबसे बड़ा कदम है।

## भाजपा शासन काल में बढ़ रहा निरंतर अपराधःरविन्द्र देव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** बुधवार को समाजवादी पार्टी कार्यालय पर सपा जिलाध्यक्ष रविंद्र देव की अध्यक्षता में एक मासिक बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक को संबोधित करते हुए सपा जिलाध्यक्ष रविंद्र देव यादव ने कहा कि भाजपा शासनकाल में निरंतर अपराध बढ़ रहा है। किसानों को उनकी फसल का वाजिब दाम नहीं मिल रहा है। बेरोजगार युवा आत्महत्या करने को विवश है। उन्होने कहा कि साइबर अपराध निरंतर चरम पर है। इस दौरान उन्होंने कहा कि वंश पवार पुत्र नरेंद्र पवार एडवोकेट के बेटे के साथ साइबर डिजिटल अरेस्ट कर उससे लगभग 56हजार पेटीएम द्वारा ले लिए गए थे और उसे मानसिक रूप से उत्पीड़ित करते रहे, जिसके



चलते वंश पवार ने ट्रेन के आगे आकर आत्महत्या कर ली। उन्होंने साइबर गैंग के आरोपियो को तत्काल गिरफ्तार किए जाने की मांग की है। इसको लेकर आज सपा जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में सपा का एक प्रतिनिधि मंडल बागपत पुलिस अधीक्षक सूरज कुमार राय से मिला और आरोपियों को जल्द गिरफ्तार किए जाने की अपील की। इस दौरान हाजी निजात, महबूब मलिक, कृष्णपाल सिंह, राहुल यादव, अखिल राजपूत, कंवरपाल सिंह, जसविंदर यादव, हिमांशु, नितिन यादव, वाशु यादव, खलील अल्वी, शाहरुख, अरुण, संजय, आजाद, कपिल देव, कृष्णपाल गुर्जर आदि मौजूद रहे।

## कार्यालय कृषि उत्पादन मण्डी समिति बड़ौत (बागपत)

पत्रांक-कृ.उ.म.स./दु.आ./2025/200 दिनाँक 24.09.25

### आवश्यक सूचना

कृषि उत्पादन मण्डी समिति बडौत में कार्यरत समस्त लाईसेंसधारी व्यापारियो को सूचित किया जाता है कि खाद्यान्न मण्डी की 10 दुकाने जो व्यापारियो द्वारा रिक्त की गयी है जिसमे श्रेणी-अ की दुकान सं.3.4.5.28 व श्रेणी-ब की दुकान सं.4,8,10,16,18,24 तथा सब्जी/फल मण्डी की 05 दुकाने जिसमे श्रेणी-अ दुकान सं. 01 व श्रेणी-ब दुकान सं. 11 व श्रेणी-स2 की दुकान सं. 3.7.8 दुकानो के आवंटन हेतु दिनांक 08.10.2025 को अपरान्ह 01.30 बजे कार्यालय कृषि उत्पादन मण्डी समिति बडौत में आवंटन समिति द्वारा आवंटन खूली नीलामी पद्धति से किया जायेगा इच्छुक लाईसैसधारी व्यापारी किसी भी कार्य दिवस मे रू. 295=00 (जी.एस.टी के साथ) जमा कर आवे. दन पत्र समिति कार्यालय से प्राप्त कर सकते है। आवदेन पूर्ण कर दिनांक 07.10.2025 समय 3 बजे तक अ-श्रेणी रू. 75000=00 ब-श्रेणी रू. 55000-00 व स-श्रेणी रू. 35000=00 समिति कार्यालय मे नकद या आर टी.जी. एस/ड्राफट जमानत राशि एंवम आरक्षण सम्बन्धित मान्य प्रमाण पत्र के साथ आवदेन पत्र समिति कार्यालय मे जमा किया जायेगा। आवंटन के सम्बन्ध में नियम व शर्ते या अन्य किसी जानकारी हेतु किसी भी कार्य दिवस मे समिति कार्यालय मे सम्पर्क कर सकते हैं।

**जगदीशपाल सिहं**
**प्रभारी सचिव**

**भावना सिहं**
**उपजिलाधिकारी/सभापति**

## हाईवे पर चलती कार बनी आग का गोला, चालक ने कूद बचाई जान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** बाबूगढ़ थाना क्षेत्र के कुच.ेसर चौपाल के पास अचानक हाईवे पर चलती कार में भीषण आग लगने से अफरा-तफरी का माहौल पैदा हो गया। कार में आग लगता देख कार सवार ने समय रहते कार से कूदकर अपनी जान बचाई। सूचना पर पहुंची दमकल विभाग की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

मिली जानकारी के अनुसार बाबूगढ़ थाना क्षेत्र के राष्ट्रीय राजमार्ग-9 पर बुधवार को एक बड़ा हादसा टल गया जब एक चलती हुई टाटा टियागो कार में अचानक आग लग गई। गाड़ी के चालक की समझदारी से उसकी जान बच गई। यह घटना बाबूगढ़ थाना क्षेत्र के रसूलपुर अंडरपास के पास हुई। जहाँ मेरठ के मवाना क्षेत्र के बक्सर गांव के निवासी मोहम्मद जैद सैफी अपनी कार से दिल्ली जा रहे थे। रास्ते में उनकी गाड़ी के इंजन से अचानक धुआं निकलने लगा और कुछ ही सेकंड में कार में आग लग गई। चालक जैद सैफी ने बिना देर किए तुरंत गाड़ी को रोक. कर बाहर छलांग लगा दी, जिससे वह सुरक्षित बच गए। इस दौरान देखते ही देखते गाड़ी आग के गोले में तब्दील हो गई। घटना की सूचना मिलने पर बाबूगढ़ थाना प्रभारी मुनीष प्रताप सिंह पुलिस टीम और दमकल विभाग के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने तुरंत आग बुझाने का काम शुरू किया, लेकिन तब तक कार पूरी तरह से जल चुकी थी। पुलिस के अनुसार ऐसा लगता है कि यह आग शॉर्ट सर्किट के कारण लगी थी। चालक की सूझबूझ और तत्परता से एक बड़ा हादसा होने से बच गया। घटना के बाद हाइवे पर कुछ देर के लिए यातायात प्रभावित हुआ, जिसे पुलिस ने नियंत्रित किया।





## अवैध हथियार के साथ युवक को किया गिरफ्तार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** ऑपरेशन शस्त्र अभियान के अन्तर्गत थाना पिलखुवा पुलिस ने चैकिंग के दौरान एक युवक को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से अवैध हथियार बरामद किया है। थानाध्यक्ष पटनीश कुमार ने बताया कि डीआईजी के निर्देशन में चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत पुलिस टीम द्वारा ग्राम बझेडा खुर्द की ओर जाने वाले रास्ते पर चेकिंग की जा रही थी। इसी दौरान पुलिस ने एक संदिग्ध को गिरफ्तार किया जो किसी आपराधिक घटना को अंजाम देने की फिराक में घूम रहा था, जिसको पुलिस ने मौके से दबोच लिया और पुलिस ने युवक के कब्जे से एक अवैध तमंचा मय एक जिन्दा कारतूस 315 बोर बरामद हुआ है। पुलिस के मुताबिक युवक की पहचान धर्मेश ऊर्फ धम्मे पुत्र वीरेन्द्र सिंह निवासी ग्राम बझैडा खुर्द थाना पिलखुवा जनपद हापुड के रूप में हुई है। थानाध्यक्ष ने बताया कि युवक को गिरफ्तार कर पुलिस द्वारा आगे की कार्रवाई की जा रही है। थाना पुलिस द्वारा लगातार क्षेत्र में गश्त किया जा रहा है। पुलिस द्वारा आपराधिक गतिविधियों पर भी नजर रखी जा रही है।

## स्कूटी सवारों पर बंदरों ने किया हमला, घटना सीसीटीवी में कैद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** ज़िलें में बंदरों का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है, जिससे आम लोगों में दहशत का माहौल है। आए दिन बंदरों के झुंड द्वारा किसी ना किसी पर हमला करने के मामले सामने आते रहते है। ताज़ा मामला नगर क्षेत्र के मोहल्ला विवेक विहार का है। जहाँ बंदरों के एक झुंड ने स्कूटी सवार एक महिला ओर बच्चे समेत तीन लोगो पर हमला कर दिया। यह घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है, जिसका वीडियो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। मिली जानकारी के अनुसार नगर क्षेत्र के विवेक विहार में एक महिला अपने बच्चे और एक युवक के साथ स्कूटी पर सवार होकर कही जा जा रही थी। तभी अचानक बंदरों के झुंड ने उन पर हमला कर दिया। जैसे ही बंदरों के झुंड ने स्कूटी सवारों पर हमला किया तभी तीनों अपनी जान बचाने के लिए स्कूटी छोड़कर पास के एक घर में घुस गए। युवक तो किसी तरह घर में घुस गया, लेकिन महिला और उसका बच्चा बंदरों से घिर गए। बंदरों ने उन्हें चारों तरफ से घेरकर हमला करने की कोशिश की। इस दौरान महिला ने हिम्मत दिखाते हुए बच्चे के साथ घर के अंदर शरण ली, लेकिन बंदरों का झुंड उनका पीछा करते हुए घर के अंदर तक आ गया। बंदरों के झुंड द्वारा स्कूटी सवारों पर किए गए हमले की घटना पास में लगे सीसीटीवी कैमरे म कैद हो गई, जिसका वीडियो कब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इस घटना के बाद मोहल्ले के लोगों में डर का माहौल है। स्थानीय लोगों का कहना है कि नगर पालिका क्षेत्र में बंदरों का आतंक कई महीनों से बढ़ रहा है। बार-बार शिकायतें करने के बावजूद, नगर प्रशासन और जिम्मेदार अधिकारी कोई ठोस कदम नहीं उठा रहे हैं। लोग अपने बच्चों को बाहर खेलने भेजने से भी डर रहे हैं। स्थानीय लोगों ने नगर प्रशासन और वन विभाग से जल्द से जल्द बंदरों को पकड़ने और क्षेत्र में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने की मांग की है, ताकि भविष्य में कोई बड़ा हादसा न हो।



## संदिग्ध परिस्थितियों में दुकानदार की मौत, पुलिस जाँच में जुटी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** गढ़मुद्रेश्वर कोतवाली क्षेत्र के गांव अठसैनी में एक दुकानदार की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई है, जिससे उसके परिवार में शोक का माहौल है। मृतक की पहचान मिठाई की दुकान चलाने वाले संजय के रूप में हुई है।

जानकारी के अनुसार, उनके भतीजे को कुछ लोग पीट रहे थे, और जब संजय बीच-बचाव करने गए, तो आरोपियों ने उन्हें भी पीट दिया। इसके बाद, लोगों के समझाने पर मामला शांत हो गया और संजय अपने घर लौट गए। घर पर उनकी तबीयत बिगड़ी, जिसके बाद परिजन उन्हें तुरंत अस्पताल ले गए। हालांकि, डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। संजय की मौत से उनके परिवार में मातम छा गया है। घटना की सूचना मिलने पर, क्षेत्राधिकारी गढ़मुद्रेश्वर स्तुति सिंह कई थानों की पुलिस के साथ मौके पर पहुँचीं। उन्होंने स्थिति को नियंत्रित किया और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस का कहना है कि मौत के सही कारणों का पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही चलेगा। पुलिस इस मामले की गहनता से जांच कर रही है और हर पहलू पर गौर किया जा रहा है। गांव में शांति बनाए रखने के लिए भारी पुलिस बल तैनात किया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।



## ऑपरेशन रिसर्च में उत्कृष्ट शोध कार्य के लिए मिला सम्मान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिनौली।** जनपद के पलड़ी गांव के डा.अमित कुमार को स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी और वैज्ञानिक प्रकाशक एल्बोवियर द्वारा जारी विश्व के शीर्ष 2प्रतिशत वैज्ञानिकों की सूची में शामिल किया गया है। इस उपलब्धि पर उन्होंने जनपद का नाम भी रोशन किया है।

चंडीगढ़ विश्वविद्यालय में गणित विभाग में सहायक प्रोफेसर के पद पर कार्यरत डा.अमित कुमार का नाम कैलिफोर्निया स्थित स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी और वैज्ञानिक प्रकाशक एल्बोवियर द्वारा जारी विश्व के शीर्ष 2प्रतिशत वैज्ञानिकों की सूची में शामिल किया गया है। उन्हें यह सम्मान ऑपरेशन रिसर्च के क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट शोध कार्य के लिए मिला है। उनके शोध का केंद्र ऑपरेशन रिसर्च, क्यूइंग मॉडल, नेटवर्क ऑप्टिमाइजेशन और गणितीय मॉडलिंग हैं। इन शोधों का उपयोग उद्योग, स्वास्थ्य सेवाओं, यातायात व्यवस्था, लॉजिस्टिक्स और संचार नेटवर्क को अधिक प्रभावी बनाने में किया जा रहा है। यह सूची वैज्ञानिकों के शोध कार्य, प्रकाशनों की संख्या, उनके प्रभाव और संदर्भों के आधार पर तैयार की जाती है। डा.अमित कुमार ने अपनी सफलता का श्रेय अपने मार्गदर्शकों डा. चंद्रशेखर और डा. लाखन सिंह को दिया है। वहीं इस उपलब्धि पर उनके पिता तेहा इंटर कॉलेज के पूर्व प्रधानाचार्य धर्मपाल सिंह ने कहा कि यह उपलब्धि कठिन परिश्रम और लगन का परिणाम है। हमें गर्व है कि उसने गांव, ज़िले व प्रदेश का नाम रोशन किया है।



## सुफियान हत्याकांड में फरार तीन आरोपी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** थाना कपूरपुर पुलिस ने थाना क्षेत्र के ग्राम सिरोधन निवासी सुफियान की हत्या की घटना में फरार चले रहे मुख्य आरोपी नितिन बाटा सहित तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके कब्जे से मृतक के दस्तावेज, घटना मे प्रयुक्त दो डन्डे आलाकत्ल व स्कार्पियों कार बरामद की है। कपूरपुर प्रभारी निरीक्षक विनोद पांडेय ने बताया कि हापुड़ पुलिस द्वारा जनपद में अपराध की रोकथाम एवं फरार आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के अन्तर्गत थाना कपूरपुर पुलिस द्वारा थाने के मुकदमा बीएनएस में फरार चल रहे मुख्य आरोपी नितिन बाटा उर्फ हर्ष तोमर पुत्र युद्धवीर वाटा निवासी ग्राम सिरोधन थाना कपूरपुर जनपद हापुड, तुषार पुत्र ब्रजपाल उर्फ पप्पू निवासी नई बस्ती सुदामा पुरी कल्लूमल की प्रेस के पास कस्बा व थाना गुलावठी जनपद बुलन्दशहर ओर नितिन उर्फ टुच्चा पुत्र अजय कुमार निवासी ग्राम कपसाड थाना सरधना जनपद मेरठ को सिरोधन हाईवे बाईपास सर्विस रोड से गिरफ्तार किया गया है, जिनके कब्जे से मृतक के दस्तावेज एक पासपोर्ट, एक ड्राईविंग लाईसेंस, एक आधार कार्ड की छायाप्रति, दो पासपोर्ट साईज फोटोग्राफ घटना मे प्रयुक्त डन्डे आलाकत्ल व स्कार्पियों कार बरामद हुई है। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार आरोपी नितिन बाटा शातिर किस्म का अपराधी है, जिसके विरूद्ध जनपद हापुड़ व बुलन्दशहर में हत्या, हत्या का प्रयास व आर्म्स एक्ट आदि करीब आधा दर्जन से अधिक आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। आरोपियों को गिरफ्तार कर पुलिस द्वारा आगे की कार्रवाई की जा रही है।



### एक नजर

## मिशन शक्ति अभियान के तहत साइकिल रैली का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** ज़िलें में महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन को बढ़ावा देने के लिए षमिशन शक्ति अभियान के तहत एक साइकिल रैली का आयोजन किया गया। इस रैली में लगभग 200 छात्र-छात्राओं, खिलाड़ियों और एनसीसी कैडेट्स ने भाग लिया। यह साइकिल रैली महिलाओं और बालिकाओं को सशक्त बनाने के लिए चलाए जा रहे मिशन शक्ति 5.0 अभियान का हिस्सा थी। रैली का आयोजन जिला उप क्रीड़ा अधिकारी द्वारा किया गया। मुख्य विकास अधिकारी और लेफ्टिनेंट कपिल विसला ने हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया। साईकिल रैली रेलवे पार्क से शुरू हुई और फीगंज रोड व तहसील चोपाला होते हुए एसएसवी डिग्री कॉलेज पर समाप्त हुई। इस साईकिल रैली में एसके स्कूल, एसएसवी इंटर कॉलेज और एकेपी इंटर कॉलेज के लगभग 200 छात्र-छात्राओं और एनसीसी कैडेट्स ने इसमें हिस्सा लिया। औस दौरान मुख्य विकास अधिकारी ने स्वयं साइकिल चलाकर युवाओं को प्रोत्साहित किया। यह अभियान केवल जिला मुख्यालय तक सीमित नहीं था, बल्कि जनपद के सभी ब्लॉक स्तरों पर भी इसी तरह की साइकिल रैलियां आयोजित की गईं।

## स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान के तहत नि:शुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** जीएस विश्वविद्यालय पिलखुआ में, मजदूरों और उनके परिवारों के लिए श्स्वस्थ नारी सशद्र परिवारश अभियान के तहत एक नि:शुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर श्रम प्रवर्तन विभाग और जीएस सुपरस्पेशलिस्ट अस्पताल के सहयोग से आयोजित किया गया था। इस शिविर का मुख्य उद्देश्य मजदूरों, खासकर महिलाओं के स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना और उन्हें मुफ्त चिकित्सा परामर्श व इलाज उपलब्ध कराना था। विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम ने महिलाओं को स्त्री रोग, पोषण, एनीमिया, हाई ब्लड प्रेशर और डायबिटीज जैसी बीमा. रियों की जांच और परामर्श दिया। कार्यक्रम का संचालन पीडियाट्रिक्स विभाग की डा.नेहा ने किया। स्त्री रोग, बाल रोग और मेडिसिन विभाग के डॉक्टर भी इसमें मौजूद थे। डॉक्टरों ने माताओं को शिशु के पहले छह महीने तक सिर्फ स्तनपान कराने के महत्व के बारे में बताया। उन्होंने स्तनपान के बाद पूरक आहार शुरू करने के सही तरीके, स्वच्छता और संतुलित पोषण पर भी जोर दिया। श्रम प्रवर्तन अधिकारी ऊषा वर्मा ने बताया कि यह शिविर मजदूरों की स्वास्थ्य समस्याओं को दूर करने और उन्हें उपचार देने के लिए आयोजित किया गया है। कार्यक्रम में स्थानीय महिलाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और स्वास्थ्य विशेषज्ञों से अपने सवालों के जवाब भी पाए। इस पहल का संदेश था कि श्नारी शक्ति तभी सशक्त होगी जब मां और बच्चा दोनों स्वस्थ रहेंगे।

## जी.एस. आयुर्वेद मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल में 10वें राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** जी.एस. आयुर्वेद मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल,में 11 से 23 सितम्बर 2025 तक 10वां राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस वर्ष की थीम रही आयुर्वेद जन-जन के लिए, पृथ्वी के कल्याण के लिए दस दिनों तक विभिन्न शैक्षणिक, सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक कार्यक्रम आयोजित हुए। निदेशिका सोनाली शर्मा, प्राचार्य डा.भावना सिंह एवं उप प्राचार्य डा.जीना पटनायक के कुशल नेतृत्व में सम्पन्न हुआ। 19 सितम्बर को संस्कृत क्लब द्वारा नेशनल क्विज कंपीटिशन तथा नुक्कड नाटक प्रस्तुत किया गया, जिसमें भ्रामक विज्ञापनों के विरुद्ध जागरूकता संदेश दिया गया। 20 सितम्बर को ह्योग बनाम जिमह्व विषय पर वाद-विवाद प्रतियोगिता तथा वीडियो-रील प्रतियोगिता आयोजित की गई। 22 सितम्बर को पारंपरिक परिधान दिवस एवं सेल्फी प्वाइंट प्रतियोगिता से छात्रों ने आयुर्वेद की सांस्कृतिक धरोहर को सहेजा। 23 सितम्बर को भगवान धन्वंतरि के पूजन हेतु हवन का आयोजन किया गया, जिसमें संपूर्ण संकाय(फैकल्टी), छात्र एवं गणमान्य व्यक्तियों ने भाग लिया। लाइव मीडिया कवरेज के माध्यम से पंचकर्म, आहार-विहार पर भी जनजागरूकता ैलाई गई। इस आयोजन ने आयुर्वेद की शैक्षणिक, सांस्कृतिक और सामाजिक महत्ता को नए आयाम प्रदान किए।

## तीन पीढ़ियों के बीच मात्र दस हजार रुपये में होगा रजिस्ट्रेशन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धौलाना।** उत्तर प्रदेश सरकार ने पारिवारिक संपत्ति के बंटवारे को लेकर एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। अब तीन पीढ़ियों के बीच पैतृक संपत्ति का बंटवारा और उसका रजिस्ट्रेशन आसान हो गया है।

नए नियम के अनुसार, अब केवल 5 हजार रुपये स्टांप शुल्क और 5 हजार रुपये रजिस्ट्रेशन शुल्क देकर पैतृक संपत्ति का बंटवारा रजिस्टर्ड कराया जा सकता है। यह सुविधा कृषि, आवासीय और वाणिज्यिक संपत्तियों के लिए उपलब्ध है। धौलाना के उप निबंधक ऋचा शुक्ला ने बताया कि यह छूट केवल विभाजन विलेखों पर ही लागू होगी। इसमें पैतृक संपत्ति का विभाजन सहस्वामियों के बीच किया जाएगा। साथ ही, पक्षकारों में तीन पीढ़ियों का होना अनिवार्य है। पहले लोग दानपत्र के माध्यम से संपत्ति को रजिस्टर्ड कराते थे। इसमें 5 हजार रुपये का स्टांप शुल्क और संपत्ति के मूल्य का 1प्रतिशत पंजीकरण शुल्क देना पड़ता था। नए नियम से धौलाना तहसील क्षेत्र के लाखों परिवारों को लाभ मिलेगा। यह छूट फर्म, सोसायटी, ट्रस्ट और कंपनियों के मामलों में लागू नहीं होगी। इस नई व्यवस्था की जानक. ारी लेने के लिए बड़ी संख्या में लोग धौलाना रजिस्ट्री कार्यालय पहुंच रहे हैं।

## अंतर्राज्यीय गिरोह के तीन साइबर ठग गिरफ्तार

**हापुड़।** थाना हाफिजपुर पुलिस व साइबर सैल ने संयुक्त कार्यवाही करते हुए फर्जी फर्म के नाम पर चालू खाता खुलवाकर भोले-भाले लोगों को ट्रैडिंग व गेमिंग ऐप के नाम पर धोखाधड़ी करने वाले अंतर्राज्यीय गिरोह का पर्दाफाश करते हुए तीन शातिर ठगों को गिरफ्तार किया है, जिनके कब्जे से 9,570 रुपये की नकदी, तीन मोबाइल फोन, चौकबुक, पासबुक व अवैध हथियार आदि बरामद हुए है। एएसपी विनीत भटनागर ने पुलिस कार्यालय पर प्रेसवार्ता करते हुए बताया कि थाना हाफिजपुर पुलिस व साइबर सैल द्वारा संयुक्त कार्यवाही करते हुए फर्जी फर्म के नाम पर चालू खाता खुलवाकर भोले-भाले लोगों को ट्रैडिंग व गेमिंग ऐप के नाम पर धोखाधड़ी करने वाले अंतर्राज्यीय गिरोह का पर्दाफाश करते हुए तीन शातिर ठगों को ब्रजनाथपुर नहर पुल पटरी के पास से गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार ठग शातिर किस्म के ठग हैं, जो वीपीएन व पेमेन्ट गेटवे का इस्तमाल करके ठगी करते थे तथा इनके द्वारा उत्तर प्रदेश, केरल, कर्नाटक, तमिलनाडू, महाराष्ट्र व उत्तराखण्ड आदि राज्यों में करीब एक दर्जन ठगी की घटना कारित कर करीब एक करोड़ रुपये की ठगी की गई है। ठगों की पहचान हरीश पुत्र ब्रज सिंह निवासी ग्राम ब्रजनाथपुर थाना हाफिजपुर जनपद हापुड, विशाल पुत्र सुभाष निवासी मकान नं. 57 ए गली नं. 09 ओल्ड आर्य नगर थाना घण्टाघर जनपद गाजियाबाद ओर जुनैद पुत्र नईम निवासी मकान नं.489 मौहल्ला चाहकमाल पुराना बाजार थाना हापुड नगर जनपद हापुड के रूप में हुई है। पुलिस ने इनके कब्जे से 9,570 रुपये की नकदी, तीन मोबा. इल फोन, दो चौकबुक, तीन पास. बुक, दो ब्लेंक चौक, आधार कार्ड एक अवैध तमंचा मय एक जिन्दा कारतूस 315 बोर बरामद हुआ है। ठगों को गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे भेज दिया गया है।




## विधायक ने दुकानदारों को दी नई जीएसटी की जानकारी



**गढ़मुद्रेश्वर।** विधायक हरेंद्र सिंह तेवतिया ने बहादुरगढ़ मंडल के बक्सर बाजार का दौरा किया। उन्होंने जीएसटी बचत उत्सव अभियान के तहत दुकानदारों से मुलाकात की। इस दौरान मंडल अध्यक्ष आशीष चौधरी और अन्य कार्यकर्ता भी मौजूद रहे। तेवतिया ने दुकानदारों को स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा देने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि यह विकसित और आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को पूरा करने में मदद करेगा। विधायक ने नए जीएसटी सुधारों के बारे में भी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि नए जीएसटी सुधार आम जनता और व्यापारियों के लिए फायदेमंद साबित होंगे। छोटे दुकानदारों और लघु उद्योगों को इससे विशेष सुविधाएं मिलेंगी। विधायक ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में यह सुधार सिर्फ आर्थिक कदम नहीं है। यह हर परिवार की खुशी और आशाओं से जुड़ा है।

## रामलीला समिति के तत्वावधान में निकाली श्रीराम वनवास यात्रा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** श्रीरामलीला समिति के तत्वावधान में आयोजित रामल. ीला महोत्सव के दौरान श्रीराम वनवास यात्रा निकाली गई। यह यात्रा भक्तों के लिए आकर्षण का केंद्र रही, जिसमें बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। यात्रा की शुरुआत रामलीला मैदान से हुई। इसके बाद, यह विभिन्न बाजारों और मोहल्लों से होकर गुजरी, जहाँ भक्तों ने राम, लक्ष्मण और सीता का भव्य स्वागत किया। कोठी गेट और माता मोहल्ला में विनोद वर्मा और विनोद गुप्ता ने यात्र का स्वागत किया। कसेरठ बाजार में राजेंद्र वर्मा और भूषण गोयल ने यहाँ उनका स्वागत किया। यात्रा छोटी मंडी, बड़ी मंडी, सर्राफा बाजार, चंडी रोड, और पक्का बाग से होते हुए स्वर्ग आश्रम रोड पहुंची। स्वर्ग आश्रम रोड पर प्रतीक त्यागी और तरुण बंसल ने उनका स्वागत किया। यात्रा में शामिल प्रमुख लोगों में प्रधान विनोद वर्मा, महामंत्री उमेश अग्रवाल, कोषाध्यक्ष शुभम गोयल, वरिष्ठ प्रधान नवीन वर्मा, मीडिया प्रभारी वरुण गोयल और अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे। यह यात्रा पक्का बाग, अतरपुरा चौपाल और तहसील चौपला से वापस रामलीला मैदान पहुँचकर संपन्न हुई।



# टूटी सड़कों की तुरन्त कराएं मरम्मत: मलिक

## कैम्प लगाकर बनायें जाए लोगों के आयुष्मान कार्ड, योजनाओं की दें जानकारी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। कलेक्ट्रेट सभागार में हुई विकास कार्यों की समीक्षा बैठक सोमवार को मानो जवाबदे. ही का इम्तिहान बन गई। बैठक की कमान संभाल रहे उत्तर प्रदेश सरकार के वन, पर्यावरण, जंतु उद्यान एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के राज्यमंत्री श्री के०पी० मलिक ने एक-एक विभाग से जानकारी तो ली ही, साथ ही अधिकारियों को स्पष्ट संदेश भी दिया सरकारी योजनाओं का शत-प्रतिशत लाभ जनता तक पहुँचना चाहिए, लापरवाही कतई बर्दाश्त नहीं।

राज्यमंत्री ने जल निगम अधिकारियों से गांव-गांव पानी की आपूर्ति का पूरा ब्यौरा लिया। उन्होंने दो-टूक कहा कि पाइपलाइन डालने के बाद टूटी सड़कों को तुरंत दुरुस्त कराया जाए। ग्राम प्रधानों के साथ बैठक कर समस्याओं का हल निकालने पर भी उन्होंने जोर दिया। खराब ट्रांसफार्मर बदलने में देरी पर उन्होंने नाराजगी जताई और पीडब्ल्यूडी द्वारा बन रहे अतिथिगृह व अमरोहाखपाकबड़ा मार्ग के चौड़ीकरण कार्य को गुणवत्ता के साथ समय से पूरा करने के निर्देश दिए। 70 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों के आयुष्मान कार्ड कैंप लगाकर बनाए जाने की बात कही। साथ ही टीबी मरीजों की बढ़ती संख्या रोकने के लिए विशेष ध्यान देने की हिदायत दी।प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री आवास योजनाओं की प्रगति पर चर्चा हुई। मंत्री ने कहा कि कोई भी पात्र परिवार घर से वंचित न रहे। सहकारिता, फसल बीमा और उर्वरक उपलब्धता पर अधिकारियों से विस्तृत जानकारी ली गई। मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना को जनपद में ज्यादा प्रचारित करने की बात कही ताकि युवा स्वरोजगार की ओर बढ़ें। ऑपरेशन कायाकल्प की समीक्षा करते हुए उन्होंने कहा कि जर्जर भवनों में किसी भी हालत में स्कूल न चलें। पंचायत भवनों के बेहतर क्रियान्वयन और स्वच्छ भारत मिशन को और प्रभावी बनाने पर बल दिया। बैठक से पहले मंत्री ने स्वास्थ्य शिविर का उद्घाटन किया और स्टालों का निरीक्षण किया। खुद बीपी की जांच कराई और कहा सेवा पखवाड़ा जनता तक योजनाएँ पहुँचाने का सशक्त माध्यम है। बैठक में विधायक महेंद्र सिंह खड्गवंशी, जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स, पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद समेत तमाम अधिकारी मौजूद रहे। मंत्री ने अंत में स्पष्ट कर दिया कि अगली समीक्षा बैठक में परिणाम और बेहतर दिखना चाहिए।



अमरोहा। कलेक्ट्रेट में छात्र को लैपटॉप सौंपते प्रभारी मंत्री केपी मलिक।

## 13 पर गुंडा एक्ट की कार्रवाई

**अमरोहा**। एसपी अमित कुमार आनंद के निर्देश पर जनपद पुलिस ने आपराधिक प्रवृत्ति के 13 बदमाशों के खिलाफ गुंडा एक्ट की कार्रवाई की है। जिसमें अनुज व सौरभ निवासी ढकिया खादर थाना रहरा, कल्याण सिंह निवासी बहादुरपुर मजरा थाना आदमपुर, दीपक कुमार निवासी चकफेरी थाना आदमपुर, आदिल निवासी नीलीखेड़ी थाना डिडौली, समीर निवासी मोहल्ला सराय को. हना थाना अमरोहा नगर, दिलशाद उर्फ नाटी निवासी मोहल्ला दानिशमंदान थाना अमरोहा नगर, साहिद निवासी मोहल्ला सफरपोता, मोहम्मद जुनेद निवासी मोहल्ला बंगला कसाईखाना थाना अमरोहा नगर, मुरसलीन निवासी नूरपूर तुलाकाबाद थाना रजबपुर, चमन निवासी जोजखेड़ा, वसीम निवासी ककराली थाना डिडौली और फैसल निवासी कांकर सराय थाना अमरोहा देहात शामिल हैं।

## आजम की रिहाई पर सपाई गदगद



**शाह टाइम्स ब्यूरो अमरोहा**। पूर्व मंत्री आजम खां के जेल से बाहर आने पर सपाईयों ने मिठाई बांटकर एक दूसरे को बधाई दी। पार्टी कार्यालय पर आयोजित बैठक में वक्ताओं ने कहा कि 23 माह से सीतापुर जेल में बंद आजम खां की रिहाई से एक बात साफ हो गयी कि इंसाफ की हमेशा जीत होती है। भाजपा सरकार ने उन पर झूंठे मुकदमे लगाकर जेल भेजा था। उनके जेल से बाहर आने से पार्टी और मजबूत होगी तथा 2027 के विधानसभा चुनाव में सपा की प्रदेश में अगली सरकार बनेगी। उन्होंने कार्यकर्ताओं से अभी से विधानसभा चुनाव की तैयारी में जुट जाने का आह्वान किया। बैठक में जिलाध्यक्ष मस्तराम सिंह, पूर्व राज्यमंत्री जगराम सिंह, चन्द्रपाल सैनी, मुख्तार नकवी, महमूद अली, संतराम यादव, प्रतीक सिंह धारीवाल, कैसर परवेज, नवनीत गोला, जिताम्बर यादव, अतीक अहमद आदि मौजूद रहे।

# टाईल्स शोरूम से नकदी समेत डेढ़ लाख का सामान चोरी

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला**। चोरों ने नगर के भानपुर में स्थित एक टाईल्स व

**पिछले शटर को उठाकर चोरों ने दिया घटना को अंजाम**

सेनेट्री स्टोर के पिछले शटर को ऊपर उठाकर प्रवेश कर लिया और गल्ले में रखी 89 हजार रूपये की नकदी समेत लगभग डेढ़ लाख रूपये का सामान चोरी कर लिया। सुबह स्वामी जब शोरूम खोलने पहुंचे तो चोरी की घटना का पता चला। पुलिस ने घटनास्थल का मुआयना कर लिया है। जानकारी के अनुसार नगर मण्डी धनौरा के मौहल्ला कटरा निवासी इरफान अहमद पुत्र





इस्लामुद्दीन की कलर टाईल्स के नाम से शोरूम है। 23 सितम्बर की रात को चोरों ने शोरूम के पिछले शटर को ऊपर उठाकर उसके लॉक तोड़ दिए और अंदर घुस गए। यहां पर सेचोरों ने डीवीआर सहित पीतल आदि की कीमती टोंटियां और गल्ले में रखे 89940 रूपये की नकदी चोरी कर ली। सुबह जब इरफान यहां पहुंचे तो चोरी के बारे में पता चला। पुलिस ने सूचना मिलने पर मौका मुआयना किया। इरफान ने बताया कि घटना में उसे करीब डेढ़ लाख रूपये की क्षति हुई है। चोर डीवीआर भी चोरी करके ले गए ताकि सीसीटीवी फुटेज भी न मिले। वहीं पुलिस ने शोरूम स्वामी को चोरी के जल्द खुलासे का भरोसा दिया है। बता दें कि नगर में कुछ दिनों पहले मायापुरी में भी परचून की दुकान में चोरी हुई थी, अभी उसका भी खुलासा नहीं हो सका है। पुलिस का कहना है कि टीम जुटी हुई है।

# देह व्यापार में धकेलना चाहते हैं भाई

## पीड़िता ने लगाई इंसाफ की गुहार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर**। बहन की तलाक करवाने के बाद ढाई लाख रुपये उसके भाईयों ने गबन उसका कर लिया। बहन से देह व्यापार कराने के लिए भाईयों द्वारा दबाव डाला जा रहा है। विवाहिता ने डीआईजी को पत्र भेजकर न्याय करने की गुहार लगाई है।

नगर के मोहल्ला सम्भल रोड बस स्टैंड चौराहा के समीप में एक बड़ा ही सनसनी खेज मामला प्रकाश में आया है। जहां भाई अपनी बहन की जान माल की हिफाजत करने की कसमें खाते हैं। अपनी बहन के मान सम्मान के लिए अपनी जान तक दे देते हैं। यदि बुरी नीयत से बहन के ऊपर कोई उंगली उठा दे तो भाई मरने मारने से भी पीछे नहीं हटते है। लेकिन इस मामले में हालात पूरी तरह से उल्टे हैं। एक विवाहिता ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल किया है। जिसमें वह कह रही है कि उसकी शादी हुई थी। उसके पास तीन बच्चे हैं। उसके भाइयों ने जबरदस्ती उसका पति से तलाक करवा दिया। तलाक के फैसले में जो ढाई लाख रुपया मिला था उसको भाइयों ने गबन कर लिया। जब उसने उस पैसे को मांगा ताकि वह दूसरी शादी कर सके तथा अपने बच्चों का पालन कर सके। यह सुनकर उसके भाई आग बबूला हो गये। उसके बाद उसके भाइयों ने उसे एक कमरे में बंद कर दिया तथा खाने पीने को भी कुछ नहीं दिया। उसके साथ बहुत जुल्म किया जा रहा है। उसका मोबाइल छीन लिया गया है तथा उसके साथ बात बात पर मारपीट की जाती है। उसके भाई ना तो उसे काम करने दे रहे हैं और ना ही उसके बच्चों को कुछ करने दिया जा रहा है। विवाहिता ने भाइयों पर सनसनी खेज आरोप लगाते हुए बताया कि उसके भाई उससे देह व्यापार करवाना चाहते है। ताकि वह पैसा कमा सकें। विवाहिता का कहना है कि बीते दिन उसके भाइयों ने उसके साथ जमकर मारपीट की तब उसकी कुंवारी बहन उसे बचाने के लिए आई तो उसको भी पीटा गया है। विवाहिता ने डीआईजी मुरादाबाद को पत्र भेज कर इंसाफ करने की गुहार लगाई है। सोशल मीडिया पर चल रहे वीडियो को देखकर लोग बस एक ही बात कह रहे हैं कि ऐ ऊपर वाले ऐसे नालायक भाई किसी को मत देना।

# मुकुट पूजा के साथ रामलीला का शुभारंभ

## पहले दिन नारद मोह का मंचन



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। मंत्रोचरण के बीच हुए मुकुट पूजन के साथ श्री धार्मिक रामलीला का शुभारंभ हो गया। पहले दिन नारद लीला का मंचन किया गया। जिसमें भक्तों की भारी भीड़ दिखाई दी।

प्रशासन द्वारा गठित कमेटी के तत्वाधान में बुधवार को नगर के जेएस हिन्दू इंटर कालेज के मैदान में वैदिक मंत्रों तथा मुकुट पूजा के साथ रामलीला का शुभारंभ एसपी अमित कुमार आनन्द, पालिकाध्यक्ष श्रीमति शशि जैन, एडीएम गरिमा सिंह द्वारा किया गया। श्री दुर्गा सीनरी कला केन्द्र मेरठ के कलाकारों ने गणेश वंदना राम स्तुति व नारद मोह की लीला का भव्य मंचन का सभी का दिल जीत लिया। कार्यक्रम में एसडीएम शैलेन्द्र दूबे, सीओ शक्ति सिंह, कोतवाली प्रभारी पंकज तोमर, विमल टंडन, करूणेश गोयल, शारदुल अग्रवाल, राकेश वर्मा, कुंवर विनीत अग्रवाल, योगेश जैन, अनिल स्वरूप टंडन, विनोद गुप्ता, रमेश कालू, ब्रजेश चौधरी, सुबोध रस्तौगी, मनोज माहेश्वरी, अशोक गुप्ता, राम सिंह सैनी आदि मौजूद रहे।

# विवाहिता को दहेज के लिए दिया तीन तलाक

## पति समेत सात के खिलाफ रिपोर्ट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नौगांवा सादात**। नौगांवा सादात। ससुराल वालों ने विवाहिता के लिए शारी. रिक और मानसिक रूप से प्रताड़ित किया। विरोध करने पर मारपीट की। पति ने तीन तलाक देकर रिश्ता तोड़ लिया। मामले में पुलिस ने पति समेत सात लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

थाना क्षेत्र के बीलना गांव में वकील अहमद का परिवार रहता है। उन्होंने अपनी बेटी बुशरा की शादी 2 फरवरी 2024 को बिजनौर जनपद के मोहल्ला हजरत नगर के रहने वाले नदीम के साथ की थी। आरोप है कि शादी के बाद से ही ससुराल वाले बुशरा को दहेज के लिए प्रताड़ित करने लगे। फिलहाल बुशरा अपने मायके में पिता के घर रहती है। 28 मई 2025 की शाम पांच बजे ससुराल वाले घर में घुस आए और दहेज की मांग दोहराई। विरोध करने पर मारपीट की। पति ने तीन तलाक देकर रिश्ता तोड़ लिया। लोगों की भीड़ जमा होने पर आरा. ेपी धमकी देते हुए चले गए। सीओ अवधभान भदोरिया ने बताया कि मामले में नदीम, सलीम, शाहरुख, हसीना, बाबू खान, नूर अफसा, तमन्ना के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

## अशफाक ने 50 टीबी मरीज लिए गोद



**शाह टाइम्स ब्यूरो नौगांवा सादात**। पूर्व विधायक अशफाक अली खां ने टीबी के 50 मरीजों को गोद लिया है। इन सभी को पौष्टिक आहार के रूप में पोटली दी गयी। बताते चलें कि स्वास्थ्य विभाग के डाक्टरों ने पूर्व विधायक अशफाक अली खां से सम्पर्क कर उनसे नगर के टीबी रोगियों को गोद लिये जाने का अनुरोध किया था। जिस पर पूर्व विधायक अशफाक खां ने अपनी रजामंदी जताते टीबी रोगियों को गोद लिया तथा उन्हें पौष्टिक आहार के रूप में पोटली भेंट की। इस अवसर पर प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डा. आरिफ समी, डा. आमोल, डा. प्रिंस व डा. दिव्या आदि मौजूद रहीं।

# सांप के डसने से तीन घायल, भर्ती

## लोगों में दहशत का माहौल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जोया**। डिडौली थाना क्षेत्र में अलग-अलग घटनाओं में तीन लोग सर्पदंश का शिकार हो गए। सोमवार देर शाम डिडौली थाने में रसोइया के रूप में कार्यरत डिडौली निवासी प्रशांत कुमार घर लौटते समय सांप के काटने से घायल हो गए।दूसरी घटना मूंढा ईम्मा गांव की है। यहां मोहम्मद रिहान की पत्नी नगमा रसोई में खाना बना रही थींद्य तभी अचानक सांप ने उन्हें काट लिया। वे बेहोश हो गईं। स्वजनों ने तत्काल उन्हें मुरादाबाद स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती करायाद्य जहां उनका उपचार चल रहा है। स्वजनों के अनुसार उनकी हालत में अब सुधार है।तीसरी घटना थाना क्षेत्र के नूरी मुबारकपुर गांव में हुई। यहां किसान शमशाद हुसैन मंगलवार शाम आंगन में जमी घास की सफाई कर रहे थेद्य तभी सांप ने उन्हें डंस लिया। स्वजन उन्हें तुरंत निजी अस्पताल ले गए। उपचार के बाद स्वास्थ्य लाभ मिलने पर उन्हें घर भेज दिया गया।लगातार हो रही इन घटनाओं से ग्रामीणों में दहशत का माहौल है।

# सात सफाई कर्मियों का वेतन काटने के आदेश

## ड्यूटी के दौरान मिले अनुपस्थित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। निरीक्षण के दौरान ड्यूटी से गायब मिले सात सफाई कर्मियों का वेतन काटने का आदेश ईओ द्वारा दिया गया है। उन्होंने साफ चेता. वनी दी कि काम में लापरवाही किसी भी हाल में सहन नही की जायेगी। कार्रवाई से सफाई कर्मियों में हड़कम्प मचा है।

बुधवार को ईओ डा. ब्रजेश कुमार ने नगर के मौहल्ला खालसा का निरीक्षण किया। यहां सात सफाई कर्मी राजेन्द्र सिंह, गुड़िया, मोना व माला देवी अनुपस्थित पाये गये। सभी का वेतन काटने के आदेश दिये गये। इसके बाद ईओ ने मौहल्ला मंडी चौब में सफाई व्यवस्था पर नजर डाली। यहां डयूटी पर लगाये गये तीन सफाई कर्मी मौके पर नहीं मिले। ईओ ने काम के प्रति लापरवाही बरतने पर सात सफाई कर्मियों का वेतन काटने का आदेश दिया है। उन्होंने कहा कि काम के प्रति लापरवाही किसी भी हाल में सहन नहीं



की जायेगी। नगर के सफाई व्यवस्था से किसी प्रकार का समझौता नहीं किया जायेगा। जिन लोगों को जो जिम्मेदारी दी गई है उसे वह पूरी ईमानदारी से करें।

## बीमारियों से बचाव को सफाई जरूरी: तंवर



**शाह टाइम्स ब्यूरो अमरोहा**। सांसद कंवर सिंह तंवर ने कहा कि जीवन में सफाई का विशेष महत्व है। उन्होंने डोर टू डोर कूड़ा एकत्र करने वाले वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। नगर पालिका द्वारा स्वच्छता ही सेवा मिशन के अन्तर्गत चलाये जा रहे कार्यक्रमों को लेकर सांसद कंवर सिंह तंवर ने डोर टू डोर कूड़ा कलेक्ट करने वाले वाहनों को हरी झंडी दिखायी। इस दौरान उन्होंने कहा कि सफाई जीवन का महत्वपूर्ण पहलू है। इस पर ध्यान दिये बिना स्वस्थ शरीर की कल्पना नहीं की जा सकती। उन्होंने लोगों से अपील करते कहा कि वह नगर को स्वच्छ बनाये रखने में अपना सहयोग दें। इस मौके पर चेयरमैन श्रीमति शशि जैन, ईओ डा. ब्रजेश कुमार आदि मौजूद रहे।

# राम के वन जाते ही अयोध्या में छाई मायूसी

## मार्मिक वर्णन देख भावुक हुए भक्त



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा**। श्री रामलीला प्रबंध समिति मंदिर महादेव के तत्वावधान में चल रहे रामलीला महोत्सव में सोमवार रात राम वन गमन प्रसंग का भव्य मंचन हुआ। अयोध्या से आए ब्रजकिशोर महाराज श्री किशोर आदर्श रामलीला मंडल के कलाकारों ने अपने जीवंत अभिनय और संवादों से दर्शकों को भावविभोर कर दिया। जब राम वन गमन की कथा का मार्मिक वर्णन किया तो श्रद्धालु भावुक हो गए।

राम, लक्ष्मण और सीता के वन गमन का दृश्य मंच पर जैसे ही साकार हुआ, पूरा पंडाल जय श्रीराम के नारों से गूंज उठा। दर्शकों ने तालियों की गड़गड़ाहट से कलाकारों का उत्साह बढ़ाया। महोत्सव में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी और वातावरण भक्तिमय हो गया। इस अवसर पर नगर पालिक. ाध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल एवं समिति अध्यक्ष जागेश अग्रवाल विशेष रूप से मौजूद रहे। साथ ही बजरंग दल प्रांत गौरक्षा प्रमुख हेमंत सारस्वत, जगअवतार त्यागी, ओमकार गर्ग, राजेंद्र सिंघल, पवन गुप्ता, अवनीश कुमार, कपिल अग्रवाल, शरद गर्ग, वीरेंद्र शर्मा, सुनील अग्रवाल, सुधीर अग्रवाल, राजू बादशाह, सुनील प्रजा. पति, दिवेश तंवर, अक्षय अग्रवाल, अमरजीत कोहली, मिंटू सिंह, पारस सहित बड़ी संख्या में गणमान्य लोगों ने उपस्थिति दर्ज कराई। भक्ति और संस्कृति का अद्भुत संगम बने इस आयोजन ने एक बार फिर साबित किया कि रामलीला केवल नाटक नहीं, बल्कि हमारी आस्था और परंपरा का जीवंत उत्सव है

# डग्गामार वाहनों का रैन बसेरा बना मस्जिद गेट

## शिकायत के बाद भी प्रशासन खामोश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर**। नगर के सम्भल अड्डा स्थित मस्जिद के सामने पुलिस की विभाग की मिली भगत से खुलेआम इन दिनों डग्गामार वाहनों को खड़ा किया जा रहा है। जब नमाजियों के द्वारा जब इसकी शिकायत पुलिस से की गई तो उन्होंने इस मामले को अनसुना कर दिया। इससे मुस्लिम समुदाय के लोगों के लोगों में नाराजगी है। और इससे मस्जिद में नमाज अदा करने आने वाले लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। चालकों द्वारा वाहनों के खड़े किये जाने से न केवल मार्ग संकरा हो जाता है बल्कि जाम की स्थिति भी उत्पन्न हो जाती है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि बार-बार मना करने के बावजूद डग्गामार वाहन चालक मस्जिद के ठीक सामने अपने वाहन खड़े कर देते हैं। इसके चलते नमाजियों को मस्जिद में आने-जाने में दिक्कत होती है। वहीं ट्रैफिक जाम की वजह से आमजन को भी काफी समस्या झेलनी पड़ती है। लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि मस्जिद के सामने डग्गामार वाहनों की पार्किंग पर तुरंत रोक लगाई जाये। और वैकल्पिक स्थान उपलब्ध कराया जाये। ताकि धार्मिक स्थल पर आने वाले लोगों को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

## मारपीट में दो के खिलाफ रिपोर्ट

**अमरोहा**। पेड़ की जड़ निकालने के विरोध पर हमला कर दिया। लाठी-डंडों से पिटाई की। मामले में पुलिस ने दो आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। घटना नौगावां सादात थाना क्षेत्र के गांव कमालपुरी में मंगलवार दोपहर की है। यहां पर किसान जितेंद्र सिंह का परिवार रहता है। उनका बेटा राजेश खेत पर काम कर रहा था, साथ में खुद जितेंद्र सिंह और फरीदाबाद में रहने वाली मौसी कुसुम भी थीं। आरोप है कि उसी दौरान ताऊ गजेंद्र सिंह के बेटे सुधीर व कपिल भाई वहां पहुंच गए। दोनों मेढ़ पर लगे पेड़ की जड़ निकालने लगे। विरोध करने पर लाठी-डंडों से हमला कर राजेश को घायल कर दिया। इतना ही नहीं आरोपियों ने बेटे के बचाव में आए जितेंद्र सिंह और मौसी कुसुम के साथ भी मारपीट की। शोर सुनकर खेतों में काम कर रहे लोगों ने मौके पर पहुंचकर तीनों को बमुश्किल बचाया। इसके बाद आरोपी धमकी देते हुए चले गए। प्रभारी निरीक्षक सुनील कुमार ने बताया कि मामले में आरोपी सुधीर व कपिल के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। घटना की जांच शुरू कर दी है। आरोपियों को जल्दी ही गिरफ्तार किया जाएगा।

# वाहनों पर जाति लिखाने वालों पर होगी कार्रवाई:डीआईजी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** वाहनों के नंबर प्लेट पर जातिसूचक शब्द लिखवाने वालों पर अब कार्रवाई होगी। बरेली रेंज के चारों जिले में बृहस्पतिवार से अभियान चलाया जाएगा।

इस संबंध में डीआईजी ने चारों जिलों के पुलिस अफसरों को निर्देश दिए हैं। कई वाहनों या उसकी नंबर प्लेट पर जातिसूचक शब्द लिखकर या कोई चिह्न बनाकर लोग यातायात नियमों को तोड़ रहे हैं। अब ऐसा करने वाले वाहन चालकों पर हाईकोर्ट के आद. ेश के बाद शिकंजा कसने की तैयारी शुरू हो गई है। डीआईजी बरेली रेंज अजय कुमार साहनी ने रेंज के चारों जिलों बरेली, बदायूं, शाहजहांपुर और पीलीभीत में बृहस्पतिवार से अभियान चलाने का निर्देश दिया है।

डीआईजी अजय कुमार साहनी ने कहा है कि किसी भी निजी और सरकारी वाहन पर जातिसूचक नाम या चिह्न नहीं दिखना चाहिए। इस बारे में चारों जिलों के पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं। पुलिस द्वारा विशेष अभियान चलाकर लोगों को जागरूक किया जाएगा। इसके बाद भी अगर कोई ऐसा करता है तो उस पर विधिक कार्रवाई की जाएगी। जुर्माना भी लगाया जाएगा।

सोशल मीडिया के जरिए भी जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। लोगों का जागरूक किया जा रहा है कि वाहनों पर जाति लिखना अपराध है। इसके अलावा थानों में लगे नोटिस बोर्ड और रिकॉर्ड में भी जाति का उल्लेख नहीं किया जाएगा।

# उद्यमी यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो में दिखाएंगे अपने उत्पादों का हुनर

■ **ग्रेटर नोएडा में 25 से 29 सितंबर तक दिखेगी जरी-जरदोजी, फार्मा और ऑर्गेनिक प्रोडक्ट्स की चमक**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के विजन के अनुरूप उत्तर प्रदेश की पहचान और हुनर को वैश्विक मंच देने के लिए यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो का तीसरा संस्करण 25 से 29 सितंबर तक ग्रेटर नोएडा के इंडिया एक्सपो मार्ट में आयोजित हो रहा है। इस बार शो में हथकरघा और हस्तशिल्प से जुड़े



लगभग 120 उद्यमी अपने-अपने उत्पाद पेश करेंगे।

इनमें बरेली मंडल के 29 उद्यमी भी शामिल हैं। वह जरी-जरदोजी से लेकर फार्मा और ऑर्गेनिक प्रोडक्ट्स तक अपनी कला और क्रिएटिविटी का जलवा बिखेरेंगे। कमिश्नर बरेली भूपेंद्र एस चौधरी ने बताया कि बरेली, बदायूँ, पीलीभीत और शाहजहाँपुर में से सबसे ज्यादा 20 उद्यमी बरेली से शामिल हो रहे हैं। इनमें 8 ओडीओपी इकाइयाँ, 5 महिला, एमएसएमई उद्यमी, 4 नए निर्यातक और 3 नियमित निर्यातक हैं। बदायूँ से 2, पीलीभीत से 6 और शाहजहाँपुर से 1 उद्यमी अंतरराष्ट्रीय मंच पर मंडल का प्रति. निधित्व करेंगे।

बरेली की पहचान काफी लंबे समय से जरी-जरदोजी रही है। इस कला को आगे बढ़ाते हुए वासिक (वनाकृति क्राफ्ट, केन एंड बैम्बू), नवाब (नवाब जरी आर्ट), रश्मि (रश्मि जरी आर्ट), शहनाम, शिखा, शालू सक्सेना (कमल ट्रेडर्स), अमित कुमार (अमन एटायर) और आतिफ खान (एस. ए. इंटरनेशनल) अपनी कारीगरी को प्रस्तुत करेंगे।

इसके अलावा, गौरव मित्तल (एरोमैटिक एंड एलाईड ऑर्गेनिक प्रोडक्ट्स), मनीष जैन (कैल्विन नैचुरल मिंट), अभिनव (हाइड एंड सूटोर एक्जिम लेदर प्रोडक्ट्स), संदीप झावर (अंजनी नंदन पैकेजिंग) और हर्षित गोयल (एचएनवी फार्मा मेडिकल गुड्स) जैसे निर्यातक अपने नए और आधुनिक प्रोडक्ट्स लेकर अंत. रराष्ट्रीय बाजार में उतरेंगे।

## एक नजर

# एसएसपी के आदेश पर बाइक सवार पर हत्या के प्रयास का मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शीशगढ़।** थाना क्षेत्र के ग्राम मदनापुर में बीती 16 सितंबर को बाइक की टक्कर से घायल हुए तीन वर्षीय बालक के पिता की शिकायत पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के आदेश पर पुलिस ने बाइक चालक के खिलाफ हत्या के प्रयास का मुकद्दमा दर्ज किया है।

ग्राम मदनापुर निवासी रियासत खां ने एसएसपी को शिकायत कर बताया कि उनका तीन वर्षीय पुत्र अयान अपने पड़ोस में रहने वाले ताऊ के घर से आ रहा था। तभी सामने से तेज गति से आ रही बाइक ने उसके टक्कर मार दी थी। टक्कर लगने उनका पुत्र बुरी तरह घायल हो गया था स इसकी शिकायत उन्होंने थाना पुलिस से भी की था परन्तु कोई भी कार्यवाही नहीं हुई थी। थक हार कर घायल बालक के पिता ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक से शिकायत कर कार्यवाही की गुहार लगाई थी।

# महिला के साथ मारपीट, देवर-देवरानी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** बाइक के पैसे मांगने आए देवर और देवरानी ने महिला के साथ मारपीट की, जिससे वह चुटैल हो गई। महिला ने देवर देवरानी के खिलाफ थाने में तहरीर दी है। पीड़िता महिला गायत्री पत्नी राजू निवासी मोहल्ला शाहगढ़ का कहना है कि बीती रात वह अपने दरवाजे पर खड़ी थी, तभी उसका देवर नन्हे मोटरसाइकिल के रुपये मांगने को लेकर उसके पास आया और रुपये मांगने लगा। तब उसने कहा कि बैठ कर बात कर लो, लेकिन वह कुछ सुनने को तैयार नहीं हुआ, और उसने उसे मां बहिन की गन्दी-गन्दी गालियां देने लगा। जब उसने गालियों का विरोध किया तो उक्त नन्हे व नन्हे की पत्नी वंदना यह दोनों उसे लातो-घूसों व डन्डे से पीटने लगे। वन्दना ने उसके सिर में डन्डा मार दिया। उसे पीटता देख आसपास के लोग आ गये और उक्त दोनों से उसे बचाया। पिटाई से उसके सिर में चोट आयी हैं, उक्त दोनों देवर व देवरानी ने उसे जान से मारने की धमकी दी है। घटना के बाद वह अपने ससुर मिश्री लाल के साथ थाने रिपोर्ट दर्ज पहुंच गई। जिसपर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# मोहम्मद हैदर बने केसीएमटी 2025 के मिस्टर फ्रेशर

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**सेंथल।** कस्बा निवासी मोहम्मद हैदर को केसीएमटी कॉलेज में 2025 का मिस्टर फ्रेशर घोषित किया गया।

मिस्टर फ्रेशर की प्रतियोगता में अनेक छात्रों ने भाग लिया था। जिसमें सबको पछाड़ते हुए मोहम्मद हैदर बाजी मार ले गए। ज्ञात रहे कि इससे पूर्व लखनऊ के अटल बिहारी बाजपाई मेमोरियल इंटर नेशनल यूथ सेंटर हुसैनाबाद में हुई सीनियर स्टेट ताईक्वांडो प्रतियोगता में भी श्री हैदर प्रथम पुरस्कार पा चुके हैं।

बता दें कि मोहम्मद हैदर सेंथल नगर पंचायत के सफाई नायक रईस हैदर के पुत्र हैं। बच्चे की कामयाबी पर कस्बे के लोगों ने हर्ष व्यक्त कर मुबारकबाद दी। सेंथल नगर पंचायत अध्यक्ष कंबर एजाज शानू ने छात्र मोहम्मद हैदर की उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए कहा है कि मोहम्मद हैदर सेंथल का गौरव और अन्य छात्रों के लिए प्रेरणा स्रोत्र हैं। साथ ही उन्होंने छात्र को हर संभव मदद देने का वायदा भी किया। इधर केसीएमटी कॉलेज के जनरल डायरेक्टर डॉक्टर अमरेश कुमार व मैनेजिंग डायरेक्टर डॉक्टर विनय खंडेलवाल व डॉक्टर आरके सिंह प्रिंसिपल व डॉक्टर मोनिका सक्सेना व डॉक्टर शालिनी गुप्ता ने उपहार भेट किया और बच्चे के उज्जवल भविष्य की कामना की।


# शान्ति व्यवस्था को पुलिस ने निकाला मार्च

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शीशगढ़।** कस्बे में शान्ति व्यवस्था बनाए रखने एवं अपराधिक प्रवृति के लोगों को चेतावनी देने के उद्देश्य से आज बुधवार को शीशगढ़ पुलिस ने कस्बे में फ्लैग मार्च निकाला।

प्रभारी निरीक्षक हरेन्द्र सिंह के नेतृत्व में थाने से फ्लैग मार्च थाने से शुरू होकर बिलासपुर बस अड्डे, मोहल्ला गोड़ी होते हुए नगर पंचायत कार्यालय के सामने से गुजरता हुआ बरेली बस अड्डे पर पहुंचा।

बरेली बस अड्डे से वापस मोहल्ला पड़ाव से गुजरता हुआ थाने पर जाकर समाप्त हो गया। फ्लैग मार्च निकलकर पुलिस ने यह संदेश दिया कि पुलिस हर जगह मुस्तैद है।



# दहेज की मांग पूरी न करने पर तीन तलाक, ससुरालजनों पर मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** दहेज की मांग पूरी न करने पर एक युवक ने अपनी पत्नी को तलाक दे दिया। पत्नी की तहरीर पर पुलिस ने ससुराल वालों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली।

एक युवती ने अपनी ससुराल वालों पर दहेज के लिए मारपीट कर घर से निकालने और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। अनम पुत्री रईस अहमद का कहना है कि उसकी शादी एक वर्ष पूर्व जुलाई में मुस्लिम रीति रिवाज से दानिश पुत्र अब्दुल वहीद निवासी ग्राम तुरकुनिया थाना अमरिया जिला पीलीभीत से हुई थी। शादी के बाद से ही पति दानिश, सास अनीसा, ससुर अब्दुल वहीद, ननद यासमीन, परवीन, उसरा व देवर नासिर शादी के कुछ दिन बाद से दहेज में मोटर साईकिल व नगद 25 हजार रूपये की मांग करने लगे, और मांग पूरी न होने पर उसके साथ गाली गलौच करते थे, प्रताड़ित करने लगे, वह कुछ दिन तक तो अपना घर बनाने की वजह से सबकुछ सहती रही, तथा 1 सितंबर को समय करीब शाम के 06 बजे उक्त सभी लोग एकराय होकर उसको दहेज को लेकर मारपीट कर घर से भगाने लगे, तभी उसने उक्त लोगों से कहा कि उसे घर से मत निकालो, वह दहेज के लिए तुम्हारा जुर्म सहती आ रही हूं, फिर भी तुम लोग मुझे घर से निकालना चाहते हो।

उसके पति से उक्त सभी लोगो ने कहा कि इसको तलाक दे दो, तब उसके पति दानिश ने उक्त सभी लोगों के कहने से एक ही बार में एक साथ तीन बार तलाक कह दिया। उसको तीन तलाक देने के बाद उसका देवर नासिर उसका हाथ पकड़कर घर से निकालने लगा, तभी वह चीखने चिल्लाने लगी। चीख पुकार सुनकर गांव के अन्य लोग आ गये, जिन्होंने उक्त लोगों को ललकारा तभी उसका पति उसको पकड़कर जबरन मोटर साईकिल पर बैठाकर फरीदपुर चौकी से आगे मढ़ी पर खाली पहने कपड़ों में छोड़कर चला गया, तथा उक्त सभी लोगों ने शिकायत करने पर जान से मारने की ऐलानियां धमकी दी है। महिला की तहरीर के आधार पर पुलिस ने पति दानिश पुत्र अब्दुल वाहिद, अनीसा पत्नी अब्दुल वाहिद, अब्दुल वाहिद, यास्मीन, परवीन, उसरा, नासिर पुत्र अब्दुल वाहिद निवासी तुरकुनिया थाना अमरिया जिला पीलीभीत के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# बाइक में घुसे आवारा पशु ने व्यापारी को किया घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फतेहगंज पश्चिमी।** नगर क्षेत्र में आवारा पशुओं की समस्या दिन-ब-दिन बढ़ती जा रही है। बुधवार को पुलिस चौकी के बराबर में अपनी दुकान पर जा रहे अंसारी मोहल्ला निवासी कपड़ा व्यापारी मोहम्मद तौहीद की बाइक के सामने अचानक से आवारा पशु ने हमला कर दिया इस दौरान व्यापारी मोहम्मद तौहीद बाइक सहित गिरकर चोटिल हो गया। आसपास के लोगों ने किसी तरह उसे पशु से बचाकर सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया। व्यापारी मोहम्मद तौहीद का एक्सरा होने पर उनके पैर की दो अंगुली टूटी व हाथ में चोट लगी। स्थानीय लोगों ने बताया कि कस्बे की गलियों और मुख्य सड़क पर कई दिनों से आवारा पशु खुलेआम घूम रहे हैं, जिससे राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। नगर पंचायत प्रशासन से बार-बार शिकायत किए जाने के बावजूद अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द आवारा पशुओं को पकड़कर सुरक्षित स्थानों पर भेजा जाए।

# कस्बे में दरगाह हाजी बाबा के उर्स में कुल शरीफ की रस्म हुई अदा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फतेहगंज पश्चिमी।** कस्बे में दरगाह हाजी बाबा के 41वें सालाना उर्स में बुधवार को कुल शरीफ की रस्म अदा की गई। फज्र की नमाज के बाद शुरू हुए कार्यक्रम में अकीदतमंदों ने चादरपोशी व गुलपोशी कर मुल्क की खुशहाली की दुआ मांगी।

अजमेर शरीफ से आए सज्जादा नशीन गफ्फार मियां ने चादर व फूल पेश कर फातहा पढ़ी। महफिल में वच्चा कव्वाल ने कलाम पेश किए। कमेटी प्रबंधक साहिल अंसारी ने कहा कि सूफी



परंपरा कौमी एकता की मिसाल है। इस मौके पर सरदार अंसारी, हसनैन, कलीम, असलम कव्वाल, रियाज अहमद व बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# जनसुविधा केन्द्र संचालक के खिलाफ धोखाधड़ी की रिपोर्ट दर्ज

■ **तहसीलदार की कार्यवाही से दूसरे केन्द्र संचालकों में मची खलबली**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** फर्जी ढंग से आय और जाति प्रमाण पत्रों को जारी किए जाने की मिली शिकायत पर 22 सितम्बर को तहसीलदार दुष्यन्त प्रताप सिंह के निर्देश पर नायब तहसीलदार सत्यवीर सिंह ने तहसील गेट की दूसरी मंजिल पर बनी दुकानों में संचालित एक जनसुविधा केन्द्र पर छापा मारा था, जबकि एक संचालक अपना केन्द्र बन्द कर फरार हो गया था।

नायब तहसीलदार सत्यवीर सिंह ने खुले मिले जनसुविधा केंद्र से कुछ अभिलेख, मोहरें और लैपटॉप आदि को कब्जे में ले लिया था। नायब तहसीलदार सत्यवीर सिंह और उनके कर्मियों द्वारा लैपटॉप को खोलने का भरसक प्रयास किया लेकिन वह ओपन नहीं हो सका था।

इस मामले में तहसील की टीम ने जांच की, जिसमें कई फर्जी प्रमाण पत्र जारी किए जाने का खुलासा हुआ। जिसपर नायब तहसीलदार सत्यवीर सिंह ने अपनी विस्तृत रिपोर्ट तहसीलदार को प्रेषित की। जिसपर तहसीलदार दुष्यन्त प्रताप सिंह ने जनसुविधा केन्द्र का लाइसेंस निरस्त करने का पत्र संबंधित अधिकारियों को भेजा है। इसके साथ ही तहसीलदार दुष्यन्त प्रताप सिंह ने इस मामले में केन्द्र संचालक नेमचंद्र पुत्र नारायन दास और उसके सहयोगी विजय कुमार के खिलाफ थाना नवाबगंज में धोखाधड़ी सहित कई संगीन धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

जांच के दौरान तहसील की टीम को क्षेत्र के गांव मुड़िया भीकमपुर के रामौतार पुत्र विद्याराम के नाम पर 21.12.2021 को जारी किए गए जाति प्रमाण पत्र पर महेन्द्र प्रताप सिंह तहसीलदार के डिजिटल हस्ताक्षर अंकित पाए गए, जबकि वह इस समय इस पद पर तहसील में तैनात ही नहीं थे।

4.2.2025 को कस्बे की बगिया मोहल्ला की रहने वाली रुखसाना पत्नी बबलू का जाति प्रमाण पत्र निर्गत किया गया है, जिसमें अरविन्द कुमार सिंह के डिजिटल हस्ताक्षर पाए गए, जबकि इस समय वह खुद तहसीलदार के पद पर तैनात हैं। इसके साथ ही ग्राम बहोरनगला की बसंती देवी पत्नी गांधी उपनारायन का जाति प्रमाण पत्र 21.12.2022 को जारी किया गया, जिसमें मौजूदा तहसीलदार दुष्यन्त प्रताप सिंह के डिजिटल हस्ताक्षर अंकित किए गए थे, जबकि वह इस समय तहसील में तैनात ही नहीं थे।

# महाभारतकालीन लीलौर झील में डूबकर किशोर की मौत





■ **कड़ी मशक्कत के बाद 15 घंटे बाद मिला शव**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** रामनगर स्थित महाभारतकालीन लीलौर झील (यक्ष सरोवर) में डूबकर लीलौर बुजुर्ग निवासी जितेंद्र उर्फ भूरा (16 वर्ष) की मौत हो गई। गोताखोरों की मदद से बुधवार सुबह किशोर का शव झील से बाहर निकाला जा सका। पर्यटन स्थल के तौर पर विकसित की जा रही इस झील पर सुरक्षा के इंतजाम नहीं है। इसको लेकर क्षेत्रीय लोगों में आक्रोश है।

मृतक के पिता नरेश कुमार सिंह ने बताया कि उनका बेटा जितेंद्र मंगलवार को दोपहर दो बजे स्कूल से आया था। बैग रखने के बाद वह घूमने जाने की बात कहकर घर से निकल गया। देर शाम तक जब वह लौटकर नहीं आया तो उसकी तलाश शुरू की गई। काफी तलाश करने के बाद भी उसका पता नहीं चला।

रात करीब डेढ़ बजे ग्रामीणों को जितेंद्र के कपड़े व चप्पलें झील के किनारे रखे मिली। अनहोनी की आशंका पर परिजनों ने तत्काल सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने गोताखोरों को बुलाया। सुबह करीब छह बजे किशोर का शव झील से बाहर निकाला गया। इंस्पेक्टर विनोद कुमार ने बताया कि शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भिजवाया गया।

लीलौर झील को पर्यटन स्थल के तौर पर विकसित किया जा रहा है। झील का सुंदरीकरण होने के साथ ही यहां स्टीमर भी चलाया जा रहा है। पर्यटकों की संख्या भी बढ़ी है। इसके बाद भी यहां सुरक्षा के कोई इंतजाम नहीं है। ग्रामीणों ने बताया कि कोई टोकने वाला न होने से छोटे-छोटे बच्चे भी नाव लेकर झील में उतर जाते हैं। ऐसे में हादसे की आशंका हर समय बनी रहती है। उन्होंने मांग की कि यहां चौकीदार तैनात किया जाए।

# पीड़ित से रिश्वत लेने वाले देवरनियां थाने का दरोगा सस्पेंड

■ **पीड़ित से रिश्वत लेते वीडियो हुआ था वायरल**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देवरनियां।** एसएसपी अनुराग आर्य ने देवरनियां थाने के दरोगा सतीश कुमार को निलंबित कर दिया है। दरोगा पर आरोप है कि उसने मेडिकल स्टोर संचालक पीतम सिंह से रिश्वत ली थी, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। पीतम सिंह का आरोप है कि दरोगा ने पूर्व विधायक के पौत्रों मयंक वर्मा और शशांक वर्मा से मिलीभगत कर मामले को कमजोर करने की को. शिश की और रिश्वत भी ली।

मेडिकल स्टोर संचालक पीतम सिंह ने आरोप लगाया है कि पूर्व विधायक के पौत्र मयंक वर्मा और शशांक वर्मा उससे रंगदारी मांग रहे थे, और जब उसने रंगदारी नहीं दी तो उसकी दुकान पर हमला कर दिया गया और आगजनी की गई। इस मामले में थाना देवरनियां का दरोगा सतीश कुमार विवेचना कर रहा था। आरोप है कि उसने आरोपियों से मिलीभगत कर मामले को कमजोर करने की कोशिश की




और रिश्वत भी ली।

एसएसपी अनुराग आर्य ने दरोगा सतीश कुमार को निलंबित करने के साथ ही स्पष्ट कर दिया है कि पुलिस विभाग में भ्रष्टाचार बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। दरोगा का रिश्वत का वीडियो वायरल होने के बाद से ही दरोगा थाने से ही गायब हो गया है। एसएसपी की इस कार्रवाई से पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया है।

यहां बता दें कि देवरनियां थाने का इतिहास विवादों से भरा रहा है। इससे पहले भी इंस्पेक्टर दिनेश शर्मा के कार्यकाल में कई दरोगा और पुलिस कर्मियों पर कार्रवाई हो चुकी है। थाने के कई पुलिस कर्मियों को निलंबित किया जा चुका है, जिससे पूर्व में थाने की



कार्यप्रणाली पर सवाल उठते रहे हैं। अब एक बार फिर दरोगा की बर्खास्तगी ने थाने की कार्य प्रणाली पर सवाल खड़े कर दिए हैं।

हालांकि, जब से मौजूदा थाना प्रभारी आशुतोष द्विवेदी ने थाने का चार्ज संभाला है, तब से थाने के पुलिस कर्मियों में काफी हद तक सुधार हुआ है। उनकी नेतृत्व क्षमता और ईमानदारी की वजह से थाने की कार्य प्रणाली में सकारात्मक बदलाव आया है। आशुतोष द्विवेदी की देखरेख में पुलिस कर्मियों ने कई सफल ऑपरेशन चलाए हैं, और अपराधियों पर नकेल कसी है। उनकी काबिलियत और कर्तव्यनिष्ठा की वजह से थाने की छवि में सुधार हुआ है।

# पुलिस ने अवैध देशी बंदूक व जिन्दा कारतूस के साथ युवक को पकड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फतेहगंज पश्चिमी।** अपराधियों पर नकेल कसने के अभियान के तहत थाना पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए एक बड़ी सफलता हासिल हुई। पुलिस ने रहपुरा अंडरपास से खाली पड़े मैदान के पास से जोगेंद्र पुत्र भजन लाल निवासी ग्राम भोलापुर थाना फतेहगंज पश्चिमी को एक नाजायज देशी बन्दूक दो जिन्दा कारतूस के साथ गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने आरोपी युवक को संबंधित धारा में मुकदमा दर्ज कर आरोपी को न्यायालय के समक्ष पेश कर जेल भेज दिया। पकड़ने वाली पुलिस टीम में टीम में थाना प्रभारी निरीक्षक अभिषेक कुमार, एसआई प्रदीप कुमार शामिल रहे।



# दर्जनों ईओ का वेतन अग्रिम आदेश तक बाधित

■ **फैमिली आईडी का लक्ष्य पूरा न करने पर हुई कार्रवाई**

■ **डीएम की कार्यवाही से मची खलबली**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** डीएम अविनाश सिंह की अध्यक्षता में विगत दिनांक 18 सितम्बर 2025 को आयोजित फैमिली आईडी की प्रगति समीक्षा बैठक में समस्त अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद एवं नगर पंचायतों को माह सितम्बर 2025 के 28 तारीख तक प्रत्येक दशा में 1000 नये फैमिली आईडी के आवेदन करवाने के साथ ही गूगल शीट बनवाकर प्रतिदिन की फैमिली आईडी की प्रगति की मानीटरिंग करने के निर्देश दिये गये थे।



फैमिली आईडी के आवेदन हेतु प्रत्येक निकाय को 1000 का लक्ष्य दिया गया है, जो निकायों द्वारा पूर्ण नहीं कराया जा रहा है। जिससे स्पष्ट है कि अधिशासी अधिकारी अपने दायित्वों के प्रति उदासीन एवं लाप. रवाह हैं।

अतः फैमिली आईडी का लक्ष्य समय से पूर्ण न किये जाने के कारण अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद आंवला जितेन्द्र कुमार, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद फरीदपुर पुनीत कुमार, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद बहेड़ी शशि प्रभा चौधरी, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद नवाबगंज आरआर अम्बेश, अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत ठिरिया निजावत खां सपना भारद्वाज, अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत सिरौली आर०एन० तिवारी, अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत देवरनियां अंकित गंगवार, अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत फतेहगंज पश्चिमी पुष्पेन्द्र सिंह राठौर, अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत धौरा टांडा संदीप चन्द्रा, अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत सेंथल त्रिभुवन नारायन मिश्रा, अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत मीरगंज प्रियंका तथा अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत शीशगढ़ दुर्गेश सिंह का वेतन अग्रिम आदेश तक बाधित किया गया है।

# हरदुआ गांव में मिले गौवंश के अवशेष, पशु चिकित्सा अधिकारी ने लिया सैंपल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** क्षेत्र के गांव हरदुआ किफायतुल्ला में वुधवार को गौवंश के अवशेष मिलने से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस और पशु चिकित्सा अधिकारी ने स्थल पर पढ़े अवशेष के सैंपल लेकर जांच को भेजा है, तो पुलिस इस मामले में मुकदमा दर्ज करने की तैयारी कर रही है। बुधवार को गांव के हरिओम गंगवार के तालाब के निकट प्रतिबंधित गौवंश का एक सींग और बड़ी तादात में खून पढ़ा होने की जानकारी गांव के लोगों को मिली, जिसकी जानक. ारी उन्होंने पुलिस को दी। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने पशु चिकित्सा अधिकारी को घटना स्थल पर बुलाया।पुलिस ने मिले गौवंश के अवशेष को वहीं दफना दिया, जबकि पशु चिकित्सा अधिकारी ने मिले खून का सैंपल लेकर जांच को आईवीआरआई भेजा है। दूसरी ओर पुलिस इस मामले में रिपोर्ट दर्ज करने की तैयारी कर रही है।

# डीएम के सामने आरिफ ने उठाया रिछा में नए बिजली घर का मुद्दा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देवरनियां।** चावल की खुशबू बिखेरने वाली चावल नगरी रिछा इंडस्ट्रियल राइस मिलर ओनर्स वेलफेयर एसोसिएशन अध्यक्ष मोहम्मद आरिफ ने जिला उघोग बंधु की बैठक में डीएम के सामने इंडस्ट्रियल के लिए नये बिजली घर समेत विकास के तमाम मुद्दों को रखा।

डीएम अविनाश सिंह की अध्यक्षता में जिला उघोग बंधु की बैठक आयोजित हुई, इसमें रिछा राइस मिलर ओनर्स वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष मोहम्मद आरिफ ने बिजली घर की समस्या को दूर करने के लिए बिजली से संबंधित मुद्दे रिछा इंडस्ट्रियल के लिए नये बिजलीघर बनाने, शेष इंडस्ट्रियल लाइन को अंडर ग्राउंड करने, रिछा इंडस्ट्रियल एरिया में सड़क, नाली, रोड से संबंधित विभिन्न कार्यों के लिए अधिशासी अभियंता प्रांतीय खंड पीडब्लूडी बरेली, अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत रिछा, अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत बरेली से विभिन्न मुद्दों पर वार्ता की।

# मनरेगा कार्यों में भ्रष्टाचार की जांच करने पहुंचे उपयुक्त ने नाम पर प्रधानों से लाखों की वसूली

**पूरनपुर।** मनरेगा से हुए काम में भ्रष्टाचार शासन स्तर पर हुई शिकायत की जांच के लिए पहुंचे ग्राम विकास उपायुक्त महेंद्र कुमार के नाम पर प्रधानों से ब्लॉक कर्मियों द्वारा लाखों की उगाही कर डाली गई। सूत्रों के मुताबिक, तकनीकी सहायकों और ब्लॉक कर्मियों ने प्रधानों को फोन कर कार्रवाई और ढील का डर दिखाया। बचने के लिए प्रधानों से 20 से 30 हजार रुपए की मांग की गई। कई प्रधान जांच से बचने के लिए उधार लेकर रुपए देने पर मजबूर हो गए। निरीक्षण के बाद उपायुक्त को नामचीन होटल में ठहराया गया। होटल में आराम करने पहुंचे उपायुक्त का फायदा उठाकर रिश्वत का कांड कर दिया गया। मामला ब्लॉक में दिनभर चर्चा का विषय बना रहा। कुछ माह पहले मनरेगा से हुए काम में भ्रष्टाचार का आरोप लगाकर शासन स्तर पर शिकायत की गई थी। शासन स्तर ने शिकायत पर जांच बैठाई। इसके अलावा वित्तीय वर्ष 2023–24 से 2025–26 में हुए कार्य को निरीक्षण करना प्रस्तावित है। मंगलवार जांच करने लखनऊ से ग्राम विकास विभाग उपयुक्त महेंद्र कुमार पहुंचे। उनके आने से पहले ही कुछ तकनीकी सहायकों सहित ब्लाक के कर्मचारियों ने मिलकर प्रधानों को फोन कर जांच के नाम पर जमकर डराया धमकाया। बचने के लिए 30 गांव के प्रधानों से 20 से 30 हजार की व्यवस्था करने को कहा। कार्यकाल के लास्ट समय में कार्रवाई से बचने के लिए सुबह से ही प्रधान ब्लॉक में पहुंचने लगे। इसी बीच उपयुक्त गांव में जांच करने निकल गए।

## इन ग्राम पंचायतों की होनी थी जांच

जांच में पूरनपुर ब्लॉक के गांव बैल्हा, शांति नगर, नवदिया दुर्जनपुर, गढ़ा कला, दौलतपुर तालुल्के चांदपुर, बुढ़िया जमीमा इटौरिया, सेहरामऊ उत्तरी, रघुनाथपुर, सिकराना, ढक्का चाट ग्रांट नंबर 21, सुखदासपुर नवदिया, कबीरगंज, पड़रिया बंजरिया, भायपुर, बूंदीभूड़, देवीपुर, शेरपुर कला, धनेगा, सिमरा ताल्लुके महाराजपुर, ढकिया केसरपुर, पिपरिया मझरा, केसरपुर कला, अजीतपुर बिल्हा, बिधिपुर, हरिपुर कला, शाहबाजपुर, दूधिया खुर्द, धर्मापुर खुर्द गुलड़िया खास शामिल है।

# उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन के नगर अध्यक्ष बने विकास गुप्ता



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पीलीभीत।** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन के जिला अध्यक्ष मोहित अग्रवाल ने संगठन का विस्तार करते हुए गोदावरी स्टेट जिला कैंप कार्यालय पर सर्वसम्मति से आवास विकास निवासी विकास गुप्ता को नगर अध्यक्ष मनोनीत किया। इस अवसर पर नगर के दर्जनो व्यापारीयों ने संगठन की सदस्ता ग्रहण की और साथ ही व्यापारी हितों की रक्षा के लिए संकल्प लिया। सभी व्यापारीयों एकजूट होकर भ्रष्ट अधिकारियों के खिलाफ आवाज उठाने की बात कही। इस अवसर पर संगठन के दर्जनों पदाधिकारी एवं सदस्य मौजूद रहे।

# फांसी के फंदे पर लटकता मिला अधेड़ का शव हत्या की आशंका

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बरखेड़ा/पीलीभीत।** थाना क्षेत्र के गांव दौलतपुर पट्टी में एक अधेड़ का शव संदिग्ध परिस्थितियों में फाँसी के फंदे पर लटकता मिला, उसकी हत्या की आशंका जताई जा रही है। सूचना पर पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। दौलतपुर निवासी तेजराम 50 वर्ष पुत्र बुद्धसेन का शव बुधवार सुबह बरखेड़ा दौलतपुर रोड के किनारे हरियाली पट्टी के वृक्ष पर लटकता मिला। पुलिस को बिन बताए परिजन शव को उतार कर घर ले गए। सूचना पर पहुँची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया है। मृतक घर में लक्ष्मी देवी भतीज बहु पत्नी उमा शंकर के साथ में रहता था। परिजनों ने बताया कि रात्रि 3 बजे तक ठीक थे।

# आज आएंगी महामहिम राष्ट्रपति स्वागत को उत्सुक कान्हा की नगरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मथुरा।** महामहिम राष्ट्रपति गुरूवार को मथुरा आ रही हैं। वह वृंदावन में श्रीबांकेबिहारी मंदिर, निधिवन और मथुरा में श्रीकृष्ण जन्मभूमि के अलावा अंतापाड़ा स्थित कुब्जा श्रीकृष्ण मंदिर में दर्शन करने पहुंचेंगी। कैबिनेट मंत्री चौधरी लक्ष्मीनारायण राष्ट्रपति की अगवानी करेंगे। वह सुबह वृंदावन के छटीकरा रेलवे स्टेशन पर अधिकारियों के साथ स्वागत के लिए पहुंचेंगे। इसके बाद निर्धारित कार्यक्रम स्थलों के लिए रवाना होंगे। कैबिनेट मंत्री ने बताया कि सीएम योगी के आने की फिलहाल कोई संभावना नहीं है। मथुरा में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के मथुरा और वृंदावन आगमन को देखते हुए जिले के सभी बोर्ड के कक्षा 1 से 12 तक के विद्यालयों में गुरुवार को अवकाश घोषित किया गया है। जिला विद्यालय निरीक्षक रविंद्र कुमार सिंह ने बताया कि सुरक्षा कारणों से कई मार्गों पर यातायात प्रभावित रहेगा। इस कारण से निर्णय लिया गया है। 23 सितंबर से सुबह दस बजे से 25 सितंबर की रात नौ बजे तक वृंदावन को नो फ्लाइंग जोन घोषित किया है। इस दौरान कोई भी पतंग, गुब्बारे या ड्रोन कैमरा नहीं उड़ाएगा। वृंदावन में बांके बिहारी मंदिर मार्ग, सुदामा कुटी और निधिवन मार्ग को पूरी तरह से छावनी में तब्दील कर दिया गया है। मथुरा में 25 सितंबर को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के मथुरा आगमन को लेकर सुरक्षा एजेंसियां सतर्क हो गई हैं। 8 कंपनी पीएसी और 4,000 पुलिसकर्मी कई चक्र की सुरक्षा व्यवस्था में लगाए गये हैं। मथुरा वृंदावन में उन मार्गों को सुंदर तरीके से सजया गया है जहां होकर राष्ट्रपति का काफिला गुजरेगा। गुरुवार को मथुरा वृंदावन आ रही देश की महामहिम राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के नितांत निजी कार्यक्रम में भाग लेने के लिए प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन मथुरा नहीं आ रही है। पहले चर्चा थी कि राज्यपाल राष्ट्रपति की अगवानी करने मथुरा आएंगी। जिला प्रशासन को राज्यपाल के आने का कोई कार्यक्रम प्राप्त नहीं हुआ है। महामहिम राष्ट्रपति की अगवानी प्रदेश के कैबिनेट मंत्री चौधरी लक्ष्मी नारायण द्वारा की जाएगी।

# मुठभेड़ में अंतरराज्यीय शातिर बदमाश को लगी गोली

**मथुरा।** एसओजी टीम व थाना हाईवे पुलिस की संयुक्त कार्यवाही में 25 हजार के इनामी अन्तरजनपदीय शातिर बदमाश पुलिस की गोली लगने से घायल हो गया। नेत्रपाल पुत्र दरयाव सिंह निवासी मांगरौल जाट थाना अछनेरा जिला आगरा उम्र करीव 35 वर्ष पुष्पांजली उपवन के पास खाली प्लाट में पुलिस मुठभेड़ के दौरान पैर में गोली लगने से घायल हो गया। घायल अवस्था में बदमाश को गिरफ्तार कर लिया गया। जिसके कब्जे से एक अदद तमंचा व भारी मात्रा में जिन्दा व खोखा कारतूस व चोरी के कंगन पीली धातु, मेडिल पीली धातु, 4900 रुपये व ताले तोडने के उपकरण व चोरी की एक मोटर साइकिल स्पलैण्डर प्लस बरामद हुई। अभियुक्त के विरुद्ध जनपद मथुरा व आगरा में करीव दो दर्जन मकानो से चोरी, गैगस्टर एक्ट, आर्म्स एक्ट आदि के मुकदमें पंजीकृत है। अभियुक्त को उपचार के लिए जिला अस्पताल भेजा गया। गिरफ्तारी व बरामदगी का आधार पर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है। अभियुक्त अपने साथियों के साथ बंद मकानों की रैकी कर रात्रि में चोरी की घटना को अंजाम देते है। अभियुक्त जनपद मथुरा के थाना हाईवे व थाना कोतवाली के मुकदमों में वांछित हैं। इनके कब्जे से एक कंगन पीली धातु चोरी का, मेडल के दो टुकडे पीली धातु चोरी का, एक मोबाइल चोरी का, 4900 रुपये चोरी के, एटीएम कार्ड चोरी का, एक तमंचा, चार कारतूस जिन्दा, तीन खोखा कारतूस, चोरी करने के लिए ताला तोडने के उपकरण हथोड़ा, पेचकस, कैंची कटर, एक मोटर साइकिल स्पलैण्डर बिना नंबर प्लेट आदि बरामद किये गये।

# नए एमबीबीएस बैच 2025 के लिए मेडिकल कॉलेज चलाया जा रहा फाउंडेशन कोर्स

**पीलीभीत।** स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय, पीलीभीत ने एमबीबीएस बैच 2025 के लिए फाउंडेशन कोर्स का शुभारंभ किया है, जो 22 सितंबर से 6 अक्टूबर तक चलेगा। इस कोर्स का उद्देश्य छात्रों को चिकित्सा कार्यक्रम की व्यापक परिचय प्रदान करना और उन्हें आवश्यक कौशल और ज्ञान से लैस करना है। कौर्स की शुरुआत डॉ. श्रेयसी वक्श, अकादमिक डीन ने की, जिन्होंने छात्रों का स्वागत किया और महाविद्यालय और अकादमिक के बारे में परिचय दिया। कोर्स के पहले दो दिनों के दौरान, छात्रों को पूरे परिसर, जिसमें फेज 1 और 2 विभाग शामिल हैं, का भ्रमण कराया गया, जिसकी निगरानी प्रोफेसर और विभागाध्यक्ष डॉ. शिखा सक्सेना और डॉ. श्रेयसी वक्श ने की। छात्रों को डॉ. मुकेश पांडेय द्वारा एवं छात्राओं को डॉ पूजा सिदवानी ने रैगिंग विरोधी और हॉस्टल के नियमों के बारे में भी जानकारी दी गई। दूसरे दिन, प्रोफेसर और विभागाध्यक्ष डॉ. प्रेम चंद्र श्रीवास्तव ने कॉम्पिटेंसी बेस्ड मेडिकल एजुकेशन (सीबीएमई) के बारे में



विस्तृत परिचय दिया। एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. हुमा खान ने विभिन्न स्वास्थ्य लक्ष्यों और चिकित्सा शिक्षा और भारतीय चिकित्सा स्नातकों की भूमिकाओं के बारे में जानकारी दी। डॉ. पंकज केशवानी ने आईटी और कंप्यूटर पर परिचयात्मक कक्षा ली, जबकि डॉ. शकील अहमद ने चिकित्सा छात्रों के लिए जीवनशैली में बदलाव के महत्व पर जोर दिया। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. संगीता अनेजा ने कार्यक्रम की प्रशंसा की और छात्रों के उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। छात्र छात्राएँ कोर्स को लेकर उत्साहित थे और सत्रों में सक्रिय रूप से भाग लिया। इस कार्यक्रम में शामिल संकाय सदस्यों में डॉ. ज्योति त्रिवेदी, डॉ. स्नेह सुमन, डॉ. सागर, डा कमलेश, डा पीयूष और डॉ. फरीद शामिल थे, जिन्होंने गतिविधियों की निगरानी की और कार्यक्रम को सुचारु रूप से संचालित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# तहसील में संचालित हो रजिस्ट्री कार्यालय

## भाकियू शंकर ने उठाई मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** भारतीय किसान यूनियन शंकर ने रजिस्ट्री कार्यालय तहसील में संचालित किये जाने पर बल देते हुए स्मार्ट मीटर न लगाये जाने की मांग की है।

बुधवार को तहसील का प्रांगण में आयोजित भारतीय किसान यूनियन शंकर की पंचायत को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी दिवाकर सिंह ने कहा कि बिजली का निजीकरण नहीं किया जाये। विद्युत बिलों का संशोधन यथा शीघ्र किया जाये। साथ ही स्मार्ट मीटर भी ना लगाये जाये। उन्होंने कहा कि तहसील क्षेत्र में आवारा कुत्ते गोवंशीय पशुओं व बंदरों के आतंक से किसानों को मुक्ति दिलाई जाये। जनपद में जिला सहकारी बैंक बोर्ड बनाया जाये। जिला सहकारी बैंक द्वारा एक लाख देने पर 1 लाख के लोन पर 10 हजार शेयर जमा कराया जाता है। ब्याज 1 लाख रुपये पर लगाई जाती है जो गलत है। उन्होंने कहा कि वर्तमान पैराई सत्र में 40% बढ़ोतरी करते हुए 518 रुपए प्रति कुंतल गन्ने के रेट की घोषणा की जाये। चकबंदी प्रक्रिया में भ्रष्टाचार को समाप्त कराया जाये। उड़ान चक काटकर किसानों को परेशान ना किया जाये। तहसील क्षेत्र में किसानों का अंश निर्धारण के साथ उनके माता–पिता के नाम गलत है जिसका नाम न होने के कारण की फॉर्म रजिस्ट्री नहीं हो पा रही है। सभी किसानों के निर्धारण व नाम सही किये जाये।

# धोली प्याऊ क्षेत्र की गलियों का निर्माण शुरू



**मथुरा।** नगर निगम धोलीप्याऊ क्षेत्र की कई गलियों का शुभारंभ आज छावनी परिषद के पूर्व वाइस चेयरमैन एवं ब्रज प्रेस क्लब अध्यक्ष डॉ.कमलकांत उपमन्यु एडवोकेट द्वारा नारियल फोड़कर किया गया इस अवसर पर क्षेत्रीय पार्षद डॉली पोनिया के प्रतिनिधि एवं छावनी परिषद के पूर्व पार्षद चौधरी वीरेंद्र सिंह ,सेल टैक्स के पूर्व असिस्टेंट कमिश्नर श्री चंद्रपाल सिंह पुनिया एडवोकेट आर्मी के पूर्व सूबेदार पंडित रमेश चंद शर्मा जी नटवर नगर के पूर्व भाजपा पार्षद श्री विनोद भारद्वाज, धोली प्याऊ मंडल अध्यक्ष नितिन कौशिक, पूर्व सूबेदार जगबीर सिंह श्री विशाल गुप्ता जी एवं प्रभात आदि गणमान्य नागरिकों ने पार्षद द्वारा कराए गए कार्य की सराहना की इस अवसर पर छावनी परिषद के पूर्व वाइस चेयरमैन श्री उपमन्यु ने बताया कि शंकर गली, राजाराम पट्टी क्षेत्र की 190 मी. लंबाई में यह कार्य प्रारंभ हुआ है राजाराम पट्टी क्षेत्र की गलियों का निर्माण पहले छावनी परिषद द्वारा मेरे कार्यकाल में कराया गया था और आप नगर निगम के क्षेत्रीय पार्षद द्वारा इन गलियों का नाम निर्माण कराया जा रहा है और क्षेत्रीय पार्षद एवं महापौर के प्रयासों से अन्य गलियों का भी नव निर्माण कराया जाएगा

# लक्ष्य से कम वसूली पर होगी कार्रवाई

**मंडी धनौरा।** तहसील में बुधवार को राजस्व वसूली को लेकर हुई समीक्षा बैठक एकदम अलग रंग में नजर आई। बैठक की अध्यक्षता कर रही एसडीएम विभा श्रीवास्तव ने जैसे ही आंकड़ों पर नजर डाली, तो संग्रह अमीनों पर सवालों की झड़ी लगा दी। उन्होंने साफ कहा वसूली के काम में अब कोई ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। लक्ष्य से कम वसूली करने वालों की जवाबदेही तय होगी।

# फार्माकोविजिलेंस सप्ताह के अंतर्गत मेडिकल कैंप

## दवाओं व चिकित्सा के महत्व की दी जानकारी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** वीकेआईटी ग्रुप ऑफ कॉलेजेस के वीर कुंवर कॉलेज ऑफ फार्मेसी में 23 सितम्बर से चल रहे फार्माकोविजिलेंस सप्ताह के अंतर्गत नि:शुल्क मेडिकल कैंप का आयोजन किया गया।

महाविद्यालय की तरफ से ग्राम मंगोलपुरा में हेल्थ कैम्प लगाया गया। हेल्थ कैम्प का शुभारंभ ग्रुप के प्रबन्ध निदेशक अभिषेक सिंह ने फीता काटकर किया। हेल्थ कैम्प में लगभग 92 ग्रामीणों की निशुल्क जांच की गई। जिसमें फार्मेसी विभाग के प्रवक्ताओं नरदेव सिंह, गौरव कुमार, गाजी अब्बास, तब्बसुम आदि ने मरीजों की शुगर की जांच, रक्तचाप की जांच, रक्त सम्मूहन, हीमोग्लोबिन चैक करने के बाद दवाईयां भी वितरित की।

फार्माकोविजिलेंस सप्ताह के अंतर्गत महाविद्यालय में पावर पाईंट, पोस्टर, क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथ डॉ. जूही अग्रवाल प्रवक्ता वर्धमान कॉलेज, बिजनौर रही। कार्यक्रम का संचालन कर रही छात्र अल्फिया एवं नूजहत जहा ने मुख्य अतिथि डॉ. जूही अग्रवाल, प्रबन्ध



निदेशक अभिषेक सिंह, डीन राजीव कुमार एवं रजिस्ट्रार अमित कुमार को माँ शारदे के सम्मुख द्वीप प्रज्वलित करने के लिए आमंत्रित किया। कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए मुख्य अतिथ डॉ. जूही अग्रवाल ने फार्माकोविजिलेंस के बारे में प्रांगण में उपस्थित सभी छात्र/छात्राओं को बताया कि दवाओं के उपयोग से होने वाली किसी भी अप्रत्याशित या हानिकारक प्रतिक्रिया कैसे पता लगाया जाए। यह कैसे सुनिश्चित करें कि जनता द्वारा उपयोग की जाने वाली दवाएं सुरक्षित और प्रभावी हैं या नहीं। हमें यह भी सुनिश्चित करना होगा कि इन दवा–संबंधी जोखिमों और नुकसान को कम करने के लिए रणनीति बनानी होगी, जिसके लिए सभी फार्मासिस्ट को सर्वे करने के उपरांत उसके उपाय खोजने होंगे। बिना फार्मासिस्ट के यह बिल्कुल भी संभव नहीं हो सकता।

कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए छात्र/छात्राओं ने पावर पाईंट एवं पोस्टर के माध्यम से दवा से होने वाले नुकसान के सर्वे एवं इसके उपरांत अपने सुझाव प्रस्तुत किए। प्रबंध निदेशक अभिषेक सिंह ने मुख्य अतिथि का आभार प्रकट करते हुए बताया कि फार्माकोविजिलेंस क्या है और यह क्यों महत्वपूर्ण है? यह दवा सुरक्षा सुनिश्चित करने, जन स्वास्थ्य की रक्षा करने और स्वास्थ्य सेवा उद्योग में विश्वास रखने के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। फार्माकोविजिलेंस के विभिन्न प्रकार दवा के जीवन चक्र से विभिन्न चरणों को कवर करते हैं। छात्र/छात्राओं से यह भी अपेक्षा की जाती है कि अगर आप फार्माकोविजिलेंस में रूचि रखते हैं तो आपको इस क्षेत्र में सफलता के लिए आवश्यक प्रशिक्षण और विशेषता लेना भी बहुत जरूरी है।

# एचसीएमसीटी मणिपाल हॉस्पिटल, दिल्ली ने मथुरा में विशेषज्ञ गैस्ट्रो ओपीडी सेवाएं शुरू की

eFkjkA एचसीएमसीटी मणिपाल हॉस्पिटल, नई दिल्ली ने मथुरा में विशेषज्ञ गैस्ट्रोएंटेरोलॉजी ओपीडी सेवाएं शुरू की हैं। ब्रज नर्सिंग होम, मथुरा के सहयोग से शुरू की गई इन सेवाओं का उद्देश्य मथुरावासियों को गुणवत्तापूर्ण इलाज प्रदान करना है। इस ओपीडी में मशहूर गैस्ट्रोएंटेरोलॉजिस्ट, डॉ. संजय खन्ना, को–चेयरमैन, मणिपाल इंस्टीट्यूट ऑफ गैस्ट्रोएंटेरोलॉजी, हेपेटो–बिलियरी एवं पैन्क्रियाटिक साईंसेज, एचसीएमसीटी मणिपाल हॉस्पिटल, दिल्ली अपनी टीम के साथ मरीजों को देखेंगे। वह मथुरा में हर माह के दूसरे और चौथे बुधवार को सुबह 11 बजे से 2 बजे के बीच पेट की तकलीफ के मरीजों का इलाज करेंगे। भारत में इरीटेबल बॉवेल सिंड्रोम (आईबीएस), फैटी लिवर डिजीज, एसिड रिफ्लक्स और इन्फ्लेमेटरी बॉवेल डिजीज (आईबीडी) के मरीज बढ़ रहे हैं। इन बीमारियों के बढ़ने का कारण शिथिल जीवनशैली, प्रोसेस्ड फूड, अनियमित खानपान और तनाव है। ज्यादा शुगर, फैट और अल्ट्राप्रोसेस्ड फूड के सेवन, आहार में फाईबर की कम मात्रा तथा कम पानी पीने की वजह से सभी उम्र के लोगों का पाचन तंत्र कमजोर हो रहा है। इससे बचने के लिए डॉक्टर संतुलित आहार, व्यक्तिगत स्वच्छता, मदिरासेवन में संयम, सुरक्षित भोजन के सेवन, और समय–समय पर निदान का सुझाव देते हैं, ताकि खाने से होने वाली बीमारियों, एसिड रिफ्लक्स, गॉल ब्लैडर में पथरी और गैस्ट्रोइंटेस्टाईनल कैंसर आदि से अपना बचाव किया जा सके। लोगों के बीच पेट के बढ़ते रोगों के बारे में डॉ. संजय खन्ना, को–चेयरमैन, मणिपाल इंस्टीट्यूट ऑफ गैस्ट्रोएंटेरोलॉजी, हेपेटो–बिलियरी एवं पैन्क्रियाटिक साईंसेज, एचसीएमसीटी मणिपाल हॉस्पिटल, दिल्ली ने कहा, ''आँतों का रोग चुपचाप बढ़ता चला जाता है।

# कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष सहित चार पर मुकदमा दर्ज

## नगर के बजाजा स्थित एक दुकान का मामला

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**हसनपुर।** एक दुकान की फर्जी वसीयत बनाने के मामले में पुलिस अधीक्षक के आदेश पर पुलिस ने कांग्रेस नेता समेत चार के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। नगर के मोहल्ला राजस्थान निवासी रानू रस्तोगी पुत्र स्वतंत्र रस्तोगी ने पुलिस अधीक्षक को पत्र देकर कहा था कि उनके पैतृक दुकान मोहल्ला कोट बजाजा बाजार मंदिर के बराबर में है। उनकी दादी स्वव श्रीमती संतोष रस्तोगी पत्नी सत्यप्रकाश रस्तोगी द्वारा 1998 में एक रजिस्टर्ड बैनामा सबरजिस्ट्रार कार्यालय हसनपुर कार्यालय में बही नंबर 1 जिल्द संख्या 890 में दर्ज है। नगर पालिका परिषद दस्तावेजों में भी उनकी दादी का नाम दर्ज है। उनकी दादी का देहांत 14 मार्च 2025 को हो गया। उनकी दादी द्वारा स्वर्गवास होने से पूर्व 5 अप्रैल 2025 को पांचो बेटों में दुकान को बराबर बांटा गया है। उनके चचेरे भाइयों गौरव रस्तोगी और दीपक रस्तोगी पुत्रगण पंकज रस्तोगी मोहल्ला कायस्थान व तारिक मोहम्मद पुत्र वजीर मोहम्मद निवासी मोहल्ला नवाबान अशोक त्यागी पुत्र करन सिंह त्यागी निवासी मोहल्ला घास मंडी हसनपुर के साथ साजिश कर मेरी दादी की है फर्जी वसीयत बनाई गई है। जिस पर गवाहों के रूप में तारिक मोहम्मद व अशोक त्यागी द्वारा हस्ताक्षर किये गये हैं। इस वसीयत में लिखा गया है कि उनकी दादी द्वारा अपनी दुकान को मेरे चाचा के पुत्रों गौरव रस्तोगी दीपक रस्तोगी के पिता पंकज रस्तोगी को दे दी गई थी।

शाह टाइम्स
स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 77/3 गर्ग कॉम्पलेक्स ई.के. रोड निकट एन.ए.एस. कालिज, मेरठ (उप्र) से प्रकाशित।
**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎0121-4005303, 4007303
**मुख्यालय:**
मोबाइल-9720007290
UPHIN/2007/20661
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

## विश्व पैरा एथलेटिक्स-2025

# शीर्ष भारतीय एथलीटों पर रहेगी नजर

### भारत में आयोजित अब तक का सबसे बड़ा पैरा एथलेटिक्स आयोजन 27 सितम्बर से 5 अक्टूबर तक दिल्ली में होगा

**नई दिल्ली, वार्ता।** इंडियन ऑयल नई दिल्ली 2025 विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप, जो भारत में आयोजित अब तक का सबसे बड़ा पैरा-एथलेटिक्स आयोजन है, 27 सितम्बर से 5 अक्टूबर, 2025 तक जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में आयोजित होने वाली है। इस आयोजन में 104 देशों के 2,200 से ज्यादा एथलीट प्रतिस्पर्धा करेंगे।

पिछले एक दशक में भारत पैरा खेलों में एक उभरती हुई महाशक्ति रहा है। 2012 लंदन पैरालंपिक में पुरुषों की ऊंची कूद एफ42 स्पर्धा में गिरीशा एन गौड़ा द्वारा जीते गए एकमात्र पदक से लेकर पेरिस पैरालंपिक में सात स्वर्ण सहित 29 पदक जीतने तक, देश ने पैरा खेलों में लगातार प्रगति की है। पदकों की बढ़ती संख्या पैरा खेलों के बुनियादी ढांचे में सुधार और पैरा एथलीटों को प्रदान किए गए समग्र समर्थन को दर्शाती है। भारत आगामी खेलों में 73 सदस्यीय टीम उतारेगा। यहां कुछ प्रमुख भारतीय पैरा एथलीटों पर एक नजर डाली गई है जिनसे आगामी खेलों में चमकने की उम्मीद है:

1. प्रीति पाल (100 मीटर/200 मीटर टी35): प्रीति पाल पैरालंपिक ट्रैक पदक जीतने वाली भारत की पहली एथलीट हैं। सेरेब्रल पाल्सी से पीड़ित प्रीति ने पेरिस पैरालंपिक 2024 में 100 मीटर और 200 मीटर टी35 स्पर्धाओं में दो कांस्य पदक जीते। महिलाओं की 100 मीटर और 200 मीटर टी35 स्पर्धाओं में, उन्होंने क्रमशः 14:21 सेकंड और 30:01 सेकंड का व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ समय निकाला। उनकी इस उपलब्धि को देखते हुए, उन्हें क्लब थ्रोअर धर्मबीर सिंह के साथ आगामी खेलों में भारतीय दल का ध्वजवाहक चुना गया है।

2. योगेश कथुनिया (डिस्कस थ्रो एफ54/55/56): कथुनिया सबसे निरंतर प्रदर्शन करने वाले भारतीय पैरा एथलीटों में से एक रहे हैं। 2018 में, उन्होंने बर्लिन में आयोजित 2018 विश्व पैरा एथलेटिक्स यूरोपीय चैंपियनशिप में एफ36 श्रेणी में 45.18 मीटर तक डिस्कस थ्रो करके विश्व रिकॉर्ड बनाया था। अब तक उनका सर्वोच्च प्रदर्शन 2020 ग्रीष्मकालीन पैरालंपिक में पुरुषों की डिस्कस थ्रो एफ56 स्पर्धा में रहा है, जहां उन्होंने रजत पदक जीता था। नौ साल की उम्र में, कथुनिया को गुइलेन-बैरे सिंड्रोम का पता चला था, एक ऐसी स्थिति जिसने उनकी गतिशीलता को काफी प्रभावित किया।

3. नवदीप सिंह (भाला फेंक एफ40/41): हरियाणा के पानीपत ज़िले के रहने वाले नवदीप बौनेपन से पीड़ित थे, जो हड्डियों के विकास को प्रभावित करने वाले एक आनुवंशिक उत्परिवर्तन के कारण होता है। अपने पहलवान पिता के नक्शेकदम पर चलते हुए, वह एक पहलवान बने और हरियाणा में एक आयु वर्ग स्तर की राज्य चैंपियनशिप में कांस्य पदक भी जीता। हालांकि, 2016 अंडर-20 विश्व चैंपियनशिप में नीरज के स्वर्ण पदक का वीडियो देखने के बाद, वह भाला फेंक में आगे बढ़ने के लिए दिल्ली चले गए। उन्हें 2017 में सफलता तब मिली जब उन्होंने दुबई में एशियाई युवा पैरा खेलों में स्वर्ण पदक जीता। उन्होंने 2019 में स्विट्ज़रलैंड में विश्व जूनियर पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप में एक और स्वर्ण पदक जीतकर अपनी प्रतिभा का और लोहा मनवाया। 2021 में टोक्यो पैरालंपिक में उनका दिल टूट गया जब वह केवल 60 सेंटीमीटर से कांस्य पदक से चूक गए और 40.80 मीटर के सर्वश्रेष्ठ थ्रो के साथ चौथे स्थान पर रहे। खेलों के बाद भारत लौटने पर उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से वादा किया।



## वैभव की आतिशी पारी से भारत-19 ने जीती सीरीज

**ब्रिस्बेन, वार्ता।** युवा बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी की 70 रन की आतिशी पारी से भारत अंडर 19 ने दूसरे एकदिवसीय मैच में ऑस्ट्रेलिया अंडर 19 को बुधवार को 51 रन से हराकर तीन मैचों की सीरीज में 2-0 की अपराजेय बढ़त बना ली। भारतीय टीम ने 49.4 ओवर में 300 रन का मजबूत स्कोर बनाने के बाद ऑस्ट्रेलियाई टीम को 47.2 ओवर में 249 रन पर समेट दिया।

सूर्यवंशी ने 68 गेंदों पर 70 रन में पांच चौके और छह छक्के लगाए। वैभव सूर्यवंशी के नाम अब यूथ वनडे में सबसे अधिक छक्कों (41) का रिकॉर्ड बन गया है, उन्होंने उन्मुक्त चंद का रिकॉर्ड तोड़ा। उन्होंने विहान मल्होत्रा के साथ दूसरे विकेट के लिए 117 रन की साझेदारी की। विहान ने 74 गेंदों पर 70 रन में सात चौके और एक छक्का लगाया। अभिज्ञान कुंडु ने 71 रन का योगदान दिया। कुंडु ने अपनी पारी में पांच चौके और दो छक्के लगाए। ऑस्ट्रेलियाई टीम इसके जवाब में जेडेन ड्रेपर (107) के शतक के बावजूद 249 रन पर सिमट गई। आयुष म्हात्रे ने 27 रन देकर सर्वाधिक तीन विकेट लिए।

# यूपी योद्धाज जयपुर लेग के अंतिम मुकाबले में बेंगलुरु बुल्स से भिड़ेंगे

**जयपुर, वार्ता।** तमिल थलाइवाज पर 17 अंकों की दमदार जीत के बाद आत्मविश्वास से भरी यूपी योद्धाज 25 सितम्बर को बेंगलुरु बुल्स से भिड़ते हुए अपने शानदार फॉर्म को आगे बढ़ाना चाहेंगे।

यह मुकाबला सवाई मान. सिंह इंडोर स्टेडियम में रात 8:00 बजे से खेला जाएगा और इसके साथ ही प्रो कबड्डी लीग (पीकेएल) सीजन 12 का जयपुर लेग समाप्त होगा। योद्धाज ने पिछले मैच में हर विभाग में लय हासिल कर अपने खराब दौर का सिलसिला तोड़ा था। अब टीम का लक्ष्य लगातार दूसरी जीत दर्ज कर अंकतालिका में ऊपर चढ़ना होगा।

**● अब टीम का लक्ष्य लगातार दूसरी जीत दर्ज कर अंकतालिका में ऊपर चढ़ना होगा**

अटैक की अगुवाई कर रहे हैं शानदार फॉर्म में चल रहे गगन गौड़ा, जिन्होंने इस सीजन में सात मैचों में अब तक 76 अंक जुटाए हैं। चार सुपर 10 के साथ लगभग 11 रेड अंक प्रति मैच की औसत ने उन्हें यूपी की रेडिंग का केंद्रबिंदु बना दिया है। भवानी राजपूत और गुमान सिंह के अहम योगदान ने गौड़ा का बोझ कम किया है, जबकि अकादमी ग्रेजुएट शिवम चौधरी ने छह मैचों में 21 अंकों (पिछले मैच में पांच) के साथ रेडिंग में नई ऊर्जा जोड़ी है। डिफेंस में कप्तान सुमित सांगवान लगातार शानदार प्रदर्शन कर रहे हैं और 3.57 टैकल अंक प्रति मैच की औसत से लीग के सबसे भरोसेमंद डिफेंडरों में शुमार हैं। उपकप्तान आशीष सिंह के साथ उनकी जोड़ी और महेन्द्र सिंह व हितेश की मौजूदगी ने टीम को पीछे से मजबूती दी है। मुकाबले से पहले सहायक कोच उपेंद्र मलिक ने कहा कि पिछली जीत ने दिखाया कि जब हर खिलाड़ी अपनी क्षमता के अनुरूप खेलता है तो टीम कितना अच्छा प्रदर्शन कर सकती है। बेंगलुरु एक सशक्त टीम है, लेकिन अगर हम वही ऊर्जा बनाए रखें तो एक और मजबूत नतीजा हासिल करने में सफल रहेंगे।

# गुकेश-प्रज्ञानंदा जीसीएल सीजन 3 ड्राफ्ट के मुख्य आकर्षण

### छह फ्रेंचाइजी 36 खिलाड़ियों के पूल से शक्तिशाली टीमें बनाने के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगी, जिसमें 17 देशों के शीर्ष ग्रैंडमास्टर शामिल होंगे



**मुंबई, वार्ता।** भारत के शतरंज सुपरस्टार - मौजूदा विश्व चैंपियन डी गुकेश, पांच बार के विश्व चैंपियन विश्वनाथन आनंद और प्रतिभाशाली आर प्रज्ञानंदा - 26 सितम्बर को मुंबई में ग्लोबल शतरंज लीग (जीसीएल) सीजन 3 प्लेयर ड्राफ्ट में आकर्षण का केंद्र होंगे। लीग के तीसरे संस्करण में, जो टेक महिंद्रा और फिडे की संयुक्त पहल है, छह फ्रेंचाइजी 36 खिलाड़ियों के पूल से शक्तिशाली टीमें बनाने के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगी, जिसमें 17 देशों के शीर्ष ग्रैंडमास्टर और उभरती प्रतिभाएं शामिल होंगी। अन्य प्रमुख नामों में विश्व के दिग्गज हिकारू नाकामुरा, फैबियानो कारूआना, अलीरेज़ा फिरोज़ा, मैक्सिम वाचियर लाग्रेव, चार बार की महिला विश्व चैंपियन होउ यिफान और विश्व कप उपविजेता कोनेरू हम्पी शामिल हैं।

अंडर-21 प्रोडिजी श्रेणी में उभरते सितारे वोलोडर मुर्ज़िन, 2024 फिडे विश्व रैपिड चैंपियन, और मार्क पॉड्रिया मौरिज़ी, 2023 विश्व जूनियर चैंपियन शामिल होंगे। टेक महिंद्रा ग्लोबल चेस लीग के अध्यक्ष पीयूष दुबे ने कहा कि जीसीएल सीजन 3 का ड्राफ्ट एक और रोमांचक उपलब्धि है क्योंकि हम दुनिया भर से असाधारण प्रतिभाओं को एक साथ ला रहे हैं। यह सीजन बड़ी लड़ाइयों, बड़े दांवों और शतरंज में नवाचार की एक नई लहर का वादा करता है। हर सीजन के साथ, हम न केवल टीमें बना रहे हैं। बल्कि शतरंज के भविष्य को भी निखार रहे हैं और खिलाड़ियों और उत्साही लोगों की एक नई पीढ़ी को प्रेरित कर रहे हैं। ड्राफ्ट में चार राउंड होंगे, जिसमें खिलाड़ियों को आइकॉन, पुरुष, महिला और अंडर-21 प्रोडिजी श्रेणियों में विभाजित किया जाएगा।

## सैफ अंडर-17 चैंपियनशिप के सेमीफाइनल में भारत का सामना नेपाल से

**कोलंबो, वार्ता।** सैफ अंडर-17 चैंपियनशिप के नॉकआउट चरण में भारत की अंडर-17 पुरुष राष्ट्रीय टीम का पलड़ा भारी है। भारतीय अंडर-17 पुरुष राष्ट्रीय टीम कल रेसकोर्स इंटरनेशनल स्टेडियम में सेमीफाइनल में नेपाल से भिड़ेगी। ब्लू कोल्ट्स ने अंतिम चार में एक बेहतरीन रिकॉर्ड के साथ प्रवेश किया है, उन्होंने तीन मैचों में नौ अंकों के साथ ग्रुप बी में शीर्ष स्थान हासिल किया है, जिसमें मालदीव (6-0), भूटान (1-0) और पाक (3-2) के खिलाफ जीत शामिल है। मुख्य कोच बिबियानो पिछले परिणाम से विशेष रूप से खुश थे, जिसने उनके खिलाड़ियों के मैदान पर दिखाए गए।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### आईसीसी ने यूएसए क्रिकेट को किया निलंबित

**दुबई, वार्ता।** आईसीसी ने आखिरकार यूएसए क्रिकेट (यूएसएसी) को निलंबित करने का फैसला किया है। यह कदम प्रमुख बाजार में खेल के नेतृत्व और संचालन ढांचे में आमूलचूल परिवर्तन लाने के प्रयासों के तहत रीसेट बटन दबाने जैसा है। मंगलवार को एक वर्चुअल बैठक के बाद आईसीसी बोर्ड ने यह फ़ैसला लिया। यूएसएसी के निलंबन का असर फरवरी में भारत और श्रीलंका में शुरू होने वाले टी20 विश्व कप में यूएसए की भागीदारी पर नहीं पड़ेगा। हालांकि निलंबन का विशिष्ट कारण अभी तक स्पष्ट नहीं हुआ है, यह आईसीसी द्वारा जुलाई में अपनी वार्षिक आम बैठक में यूएसएसी को 'स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव' कराने और व्यापक प्रशासनिक सुधार लागू करने के लिए तीन महीने का समय दिए जाने के लगभग दो महीने बाद आया है। उस समय, आईसीसी ने दोहराया था कि यूएसएसी जुलाई 2024 से सूचना पर बना रहेगा। आईसीसी बोर्ड ने यूएसएसी को यह भी चेतावनी दी थी कि वह सुधारों की प्रगति के आधार पर कोई भी उचित कार्रवाई करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।

### टीएनसीए के पूर्व संयुक्त सचिव का निधन

**चेन्नई, वार्ता।** टीएनसीए के पूर्व संयुक्त सचिव, एक अच्छे प्रशिक्षक और प्रसिद्ध मध्यस्थ के- थिरुकालाथी का कल शाम दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया। वह 70 वर्ष के थे। उनके परिवार में पत्नी और दो बेटियां हैं। थिरुकालाथी, जिन्होंने कई खिलाड़ी तैयार किए थे, कांचीपुरम जिला शतरंज संघ के सचिव भी रहे थे और मीडिया के साथ उनका हमेशा घनिष्ठ संबंध रहा। टीएनसीए और शतरंज जगत के अधिकारियों ने उनके निधन पर शोक व्यक्त किया। आज सुबह उनका अंतिम संस्कार किया गया।

# खिलाड़ियों और टीमों की भागीदारी के लिए चयन मानदंड जारी

**नई दिल्ली, वार्ता।** युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय ने एशियाई खेल 2026 और अन्य बहु-खेल आयोजनों में खिलाड़ियों और टीमों की भागीदारी के लिए चयन मानदंड जारी किए हैं। इसका उद्देश्य एक पारदर्शी और न्यायसंगत ढांचा तैयार कर यह सुनिश्चित करना है कि केवल उन एथलीटों को ही बहु-विषयक खेल आयोजनों में भागीदारी के लिए विचार किया जाए, जिनके पास पदक जीतने का वास्तविक मौका है।

चयन मानदंडों में मापनीय और गैर-मापनीय दोनों प्रकार की प्रतियोगिताओं के लिए मानक निर्धारित किए गए हैं जो एशियाई खेलों, पैरा एशियाई खेलों, राष्ट्रमंडल खेलों, एशियाई इनडोर खेलों, एशियाई समुद्र तट खेलों, युवा ओलंपिक, एशियाई युवा खेलों, राष्ट्रमंडल युवा खेलों जैसे बहु-खेल प्रतियोगिताओं में भागीदारी के बारे में निर्णय लेने के लिए मार्गदर्शक सिद्धांत होंगे। हालांकि ओलंपिक और ऐसी अन्य अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताएं इसके दायरे में नहीं आएंगे जहां एथलीट या टीम की भागीदारी, संबंधित अंतर्राष्ट्रीय महासंघों द्वारा निर्धारित योग्यता मानकों द्वारा निर्धारित की जाती है। मापनीय व्यक्तिगत खेल और स्पर्धाओं के लिए, कोई भी खिलाड़ी भारतीय दल में तभी जगह पा सकेगा जब उसने आगामी एशियाई खेलों से पहले 12 महीनों के भीतर आयोजित किसी अंतर्राष्ट्रीय खेल महासंघ द्वारा मान्यता प्राप्त प्रतियोगिता में पिछले एशियाई खेलों में छठे स्थान के प्रदर्शन की बराबरी की हो या उससे बेहतर प्रदर्शन किया हो। यदि वह खेल या स्पर्धा पिछले एशियाई खेलों में शामिल नहीं थी, तो चयन मानदंड आगामी एशियाई खेलों से पहले 12 महीनों के भीतर उस खेल या स्पर्धा के लिए आयोजित सीनियर एशियाई चैंपियनशिप के समान मानदंडों के आधार पर होंगे। गैर-मापनीय व्यक्तिगत खेल और स्पर्धाओं के लिए, जहां आगामी एशियाई खेलों से पूर्व 12 महीनों के भीतर सीनियर एशियाई चैम्पियनशिप आयोजित की गई हो या विश्व रैंकिंग नियमित रूप से जारी की जाती हो, ऐसे खिलाड़ी को दल में शामिल करने पर विचार किया जाएगा जिसने पिछले 12 महीनों के भीतर आयोजित अंतिम सीनियर एशियाई चैम्पियनशिप में अपने भार या स्पर्धा में छठा या उससे बेहतर स्थान प्राप्त किया हो या उसकी विश्व रैंकिंग अंतर्राष्ट्रीय रैंकिंग में एशियाई देशों में शीर्ष 6 में शामिल हो। यदि आगामी एशियाई खेलों से पहले पिछले 12 महीनों में कोई सीनियर एशियाई चैंपियनशिप आयोजित नहीं की गई है और कोई अंतर्राष्ट्रीय रैंकिंग नियमित रूप से प्रकाशित नहीं की गई हो तो उस स्थिति में एथलीट को समकक्ष अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में एशियाई देशों के बीच शीर्ष 6 में स्थान प्राप्त करना होगा। टीम खेलों (जैसे फुटबॉल, हॉकी आदि) और टीम स्पर्धाओं (जैसे रिले, युगल, मिश्रित युगल आदि) के लिए, 12 महीनों के भीतर आयोजित अंतिम सीनियर एशियाई चैंपियनशिप में शीर्ष 8 में स्थान प्राप्त करने वाली टीम या अंतर्राष्ट्रीय रैंकिंग में एशियाई देशों में शीर्ष 8 में स्थान प्राप्त करने वाली टीम को एशियाई खेलों में भाग लेने के लिए विचार किया जाएगा।

अगर अंतर्राष्ट्रीय रैंकिंग प्रकाशित नहीं की गई है या आगामी एशियाई खेलों से पहले 12 महीनों के भीतर सीनियर एशियाई चैम्पियनशिप आयोजित नहीं की गई है, तो उस स्थिति में टीम को समकक्ष अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता में एशियाई देशों के बीच शीर्ष 8 में स्थान प्राप्त करना होगा। इस मानदंड में छूट का एक प्रावधान है जो मंत्रालय को यह अधिकार देता है कि वह विशिष्ट खेल अथवा भारतीय खेल प्राधिकरण (एसएआई) के विशेषज्ञों की राय के आधार पर उचित कारणों से निर्धारित मानदंडों में छूट दें एवं व्यक्तियों और टीमों की भागीदारी की सिफारिश की जाती है तो वह उचित निर्णय ले सकता है।

# टी-20 विश्व कप के कारण विंडीज का द. अफ्रीका दौरा छोटा होगा

**● द. अफ्रीका 27 जनवरी 6 फरवरी तक वेस्टइंडीज की मेजबानी करने वाला है**

**जोहानसबर्ग, वार्ता।** दक्षिण अफ्रीका को वेस्टइंडीज के खिलाफ इस गर्मियों की अपनी एकमात्र पुरुष अंतर्राष्ट्रीय घरेलू सीरीज को छोटा करना पड़ सकता है, ताकि दोनों टीमें समय पर टी20 विश्व कप 2026 के लिए भारत और श्रीलंका पहुंच सकें।

दक्षिण अफ्रीका 27 जनवरी से 6 फरवरी तक वेस्टइंडीज की मेजबानी करने वाला है, जहां पांच टी20 खेले जाने हैं। ईएसपीएन क्रिकइंफो ने पिछले हफ्ते रिपोर्ट किया था कि टी20 विश्व कप संभवतः 7 फरवरी से 8 मार्च तक खेला जाएगा। अगर टूर्नामेंट 7 फरवरी से शुरू होता है, तो आईसीसी का सपोर्ट पीरियड 3 जनवरी से शुरू होगा। इस समय में टीमों से उम्मीद की जाती है कि वे मेजबान देशों में पहुंचें और वैकल्पिक अभ्यास मैच खेलें। यह सपोर्ट पीरियड पहले 3 फरवरी से शुरू हो रहा था और क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका (सीएसए) ने अपने घरेलू कार्यक्रम इसी समझ के साथ बनाए थे कि दक्षिण अफ्रीका के पास विश्व कप के लिए यात्रा करने का पर्याप्त समय होगा। हालांकि यह जरूरी नहीं है कि टीमें पूरा आईसीसी सपोर्ट पीरियड मेजबान देश में ही बिताएं। आईसीसी ने इस विश्व कप में भाग लेने वाले देशों से पूछा है कि वे कितने अभ्यास मैच खेलना चाहते हैं और विकल्प शून्य से लेकर दो मैच तक का है। जब कोई देश दो अभ्यास मैच चुनता है, तो उनका सपोर्ट पीरियड टूर्नामेंट से एक हफ्ता पहले शुरू होता है। सीएसए इस समय क्रिकेट वेस्टइंडीज से चर्चा कर रहा है कि वेस्टइंडीज कब उपमहाद्वीप पहुंचना चाहता है और उन्हें कितने अभ्यास मैच खेलने हैं। अगर टीमें कोई अभ्यास मैच नहीं खेलती हैं, तो आईसीसी सपोर्ट पीरियड 7 फरवरी से चार दिन पहले यानी 3 फरवरी से शुरू होगा। भले ही वेस्टइंडीज टी20 विश्व कप से पहले कोई अभ्यास मैच ना खेलना चाहे, सीएसए को पांच टी20 में से कम से कम दो मैच रद्द करने होंगे।

आखिरी दो मैच 3 और 6 फरवरी को निर्धारित हैं। इन मैचों को इससे पहले नहीं खेला जा सकता, क्योंकि एसए20 टूर्नामेंट 25 जनवरी को समाप्त होगा। सीएसए इस समय यह तय कर रहा है कि वेस्टइंडीज के खिलाफ मैच किन स्थलों पर खेले जाएं। वर्तमान में संभावना है कि वे पार्ल, न्यूलैंड्स, ईस्ट लंदन का बफ़ेलो पार्क, सेंचूरियन और जोहानसबर्ग होंगे। सीएसए ने इस साल अपने मैदानों को 2027 वनडे विश्व कप के लिए तैयार करने के मकसद से कम भीड़भाड़ वाला सीजन रखने की योजना बनाई थी।

# जैक्स और पॉट्स इंग्लैंड की टीम में

**● वोक्स बाहर, ब्रूक उप कप्तान बनाए गए**

**लंदन, वार्ता।** कंधे की चोट से उबरने के बावजूद, बेन स्टोक्स को एशेज के लिए इंग्लैंड का कप्तान बनाया गया है। चयनकर्ताओं ने मंगलवार को टीम की घोषणा की। मैथ्यू पॉट्स और विल जैक्स को 16 सदस्यीय टीम में शामिल किया गया है। जैक्स के न्यूजीलैंड के खिलाफ पिछली सीमित ओवरों की श्रृंखला से बाहर रहने के बाद एशेज से पहले उंगली की चोट से पूरी तरह फिट होने की उम्मीद है। डरहम के तेज गेंदबाज पॉट्स ने आखिरी बार दिसंबर 2024 में न्यूज़ीलैंड के खिलाफ टेस्ट मैच खेला था, जबकि सरे के जैक्स ने आखिरी बार दिसंबर 2022 में पाकिस्तान के खिलाफ खेला था। पॉट्स ने इस सीजन में 10 काउंटी चैंपियनशिप मैचों में 28 विकेट लिए हैं, जिसमें उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 84 रन देकर 4 विकेट रहा है। जैक्स ने अब तक केवल तीन पारियां खेली हैं, जिनमें उन्होंने 136 रन बनाए हैं, जिसमें से 119 रन उन्होंने एक ही पारी में बनाए हैं। हैरी ब्रूक को एशेज के लिए ओली पोप की जगह उप-कप्तान नियुक्त किया गया है, जबकि मार्क वुड बाएं घुटने की चोट से उबरने के बाद वापसी कर रहे हैं। भारत के खिलाफ सीरीज के दौरान उंगली में चोट लगने वाले शोएब बशीर को भी टीम में शामिल किया गया है। स्टोक्स के अलावा, टीम में अनुभवी खिलाड़ी जो रूट, जैक क्रॉली, बेन डकेट और पोप शामिल हैं, जबकि जेमी स्मिथ विकेटकीपर हैं। भारत के खिलाफ सीरीज के बीच में टेस्ट क्रिकेट में वापसी करने वाले जोफ्रा आर्चर तेज गेंदबाजी आक्रमण की अगुवाई करेंगे, जिसमें ब्रायडन कार्स, गस एटकिंसन, जोश टंग, वुड और पॉट्स भी शामिल हैं। बशीर मुख्य स्पिनर हैं जबकि रूट, जैकब बेथेल और जैक्स अन्य स्पिन विकल्प हैं।




# स्पीड स्केटिंग विश्व चैंपियनशिप के पदक विजेता सम्मानित

**नई दिल्ली, वार्ता।** केंद्रीय युवा मामले एवं खेल मंत्री डा. मनसुख मांडविया ने 13 से 21 सितम्बर तक चीन के बेइदाईहे में आयोजित 73वीं इनलाइन स्पीड स्केटिंग विश्व चैंपियनशिप 2025 में भारत के पदक विजेता दल को आज सम्मानित किया।

भारतीय स्केटिंग के लिए एक ऐतिहासिक क्षण को चिन्हित करते हुए, राष्ट्रीय टीम ने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए पांच पदक (3 स्वर्ण, 2 कांस्य) जीते और 40 से अधिक देशों में कुल मिलाकर पांचवां स्थान हासिल किया।

यह ऐतिहासिक प्रदर्शन कई नई उपलब्धियों से भरा रहा :

स्पीड स्केटिंग विश्व चैंपियनशिप में भारत का पहला सीनियर पदक।

जूनियर वर्ग में पहला स्वर्ण।

**● केन्द्रीय युवा मामले एवं खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने भारत के पदक विजेता दल से भेंट की**

विश्व चैंपियनशिप में भारत का अब तक का सर्वोच्च प्रदर्शन। एथलीटों को सम्मानित करते हुए, डा. मांडविया ने कहा कि विश्व चैंपियनशिप में ये ऐतिहासिक पदक दर्शाते हैं कि हमारे युवा नई ऊंचाइयां छू रहे हैं, चाहे वह मुख्यधारा के खेल हों या उभरते हुए खेल। मैं इस उल्लेखनीय प्रदर्शन से भारत को गौरवान्वित करने के लिए हमारे एथलीटों, प्रशिक्षकों, सहयोगी कर्मचारियों और भारतीय रोलर स्केटिंग महासंघ को तहे दिल से बधाई देता हूं।

आनंदकुमार वेलकुमार (22): सीनियर वर्ग में पदक जीतने वाले पहले भारतीय बनकर इतिहास रच दिया। उन्होंने दो स्वर्ण (1000 मीटर स्प्रिंट और 42,195 मीटर मैराथन) और एक कांस्य (500 मीटर स्प्रिंट) जीता।

कृष शर्मा (18): 1000 मीटर स्प्रिंट में भारत का पहला जूनियर स्वर्ण पदक जीता।

अनीश राज (17): जूनियर पुरुष। लैप स्प्रिंट में कांस्य पदक जीता। भारतीय दल में 20 एथलीट (4 वरिष्ठ पुरुष, 4 वरिष्ठ महिला, 5 जूनियर पुरुष, 7 जूनियर महिला) शामिल थे, जिन्होंने चैंपियनशिप में भाग लिया, जिसमें 40 से अधिक देशों की भागीदारी के साथ सीनियर और जूनियर श्रेणियों में 42 स्पर्धाएं हुईं।



सम्पादकीय
गुरुवार, 25 सितम्बर 2025

# लेह में हिंसा

बुधवार को केंद्रशासित प्रदेश लद्दाख को पूर्ण राज्य का दर्जा दिए जाने की मांग को लेकर हिंसा भड़क गई। जिसमें चार लोगों की मौत होने व 70 से ज्यादा लोगों के घायल होने की खबर सामने आ रही है। प्रदर्शनकारी छात्र सोशल एक्टिविस्ट सोनम वांगचुक के समर्थक बताए जाते हैं। सोनम वांगचुक लद्दाख को पूर्ण राज्य का दर्जा देने की बराबर मांग करते रहे हैं। अभी भी वह अपनी इस मांग को लेकर पिछले 15 दिनों से भूख हड़ताल पर बैठे थे। मांग पूरी न करने के विरोध में प्रदर्शनकारियों ने बंद बुलाया था। इसी दौरान हिंसा हो गई। बड़े पैमाने पर हिंसा होते देख वांगचुक ने अनशन तोड़ दिया और अपने समर्थक छात्रों से शांति बनाए रखने की अपील की। किसी मामले की अन्देखी या उसको लटकाए रखने की प्रवृत्ति कितनी घातक हो सकती है, इसका जीता जागता सबूत लद्दाख के लेह में देखने को मिला। प्रदर्शनकारियों ने जमकर पत्थरबाजी पुलिस पर की और सीआरपीएफ की गाड़ी तक को आग लगा दी। आंदोलनकारियों ने मंगलवार की रात को 24 सितम्बर को लद्दाख बंद बुलाने का ऐलान किया था और भीड़ जुटान के लिए सोशल मीडिया का इस्तेमाल किया गया, जिसमें लोगों से लेह हिल काउंसिल पहुंचने की अपील की गई थी। इस अपील का बड़ा असर हुआ और बड़ी तादाद में लोग वहां पहुंच गए, जिनमें अधिकतर छात्र बताए जाते हैं। पुलिस ने आंदोलनकारियों को रोकने के लिए बैरिकेड लगाए थे, जब भीड़ ने उनको तोड़ा तो पुलिस ने बल प्रयोग करते हुए आंसू गैस के गोले छोड़े, जवाब में भीड़ ने गाड़ी जला दी और तोड़फोड़ की। सोनम वांगचुक का कहना है कि वह पिछले पांच सालों से शांति व अनशन के माध्यम से अपनी बात रख रहे हैं, लेकिन कहीं कोई सुनवाई नहीं हो रही है। देखा जाए तो इसके लिए केंद्र सरकार अधिक जिम्मेदार दिखाई दे रही है, क्योंकि जब 2019 में अनुच्छेद 370 और 351 हटाते समय जम्मू कश्मीर और लद्दाख दो केंद्रशासित प्रदेश बना दिए थे, तब सरकार ने उस समय कहा था कि सही समय आने पर इनका पूर्ण राज्य का बहाल कर दिया जाएगा, लेकिन अभी तक सरकार ने अपने उस वादे पर कोई अमल नहीं किया, जबकि पूर्ण राज्य का दर्जा देने के लिए लद्दाख व जम्मू कश्मीर से बराबर मांग उठती रही है। जम्मू कश्मीर के सीएम उमर अब्दुल्ला ने भी कहा है कि लद्दाख और जम्मू कश्मीर को पूर्ण राज्य का दर्जा इसलिए नहीं दिया जा रहा, क्योंकि वहां बीजेपी चुनाव जीत नहीं पाई। जाहिर है इस तरह के मुद्दो को राजनीति के नजरिये से नहीं देखना चाहिए और लोगों की इच्छाओं का सम्मान करना चाहिए, जिससे लेह में तोड़फोड़ व आगजनी दिखाई दी और लोगों की भीड़ जुटी यह कोई एक दिन का काम नहीं हो सकता। इससे साफ है कि लंबे समय से सरकार के प्रति नाराजगी पनप रही है और सरकार उस नाराजगी को समझने में पूरी तरह नाकाम रही है। इस आंदोलन को भी जैन जी रेवोल्यूशनरी बताया जा रहा है। हालांकि सोनम ने कहा है कि मैंने जैन जी रेवोल्यूशन शब्द यूज नहीं किया है। सरकार को चाहिए कि वह वहां के लोगों की जो इच्छा है उसका सम्मान करे।

## हम बिकाऊ माल नहीं हैं, यही काफी है



सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने हौसला बढ़ाया, मैं उनका शुक्रगुजार हूं, अखिलेश मेरे उतने ही करीब हैं, जितने नेताजी मुलायम सिंह यादव थे, जेल में रहने से जिंदगी बदल गई, यहां तक कि मोबाइल चलाना तक भूल गया हूं, उसमें मेरी पत्नी का नंबर था, उसे भी भूल गया हूं, मेरे मन में किसी के लिए नाराजगी नहीं है, पहले जो लोग उन्हें नहीं पहचानते थे, अब दर्ज मुकदमों की वजह से सब जानने लगे हैं, हमारे पास चरित्र नाम की एक चीज है, इसका मतलब यह नहीं कि हमारे पास कोई पद या ओहदा हो, लोग हमें प्यार करें, इज्जत दें और यह साबित हो कि हम बिकाऊ माल नहीं हैं, यही काफी है।

–आजम खा
वरिष्ठ सपा नेता, पूर्व मंत्री

# कहां से शह पाते हैं ऐसे जहरीले लोग






निर्मल रानी

एक बार फिर जहर उगलने में अग्रिम स्थान बनाने की प्रतिस्पर्धा में जुटे गाजियाबाद के डासना देवी मंदिर के महंत यति नरसिंहानंद का एक बेहद विषैला, अभद्र व आपत्तिजनक वीडियो वायरल हुआ। कुरआन, मुहम्मद, मुसलमानों को खुलकर अपमानित करने वाले इस व्यक्ति ने तो अब हिन्दू महिलाओं को भी नागिन कह डाला। गौरतलब है कि यह व्यक्ति पहली बार मार्च 2021 में उस समय सुर्खियों में आया था जब 14 वर्ष के एक गरीब मुस्लिम बालक ने अपनी प्यास बुझाने के लिए इसी मंदिर परिसर के बाहर लगे नल से पानी पी लिया था। उसके बाद इस डासना मंदिर में रहने वाले एक व्यक्ति ने बालक से उसका नाम व उसका धर्म पूछकर उसे बड़ी बेरहमी से मारा था। आसिफ को पीटने का यह वीडियो खूब वायरल हुआ था। उस समय यति नरसिंहानंद आसिफ को पीटने वालों के समर्थन में खुलकर आए थे और उस बालक की पिटाई जायज ठहराई थी। इस व्यक्ति ने मंदिर के मुख्य द्वारा पर साफतौर से बोर्ड पर लिखवा रखा है कि यहां कोई मुसलमान अंदर नहीं आ सकता। यही यति नरसिंहानंद शायद नफरत के बल पर अर्जित शोहरत पाने के बाद इसी तरह की बकवासबाजी करने का आदी हो चुका है। अब तो यह व्यक्ति धर्म अध्यात्म संबंधी सकारात्मक बातें तो करता ही नहीं बल्कि सिर्फ जहर ही उगलता फिरता है।

पिछले दिनों वायरल हुए वीडियो में बुलंद शहर में सामने बैठी कुछ महिलाओं को संबोधित करते हुए उसने कहा कि अगर हिंदू महिलाओं ने ज्यादा बच्चे पैदा नहीं किए तो एक दिन मुस्लिम समुदाय के लोग हिंदू बहन, बेटियों का बलात्कार करेंगे और उन्हें बाजार में बेचेंगे। उस ने हिंदू समुदाय में मुसलमानों के प्रति खौफ पैदा करने के मकसद से उन महिलाओं से कहा कि ज्यादा से ज्यादा बच्चा पैदा करो, वरना एक दिन मुस्लिम समुदाय के लोग आपको मारकर आपके घरों पर कब्जा कर लेंगे।

उसने आगे कहा कि मुस्लिम समुदाय के लोग हिंदू बहन, बेटियों को मंडियों में बेचेंगे और उनका बलात्कार करेंगे। उसने यह भी कहा कि मुस्लिम समुदाय के लोग हिंदू बहन, बेटियों को रखैल बनाकर रखेंगे। इसी संदर्भ में इसने महिलाओं को लेकर बेहद आपत्तिजनक बयान भी दिया है। नरसिंहानंद ने स्पष्ट रूप से कहा कि एक बेटा पैदा करने वाली हिंदू महिलाएं नागिन जैसी होती है। उस ने हिन्दू महिलाओं को परिवार बढ़ाने की नसीहत देते हुए उनमें भय पैदा करने के लहजे में कहा कि परिवार को बड़ा करो वरना दो-दो रुपए में बिकोगी। यह व्यक्ति पहले भी कई बार मुसलमानों को बलात्कारी बता चुका है साथ ही अनेक बार हिंदू महिलाओं के लिए भी अपमान. जनक व विवादित टिप्पणी कर चुका है। हालांकि यति नरसिंहानंद के खिलाफ कई बार कार्रवाई हो चुकी है। वह अपने विवादित बयानों की वजह से जेल और कोर्ट का चक्कर भी लगा चुका है। कुछ समय पूर्व ही इसी व्यक्ति ने भारत को हिंदू राष्ट्र घोषित करने और भारत को मुस्लिम, मदरसा और मस्जिदों से मुक्त कराने जैसी गैर संवैधानिक मांग भी की थी। गोया यह व्यक्ति हर वक्त देश में नफरत फैलाने वाले बयान देता रहता है। आश्चर्य यह भी है कि यह व्यक्ति कथित रूप से उस जूना अखाड़े से संबद्ध महामंडलेश्वर है जिससे एक से बढ़कर एक महान संत महात्मा व अध्यात्मवादी साधु जुड़े रहे हैं।

इतने प्रतिष्ठित अखाड़े ने इतने जहरीले व्यक्ति को आखिर इसकी किस योग्यता के आधार पर महामंडलेश्वर जैसे धार्मिक पद पर बैठा दिया? महान संत कबीर दास जी तो कहते हैं कि जाति पांति पूछे नहिं कोई, हरि को भजे सो हरि का होय। इन पंक्तियों का यही अर्थ है कि ईश्वर किसी व्यक्ति की जाति या पंथ नहीं पूछता। समाज में जातिवाद के होते हुए भी, ईश्वर की दृष्टि में सभी बराबर हैं। जो व्यक्ति पूरी श्रद्धा और निष्ठा से ईश्वर की भक्ति करता है, वह ईश्वर का प्रिय बन जाता है। ईश्वर उसी को अपनाता है, चाहे वह किसी भी जाति या वर्ग से हो। कबीर दास ने अपने इन दोहों के माध्यम से जाति विभाजन का विरोध करते हुए सभी मनुष्यों को एक समान बताया। उन्होंने भक्ति को जातिवाद से ऊपर रखा, यह दर्शाते हुए कि ईश्वर केवल आंतरिक भावनाओं और श्रद्धा को देखता है। कबीर का यह दोहा सामाजिक समरसता और समानता का संदेश है, जहां व्यक्ति की पहचान उसकी भक्ति से होती है, न कि उसके जन्म से। यह पंक्ति ईश्वर की सार्वभौमिकता और सभी के लिए समान प्रेम पर जोर देती है, जो किसी भी जाति या सामाजिक स्थिति से ऊपर है।

**इतने प्रतिष्ठित अखाड़े ने इतने जहरीले व्यक्ति को आखिर इसकी किस योग्यता के आधार पर महामंडलेश्वर जैसे धार्मिक पद पर बैठा दिया? महान संत कबीर दास जी तो कहते हैं कि जाति पांति पूछे नहिं कोई, हरि को भजे सो हरि का होय। इन पंक्तियों का यही अर्थ है कि ईश्वर किसी व्यक्ति की जाति या पंथ नहीं पूछता। समाज में जातिवाद के होते हुए भी, ईश्वर की दृष्टि में सभी बराबर हैं। जो व्यक्ति पूरी श्रद्धा और निष्ठा से ईश्वर की भक्ति करता है, वह ईश्वर का प्रिय बन जाता है। ईश्वर उसी को अपनाता है, चाहे वह किसी भी जाति या वर्ग से हो। कबीर दास ने अपने इन दोहों के माध्यम से जाति विभाजन का विरोध करते हुए सभी मनुष्यों को एक समान बताया। उन्होंने भक्ति को जातिवाद से ऊपर रखा, यह दर्शाते हुए कि ईश्वर केवल आंतरिक भावनाओं और श्रद्धा को देखता है। कबीर का यह दोहा सामाजिक समरसता और समानता का संदेश है, जहां व्यक्ति की पहचान उसकी भक्ति से होती है न कि उसके जन्म से।**

सवाल यह है कि क्या यति नरसिंहानंद या इन जैसे और अनेक संत वेशधारी लोग जो पूरे पूरे देश में घूम-घूम कर सरे आम अपनी जुबान से इसी तरह का जहर उगलते फिर रहे हैं यह संत कबीर की उक्त संतवाणी की श्रेणी में आते हैं? यदि नहीं तो इनके संतों की वेशभूषा धारण करने से समाज को सिवाय अपमान के और क्या हासिल है? कोई हिन्दू या किसी भी धर्म की महिला यदि एक बच्चा पैदा करती है तो यह उसके परिवार का निजी निर्णय या उसके आर्थिक व पारिवारिक हालात हो सकते हैं। किसी स्वयंभू संत को क्या अधिकार है कि वह एक बच्चा पैदा करने वाली किसी महिला की तुलना नागिन से करे? निश्चित रूप से ऐसे स्वयंभू संत चूंकि अपने किसी गुण और ज्ञान से समाज का मार्गदर्शन नहीं कर सकते क्योंकि गुण ज्ञान तो इनके पास है ही नहीं? लिहा. जा नफरत फैलाकर विद्वेष की बातें कर मीडिया में सुर्खियां बंटोरकर अपनी दुकानदारी चलाते हैं। दूसरा सवाल यह कि बार-बार ऐसे ही आरोपों में जेल की हवा खाने के बावजूद इनकी बदजुबानियों पर लगाम न लगना भी यह सवाल खड़े करता है कि इन्हें संरक्षण कहां से मिल रहा है? इनकी जहरीली बयानबाजियों का राजनैतिक लाभ किसे मिल रहा है? आखिर ऐसे जहरीले लोग कहां से शह पाते हैं?


(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# एक्स्ट्रा डीएनए का नतीजा मनुष्य का बड़ा दिमाग

सवाल उठा कि रीसस बंदरों के ए लगभग लक्ष्यविहीन डीएनए खंड मनुष्यों में प्रोटीन-निर्माता जीन्स कैसे बन गए? फिर उन्हीं के छात्र ने ऐसे कुछ गैर-प्रोटीन निर्माता आरएनए को केंद्रक से बाहर निकलते देखा। इस खोज के बाद इन शोधकर्ताओं ने कंप्यूटर की मदद से यह पता लगाया कि ऐसे गैर-प्रोटीन निर्माता आरएनए जो केंद्रक से बाहर नहीं निकलते और जो केंद्रक से बाहर निकल पाते हैं, उनके बीच क्या अंतर हैं। पूरी कवायद से पता चला कि अंतर डीएनए के उन खंडों में हैं जिन्हें U1 तत्व कहते हैं। जब ये U1 तत्व आरएनए में जुड़ जाते हैं तो वह आरएनए केंद्रक से बाहर निकलने सक्षम नहीं रह जाता। दूसरी ओर, प्रोटीन-निर्माता जीन्स के U1 तत्वों में ऐसे उत्परिवर्तन पाए जाते हैं कि वे आरएनए की केंद्रक से बाहर निकलने की क्षमता को प्रभावित नहीं करते। ये आरएनए बाहर कोशिका द्रव्य में पहुंचकर राइबोसोम की मदद से प्रोटीन बना देते हैं।

यह तो बरसों से पता रहा है कि प्रोटीन बनाने वाले नए-नए जीन्स मौजूदा जीन्स में दोहराव या परिवर्तन की वजह से बन सकते हैं। लेकिन कुछ प्रोटीन-निर्माता जीन्स डीएनए के ऐसे खंडों से भी बन सकते हैं जो पहले लक्ष्यहीन आरएनए बनाया करते थे। गौरतलब है कि जब डीएनए के किसी हिस्से से सम्बंधित प्रोटीन बनवाना होता है तो उसकी एक प्रतिलिपि आरएनए के रूप में बनती है जो केंद्रक से बाहर जाकर प्रोटीन निर्माण करवाती है। जब कोई डीएनए ऐसा आरएनए बनाए जिसका उपयोग प्रोटीन निर्माण में न हो सके तो वह फालतू ही हुआ ना? लेकिन इस तरीके से नए जीन्स बन जाएं, यह समझ से परे था। अब एक नए अध्ययन से पता चला है कि यह करिश्मा कैसे होता है कि डीएनए की फालतू शृंखला से बनने वाले आरएनए में ऐसी निपुणता पैदा हो जाती है कि वह केंद्रक से बाहर निकल जाता है।

आरएनए का केंद्रक से बाहर निकलना उसके द्वारा प्रोटीन संश्लेषण की दिशा में पहला कदम होता है। इस अध्ययन के शोधकर्ताओं ने ऐसे 74 मानव प्रोटीन-निर्माता जीन्स उजागर किए हैं जो मनुष्य के चिम्पैंजी से अलग होने के बाद अस्तित्व में आए हैं। इनमें से कुछ जीन्स ने हमें ज्यादा बड़े और जटिल मस्तिष्क प्रदान किए हैं। नेचर इकॉलॉजी एंड इवोल्यूशन पत्रिका में शोधकर्ताओं ने बताया है कि जब ए जीन्स चूहों वगैरह जैसे कृन्तक जीवों में जोड़े गए तो उनके मस्तिष्क अपेक्षाकृत बड़े और मानव-सदृश हो गए। देखा जाए तो जीन्स द्वारा बनाए गए आरएनए में से कुछ तो स्वयं कुछ नियामक भूमिका निभाते हैं। यह केंद्रक से बाहर नहीं जाते। दूसरी और प्रोटीन का संश्लेषण करवाने वाले आरएनए (संदेशवाहक आरएनए) केंद्रक से



निकलकर कोशिका द्रव्य में पहुंचते हैं और राइबोसोम की मदद से प्रोटीन का निर्माण करवाते हैं। मामले की शुरुआत पेकिंग विश्वविद्यालय के जीव वैज्ञानिक चुआन-युन ली की इस खोज के साथ हुई थी कि मनुष्यों में कुछ प्रोटीन-निर्माता जीन्स रीसस बंदरों में पाए जाने वाले गैर-प्रोटीन निर्माता डीएनए खंडों से बहुत मिलते-जुलते होते हैं। तो सवाल उठा कि रीसस बंदरों के ए लगभग लक्ष्यविहीन डीएनए खंड मनुष्यों में प्रोटीन-निर्माता जीन्स कैसे बन गए? फिर उन्हीं के छात्र ने ऐसे कुछ गैर-प्रोटीन निर्माता आरएनए को केंद्रक से बाहर निकलते देखा। इस खोज के बाद इन शोधकर्ताओं ने कंप्यूटर की मदद से यह पता लगाया कि ऐसे गैर-प्रोटीन निर्माता आरएनए जो केंद्रक से बाहर नहीं निकलते और जो केंद्रक से बाहर निकल पाते हैं, उनके बीच क्या अंतर हैं। पूरी कवायद से पता चला कि अंतर डीएनए के उन खंडों में हैं जिन्हें U1 तत्व कहते हैं। जब ये U1 तत्व आरएनए में जुड़ जाते हैं तो वह आरएनए केंद्रक से बाहर निकलने सक्षम नहीं रह जाता। दूसरी ओर, प्रोटीन-निर्माता जीन्स के U1 तत्वों में ऐसे उत्परिवर्तन पाए जाते हैं कि वे आरएनए की केंद्रक से बाहर निकलने की क्षमता को प्रभावित नहीं करते। ये आरएनए बाहर कोशिका द्रव्य में पहुंचकर राइबोसोम की मदद से प्रोटीन बना देते हैं। आगे खोजबीन के लिए ली के दल ने मनुष्य व चिम्पैंजी के ऐसे नवीन प्रोटीन-निर्माता जीन्स की तलाश की जो रीसस बंदरों में गैर-प्रोटीन निर्माता आरएनए के रूप में मौजूद थे। इसके अलावा उन्होंने U1 तत्व में वह उत्परिवर्तन भी खोज निकाला जो केंद्रक से बाहर निकलने के लिए जरूरी है। अंततः उन्हें 45 मानव जीन्स और 29 मानव तथा चिम्पैंजी के साझा जीन्स मिले जो इस शर्त को पूरा करते हैं। इतना होने के बाद उन्होंने इनमें से उन नौ जीन्स पर ध्यान केंद्रित किया जो मानव मस्तिष्क में सक्रिय होते हैं। वे देखना चाहते थे कि ए जीन्स क्या भूमिका निभाते हैं। उन्होंने इन जीन्स सहित और इनसे रहित कृत्रिम मस्तिष्क ऊतक विकसित किए। इसके आधार पर उन्होंने दो जीन्स पहचाने हैं जो मस्तिष्क को सामान्य से थोड़ा बड़ा बनाने में मदद करते हैं। उन्होंने इनमें से एक जीन को चूहों में भी डालकर देखा और पाया कि उन चूहों का दिमाग सामान्य चूहों की अपेक्षा बड़ा हो गया। और तो और, उनमें कॉर्टेक्स भी बड़ा बना जो तर्क व भाषा के लिए जिम्मेदार होता है। एक अन्य जीन का भी ऐसा ही असर रहा और इस जीन से लैस चूहों का याददाश्त के परीक्षण में प्रदर्शन बेहतर रहा। शोधकर्ताओं का कहना है कि मानव मस्तिष्क के विकास में कुछ सर्वथा नए जीन्स की भूमिका रही है जो प्रोटीन-निर्माता जीन्स में उत्परिवर्तनों से नहीं बल्कि गैर-प्रोटीन जीन्स के कारण बने हैं। इस ताजा खोज से नए जीन्स बनने की क्रियाविधि समझने में मदद मिलेगी।

...स्रोत फीचर्स

# एआई: अवसरों और चुनौतियों का नया युग



रजनीश कपूर

आज का युग तकनीकी नवाचारों का युग है और कृत्रिम बुद्धिमत्ता द्धएआईऋ इस परिवर्तन का केंद्र बिंदु बन चुकी है। एआई ने विभिन्न उद्योगों में अभूतपूर्व बदलाव लाए हैं जिससे दक्षता, नवाचार और विकास की नई संभावनाएं सामने आई हैं। स्वास्थ्य सेवा से लेकर वित्त, शिक्षा, परिवहन और मनोरंजन तक, एआई ने हर क्षेत्र में अपनी छाप छोड़ी है। लेकिन इस तकनीकी क्रांति के साथ एक गंभीर चुनौती भी उभर कर सामने आई है, रोजगार का नुकसान। जैसे-जैसे मशीनें और एल्गोरिदम मानव द्वारा किए जाने वाले कार्यों को अपने कब्जे में ले रहे हैं, लाखों कर्मचारी खुद को बेरोजगार और नई आर्थिक परिस्थितियों में अनुकूलन के लिए संघर्ष करते हुए पा रहे हैं। फिर भी, यह चुनौती एक अनूठा अवसर भी प्रदान करती है। हमें अपने कार्य और रोजगार के दृष्टिकोण को पुनर्विचार करने का मौका देती है।

एआई ने उद्योगों को पहले की तुलना में कहीं अधिक तेजी और सटीकता के साथ कार्य करने में सक्षम बनाया है। उदाहरण के लिए, स्वास्थ्य सेवा में, एआई-संचालित उपकरण रोगों का शीघ्र निदान कर रहे हैं और व्यक्तिगत उपचार योजनाएं बना रहे हैं। विनिर्माण क्षेत्र में, स्वचालित मशीनें और रोबोट उत्पादन प्रक्रियाओं को तेज और लागत प्रभावी बना रहे हैं। वित्तीय क्षेत्र में, एआई धोखाधड़ी का पता लगाने और निवेश रणनीतियों को अनुकूलित करने में मदद कर रहा है। यहां तक कि रचनात्मक क्षेत्रों जैसे लेखन,



कला और संगीत में भी, एआई नए रास्ते खोल रहा है। ए प्रगतियां न केवल उत्पादकता बढ़ा रही हैं, बल्कि उपभोक्ताओं को बेहतर सेवाएं और अनुभव भी प्रदान कर रही हैं।

हालांकि, इन फायदों के साथ एक कड़वी सच्चाई भी जुड़ी है। एआई और स्वचालन ने कई पारंपरिक नौकरियों को अप्रचलित कर दिया है। डेटा प्रविष्टि, विनिर्माण, ग्राहक सेवा और यहां तक कि कुछ विश्लेषणात्मक कार्य अब मशीनों द्वारा किए जा रहे हैं। अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन (आईएलओ) के अनुसार, अगले कुछ दशकों में विश्व स्तर पर लाखों नौकरियां स्वचालन के कारण खत्म हो सकती हैं। भारत जैसे देश में, जहां बड़ी आबादी कार्यबल में शामिल है, यह चुनौती और भी गंभीर है। विशेष रूप से, निम्न-कौशल और मध्यम-कौशल वाली नौकरियां सबसे अधिक जोखिम में हैं। ड्राइवर, फैक्ट्री वर्कर और कॉल सेंटर कर्मचारी जैसे पेशे अब तेजी से मशीनों द्वारा प्रतिस्थापित किए जा रहे हैं।

एआई के कारण होने वाला रोजगार नुकसान केवल आर्थिक ही नहीं, बल्कि सामाजिक और मनोवैज्ञानिक चुनौती भी है। बेरोजगारी न केवल व्यक्तियों की आय को प्रभावित करती है, बल्कि उनके आत्मसम्मान और सामाजिक स्थिति को भी ठेस पहुंचाती है। भारत जैसे विकासशील देश में, जहां पहले से ही बेरोजगारी और अंडरएंप्लॉयमेंट की समस्या है, एआई-प्रेरित नौकरी हानि स्थिति को और जटिल बना सकती है। इसके अलावा, नई तकनीकों को अपनाने की गति और कौशल की कमी के बीच का अंतर बढ़ता जा रहा है। कई श्रमिकों के पास नई तकनीकों को सीखने के लिए आवश्यक संसाधन या अवसर नहीं हैं, जिसके परिणामस्वरूप वे आर्थिक मुख्यधारा से बाहर हो रहे हैं। इस संकट का सामना करने के लिए, पुनः कौशल विकास और कौशल उन्नयन सबसे प्रभावी समाधान के रूप में उभर कर सामने आए हैं। पुनः कौशल विकास का अर्थ है श्रमिकों को पूरी तरह से नए कौशल सिखाना, जो उन्हें बदलते नौकरी बाजार में प्रासंगिक बनाए रखे। दूसरी ओर, कौशल उन्नयन मौजूदा कौशलों को और उन्नत करने पर केंद्रित है ताकि श्रमिक अपनी वर्तमान भूमिकाओं में अधिक प्रभावी हो सकें। उदाहरण के लिए, एक फैक्ट्री कर्मचारी को रोबोटिक्स या डेटा विश्लेषण में प्रशिक्षित किया जा सकता है, जबकि एक ग्राहक सेवा प्रतिनिधि को एआई-संचालित चैटबॉट्स के प्रबंधन में प्रशिक्षण दिया जा सकता है। इसके लिए सरकार, शैक्षणिक संस्थान और निजी क्षेत्र को एकजुट होकर काम करना होगा। सरकार को नीतियां बनानी होंगी जो प्रशिक्षण कार्यक्रमों को सुलभ और सस्ता बनाएं। भारत में, श्स्किल इंडियाश जैसे कार्यक्रम पहले से ही इस दिशा में काम कर रहे हैं, लेकिन इनकी पहुंच और प्रभाव को और बढ़ाने की आवश्यकता है। विशेष रूप से, ग्रामीण और अर्ध-शहरी क्षेत्रों में प्रशिक्षण केंद्र स्थापित किए जाने चाहिए, जहां अधिकांश निम्न-कौशल श्रमिक रहते हैं। शैक्षणिक संस्थानों को भी अपनी भूमिका निभानी होगी। स्कूलों और कॉलेजों को अपने पाठ्यक्रमों को अद्यतन करना होगा ताकि वे डेटा साइंस, मशीन लर्निंग, साइबर सुरक्षा और अन्य उभरते क्षेत्रों पर ध्यान दें। इसके अलावा, ऑनलाइन शिक्षण मंचों और मूक जैसे संसाधनों को बढ़ावा देना होगा ताकि लोग घर बैठे नई तकनीकों को सीख सकें। निजी क्षेत्र की भूमिका भी महत्वपूर्ण है। कंपनियों को अपने कर्मचारियों के लिए नियमित प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करने चाहिए। कई वैश्विक कंपनियां, जैसे कि गूगल और माइक्रोसॉफ्ट, पहले से ही अपने कर्मचारियों को एआई और डिजिटल कौशल सिखाने के लिए निवेश कर रही हैं। भारतीय कंपनियों को भी इस दिशा में कदम उठाने होंगे। इसके अलावा, स्टार्टअप और छोटी कंपनियां, जो भारत की अर्थव्यवस्था का एक महत्वपूर्ण हिस्सा हैं, को भी अपने कर्मचारियों के कौशल विकास में योगदान देना चाहिए।

कृत्रिम बुद्धिमत्ता एक दोधारी तलवार है, यह अभूतपूर्व अवसर प्रदान करती है, लेकिन साथ ही गंभीर चुनौतियां भी लाती है। रोजगार का नुकसान एक ऐसी चुनौती है जिसे नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। हालांकि, पुनः कौशल विकास और कौशल उन्नयन के माध्यम से, हम इस संकट को एक अवसर में बदल सकते हैं। भारत, जिसके पास दुनिया की सबसे अधिक युवा कार्यबल आबादी है, इस बदलाव का नेतृत्व कर सकता है। बशर्ते सरकार, शैक्षणिक संस्थानों और निजी क्षेत्र इसके लिए संयुक्त प्रयास करें। भारत एक ऐसी कार्यबल तैयार कर सकता है, जो न केवल एआई-प्रधान दुनिया में प्रासंगिक रहे, बल्कि वैश्विक अर्थव्यवस्था में अग्रणी भूमिका निभाए। समयकी मांग है कि हम इस चुनौती को स्वीकार करें और एक समावेशी, कौशल-प्रधान भविष्य की दिशा में कदम बढ़ाएं।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# ट्रम्प ने फिर रट लगाई, भारत-पाक युद्ध रुकवाने की

## कहाः दुनिया में 7 जंग रोकने की जिम्मेदारी यूएन की थी, लेकिन यह काम मुझे करना पड़ा

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने फिर भारत-पाकिस्तान जंग रुकवाने का दावा किया। उन्होंने न्यूयार्क में संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) में अपने 56 मिनट के भाषण के दौरान यह बात कही, जबकि उनके बोलने के लिए 15 मिनट तय थे। यूएनजीए को संबोधित करते हुए ट्रम्प ने कहाः दुनिया में जारी 7 जंग रुकवाने की जिम्मेदारी संयुक्त राष्ट्र की थी, लेकिन मैंने ये सभी जंग खत्म कराई।

ट्रम्प ने अवैध प्रवासियों, अमेरिका के आर्थिक हालात, रूस-यूक्रेन जंग, इजरा. इल-हमास जंग, कार्बन फुट प्रिंट जैसे मुद्दों पर अपनी बात रखी। ट्रम्प के भाषण की शुरुआत में टेलिप्राम्प्टर खराब हो गया। इस पर उन्होंने कहा कि इससे उन्हें कोई दिक्कत नहीं है, इस तरह आप दिल से बात कर पाते हैं। अपने दूसरे कार्यकाल में ट्रम्प ने पहली बार यूएनजीए को संबो. धित किया। इससे पहले उन्होंने अमेरिकी राष्ट्रपति रहते आखिरी बार 2020 में यूएन को संबोधित किया था। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड 25 सितम्बर 2018 को ट्रम्प संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) में भाषण दे रहे थे। उन्होंने दावा किया कि



अपने दूसरे कार्यकाल में ट्रम्प ने पहली बार यूएनजीए को संबोधित किया

2 साल से भी कम समय में उन्होंने बाकी सभी अमेरिकी राष्ट्रपतियों से ज्यादा काम किया है। ट्रम्प की बात सुनकर सभा में मौजूद दुनियाभर के नेता हंसने लगे। ट्रम्प ने न्यूजीलैंड की तत्कालीन पीएम जैसिंडा अर्डन को देखकर कहाः मुझे ऐसे रिएक्शन की उम्मीद नहीं थी। कोई बात नहीं। अब 7 साल बाद ट्रम्प ने अपने दूसरे कार्यकाल में पहली बार यूएन को संबोधित किया। लेकिन इस बार हालात पूरी तरह से बदले नजर आए। भाषण शुरू होने से पहले ही उनका टेलीप्राम्प्टर खराब हो गया है। इस पर ट्रम्प ने हल्के-फुल्के अंदाज में कहाः टेलीप्राम्प्टर खराब है तो क्या, इससे दिल से बोलने का मौका मिलता है। लेकिन जो इसे चला रहा है, वो मुश्किल में है।

## डोनाल्ड ट्रम्प ने मैक्रों, किंग अब्दुल्ला और रेसेप तईप एर्दोआन से की मुलाकात



**न्यूयॉर्क।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने संयुक्त राष्ट्र में फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के साथ संक्षिप्त बातचीत की। बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार, मैक्रों ने कल घोषणा की थी कि फ्रांस फलस्तीन राज्य को मान्यता दे रहा है तथा दोनों राष्ट्राध्यक्षों के बीच अधिक. ांश बातचीत गाजा में संकट का समाधान ढूंढने पर केंद्रित रही। इस संबंध में ट्रम्प ने संवाददाताओं को बताया कि आज क्षेत्र के नेताओं के साथ उनकी बैठक है और उन्होंने कहा कि हम बहुत जल्द ही कोई परिणाम प्राप्त कर सकते हैं। मैक्रों के साथ यह बैठक ट्रम्प के इस सुझाव के तुरंत बाद हुई कि यूक्रेन रूस के खिलाफ लड़ाई में अपना सारा क्षेत्र वापस जीत सकता है। मैक्रों के अलावा, अमेरिकी राष्ट्रपति ने जॉर्डन के राजा अब्दुल्ला और तुर्की के राष्ट्रपति रेसेप तईप एर्दोगन से भी मुलाकात की।

## भारत हमारी तरफ है यूएनजीए में जेलेंस्की का अहम बयान

**कीव।** यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने भारत को लेकर एक अहम बयान दिया है। एक अमेरिकी मीडिया समूह को दिए इंटरव्यू में उन्होंने कहा कि 'भारत अधिकतर हमारी तरफ ही है'। जेलेंस्की का यह बयान अमेरिकी राष्ट्रपति के संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) में किए गए उन दावों के बिल्कुल उलट माना जा रहा है, जिसके तहत ट्रम्प ने आरोप लगाया था कि भारत रूस-यूक्रेन युद्ध का मुख्य वित्तपोषक है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा कि चीन और भारत रूसी तेल खरीद कर यूक्रेन में चल रहे रूसी युद्ध की फंडिंग कर रहे हैं। चीन और भारत रूसी तेल खरीद कर इस युद्ध को वित्तपोषित करने वाले मुख्य देश हैं। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने यह माना कि भारत-रूस के ऊर्जा सौदों के कारण कुछ जटिलताएं आई हैं, लेकिन उन्होंने आशा जताई कि भारत रूसी ऊर्जा सेक्टर के प्रति अपने दृष्टिकोण में बदलाव करेगा।

## घातक तूफान रागासा की चपेट में ताइवान, 17 लोग मरे



चीन में 20 लाख लोग विस्थापित

**नई दिल्ली/हांगकांग।** शक्तिशाली तूफान, रागासा से ताइवान में 17 लोगों की मौत हो गई है और 18 अन्य घायल हो हुए हैं। ताइवान में कहर बरपाने के बाद रागासा तूफान दुनिया के सबसे घनी आबादी वाले तटों में से एक की ओर बढ़ रहा है जिसे देखते हुए अब तक दक्षिणी चीन में लगभग 20 लाख लोगों को सुरक्षित स्थानों पर भेजा गया है।

स्थानीय अधिकारियों ने बताया कि रागासा के कारण लगभग 100 लोग अभी भी फंसे हुए हैं। इस वर्ष के सबसे शक्तिशाली तूफान रागासा ने बुधवार को वित्तीय केंद्र हांगकांग और दक्षिणी चीन के बड़े हिस्सों को ठप कर दिया। यह तूफान फिलीपींस के सुदूर द्वीपों और ताइवान के पहाड़ी क्षेत्रों से होकर गुजरा, जहां इसने भूस्खलन, बाढ़ और ऊंची लहरों के साथ भारी तबाही मचाई। अब यह चीन के ग्वांगडोंग प्रांत की ओर बढ़ रहा है, जहां शेनझेन और ग्वांगझोउ जैसे विशाल शहर स्थित हैं। ताइवान में इसकी चपेट में आकर कम से कम 17 लोगों की मौत हो चुकी है और बुधवार दोपहर तक 18 अन्य लोग लापता हैं। यह तबाही एक प्राकृतिक झील के टूटने के बाद आई जो भूस्खलन के मलबे से बनी थी और इसमें काफी मात्रा में पानी जमा था। इसके टूटने से लगभग सत्तर लाख टन पानी निचले क्षेत्रों में प्रवाहित हो गया जिसने पास के ग्वांगफू टाउनशिप में बाढ़ ला दी।

## संक्षिप्त समाचार

### रोहिंग्या विद्रोहियों को उकसाने का आरोप लगाया

**नई दिल्ली।** अराकान आर्मी (एए) के कमांडर-इन-चीफ मेजर जनरल तुन म्यात नाइंग ने बांग्लादेश सीमा सुरक्षा बल के कुछ अधिकारियों पर रोहिग्या विद्रोही समूहों, अराकान रोहिग्या साल्वेशन आर्मी और रोहिग्या सॉलिडैरिटी ऑर्गनाइजेशन (आरएसओ), को एए के ठिकानों पर हमले के लिए उकसाने का गंभीर आरोप लगाया है। मेजर जनरल ने 'द इरावाडी' को दिए एक विशेष साक्षात्कार में खुलासा किया कि 18 सितम्बर की रात उत्तरी रखाइन राज्य के माउंगडॉ टाउनशिप में एए के बेस पर एआरएसए और आरएसओ के लड़ाकों ने समन्वित हमला किया।

### रूसी भाषियों के उत्पीड़न का विरोध

**मॉस्को।** रूसी उप विदेश मंत्री दिमित्री ल्यूबिस्की ने कहा है कि बाल्टिक देशों में रूसी भाषियों पर अत्याचार पुरानी यूरोपीय 'सभ्यता' के सभी मानदंडों का उल्लंघन है। ल्यूबिस्की ने कहा कि मैं बाल्टिक देशों में रूसी भाषी लोगों पर बढ़ते हुए कठोर उत्पीड़न का उल्लेख करना चाहूंगा जो पुरानी यूरोपीय 'सभ्यता' के सभी मानदंडों का उल्लंघन है। बेलारूस के विदेश मंत्री मैक्सिम रायजेनकोव ने इस वर्ष की शुरुआत में कहा था कि बाल्टिक देशों को किसी भी महत्वपूर्ण, शांतिपूर्ण या विकासोन्मुख अंतर्राष्ट्रीय पहल को लागू करने में कोई उपलब्धि प्राप्त नहीं हुई है।

### रूस ने 70 यूक्रेनी ड्रोन मार गिराए

**मॉस्को।** रूसी वायु रक्षा प्रणालियों ने मंगलवार रात पांच रूसी क्षेत्रों और काला सागर में 70 यूक्रेनी ड्रोनों को नष्ट कर दिया। रूसी रक्षा मंत्रालय ने बुधवार को बताया पिछली रात बेलगोरोड, कुर्स्क, रोस्तोव, वोल्गोग्राड क्षेत्रों, क्रीमिया गणराज्य और काला सागर के ऊपर तैनात वायु रक्षा प्रणालियों ने 70 यूक्रेनी मानवरहित ड्रोन प्रणालियों को नष्ट करते हुए उन्हें आगे बढ़ने से रोक दिया।

### ओस्लो में विस्फोट के बाद अलर्ट जारी

**ओस्लो।** नॉर्वे पुलिस ने ओस्लो में एक विस्फोट की खबर के बाद मंगलवार शाम आपातकालीन अलर्ट जारी किया, जिसमें क्षेत्र के निवा. सियों से खिड़कियों से दूर रहने और घटनास्थल पर न जाने का आग्रह किया गया। यह घटना पहली बार स्थानीय समयानुसार लगभग 20:43 बजे मध्य ओस्लो के बिस्लेट के पास रिपोर्ट की गई। नॉर्वेजियन प्रसारक एनआरके के अनुसार, प्रत्यक्षदर्शियों ने एक बड़ा धमाका सुनने की बात की।

# रूसी प्लेन NATO देशों से गुजरें, तो मार गिराएंः ट्रम्प

## अमेरिकी राष्ट्रपति ने रूस को कागजी शेर बताया, रूस बोलाः हम शेर नहीं खतरनाक भालू हैं

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने मंगलवार रात यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेंलेंस्की से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने कहा कि अगर रूसी विमान, छाज्ञ देशों के एयरस्पेस में घुसते हैं तो उन्हें मार गिराया जाए। उन्होंने रूस को कागजी शेर बताया। ट्रम्प ने कहा कि रूस पिछले साढ़े तीन साल से युद्ध में फंसा हुआ है, लेकिन जीत हासिल नहीं कर सका। उनके मुताबिक, अगर रूस असली सैन्य ताकत होता तो यह युद्ध एक हफ्ते में खत्म हो जाना चाहिए था।

उन्होंने भरोसा जताया कि यूक्रेन रूस से सारा कब्जा किया इलाका वापस ले सकता है। रूस के राष्ट्रपति आफिस क्रेमलिन के प्रवक्ता दमित्री पेसकोव ने ट्रम्प के बयान को खारिज करते हुए कहाः रूस अपनी आर्थिक स्थिरता बनाए हुए है। कुछ सेक्टर में समस्याएं हैं, लेकिन रूस कोई शेर नहीं, बल्कि एक खतरनाक भालू है, और श्पेपर भालूश जैसी कोई चीज नहीं होती। ट्रम्प ने जेलेंस्की के साथ बैठक से पहले संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) में दिए अपने भाषण में यूरोपीय देशों से अपील की कि वे रूस से तेल-गैस खरीदना पूरी तरह बंद करें। उन्होंने



अगर रूस असली सैन्य ताकत होता, तो यह युद्ध एक हफ्ते में खत्म हो जाना चाहिए था

कहा कि नाटो देश खुद ही युद्ध को फंड कर रहे हैं। ट्रम्प ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफार्म ट्रुथ सोशल पर लिखा कि यूरोप और नाटो के सहयोग से यूक्रेन युद्ध से पहले वाली सीमाएं वापस पा सकता है, क्योंकि रूस की अर्थव्यवस्था दबाव में है। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेंलेंस्की ने भी सुरक्षा परिषद की बैठक में अमेरिका से रूस पर और दबाव डालने की मांग की। ट्रम्प के जमीन वापस लेने के बयान को गेम चेंजर भी कहा। पहले ट्रम्प कई बार कह चुके थे कि युद्ध खत्म करने के लिए यूक्रेन को कुछ जमीन छोड़नी पड़ सकती है। मंगलवार देर रात फाक्स न्यूज को दिए इंटरव्यू में जेलेंस्की ने कहा है कि उन्हें ट्रम्प के यूक्रेन पर अचानक बदले रुख से हैरानी हुई है। उन्होंने कहा कि ट्रम्प का यह रुख युद्ध खत्म करने में मददगार हो सकता है। उन्होंने कहा कि इससे समझ आता है कि अमेरिका युद्ध खत्म होने के बाद भी यूक्रेन को सुरक्षा गारंटी देने को तैयार है। हालांकि, जेलेंस्की ने माना कि अभी ऐसी कोई ठोस डिटेल नहीं है। लेकिन उन्होंने उम्मीद जताई कि भविष्य में और ज्यादा हथियार, एयर डिफेंस सिस्टम और ड्रोन मिलने की संभावना है। जेलेंस्की ने इंटरव्यू में कहा कि अब उनके और ट्रम्प के बीच ज्यादा बातचीत और मुलाकातें हो रही हैं, जिससे रिश्ते बेहतर हो रहे हैं। यूक्रेनी राष्ट्रपति ने कहा कि पुतिन ने बार-बार ट्रम्प से झूठ बोला, यही वजह है कि अब हमारे (ट्रम्प और जेलेंस्की) रिश्ते बेहतर हुए हैं।

# एच-1बी वीजा लॉटरी सिस्टम को खत्म करने जा रहे ट्रम्प

**वाशिंगटन।** ट्रम्प प्रशासन ने एच-1बी वीजा चयन प्रक्रिया में बड़ा बदलाव प्रस्तावित किया है। इसके तहत अमेरिका में एच-1बी वीजा पाने के नियम बदल सकते हैं।

अभी तक यह वीजा लाटरी सिस्टम के जरिए मिलता है, लेकिन नई योजना के मुताबिक अब ज्यादा वेतन वाली नौकरियों को प्राथमिकता दी जाएगी। मतलब अगर किसी साल आवे. दन 85000 की तय सीमा से ज्यादा आते हैं, तो उन लोगों के चुने जाने की संभावना ज्यादा होगी, जिनकी नौकरी में वेतन ऊंचा है। नए नियम के तहत सभी उम्मीदवारों को लेबर डिपार्टमेंट की रिपोर्ट के आधार पर चार सैलरी कैटेगरी में रखा जाएगा। सबसे ज्यादा वेतन पाने वाले, जिन्हें लगभग 162500 डालर (करीब 1.44 करोड़ रुपये) सालाना वेतन मिलता है, वे

**अब मोटी सैलरी से चयन, करीब 1.44 करोड़ के पैकेज वाले को चार मौके मिलेंगे**

लाटरी में चार बार शामिल होंगे। सबसे कम सैलरी वाले सिर्फ एक बार शामिल होंगे। इसका मकसद है कि हाई स्किल्ड और हाई सैलरी वाले कर्मचारियों को प्राथमिकता मिले। हाई सैलरी सिस्टम के आधार पर वीजा देने का प्रस्ताव फेडरल रजिस्टर में जारी हो चुका है। इस पर 30 दिन तक जनता की राय ली जाएगी। मंजूरी मिलने के बाद व्यवस्था अगले वीजा साइकिल (अप्रैल 2026) से लागू हो सकती है। इससे पहले ट्रम्प सरकार ने 22 सितम्बर से नए एच-1बी आवे. दन पर 100,000 डालर (करीब 88 लाख रुपये) फीस कर दी। पहले यह 6 लाख रुपये के करीब लगती थी।

## संयुक्त राष्ट्र में गूंजा 'ओम शांति, शांति ओम'

**न्यूयॉर्क।** संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) के 80वें सत्र में इंडोनेशिया के राष्ट्रपति ने सुबियांता दुनिया से शांति, न्याय और समान अवसर की अपील की दुनिया से शांति, न्याय और समान अवसर की अपील की। अपने 19 मिनट के संबोधन के अंत में उन्होंने संस्कृत मंत्र 'ओम शांति, शांति, शांति ओम' का उच्चारण कर पूरी दुनिया को सौहार्द्र और एकजुटता का संदेश दिया। अपने भाषण के दौरान राष्ट्रपति सुबियांतो ने गाजा और फलस्तीन में जारी हिंसा और मानवीय संकट पर गहरी चिंता जताई। उन्होंने घोषणा की कि इंडोनेशिया शांति स्थापना में बड़ी भूमिका निभाने के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि इंडोनेशिया 20000 या उससे भी अधिक सैनिकों को गाजा और फलस्तीन में शांति स्थापित करने के लिए भेजने को तैयार है।

# बलूचिस्तान में जाफर एक्सप्रेस पर बम हमला

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत में मंगलवार को जाफर एक्सप्रेस ट्रेन पर बम हमले में करीब 12 लोग घायल हो गए। मीडिया रिपोर्ट्स के मुता. बिक, यह हमला उस समय हुआ जब क्वेटा जा रही ट्रेन मस्तुंग जिले के स्पिजेंड इलाके से गुजर रही थी। ट्रेन में करीब 270 यात्री सवार थे। हमले में ट्रेन की छह बोगियां पटरी से उतर गईं और एक बोगी पलट गई।

अधिकारियों ने बताया कि इस इलाके में 10 घंटे के अंदर ये दूसरा धमाका था। मंगलवार सुबह इससे पहले एक और बम धमाका रेलवे ट्रैक के पास हुआ था। उस समय पेशावर जा रही जाफर एक्सप्रेस क्वेटा स्टेशन से निकली थी। धमाके के बाद ट्रेन को कुछ देर रोका गया, लेकिन सुरक्षा बलों ने ट्रैक साफ कर ट्रेन को आगे बढ़ने दिया था। लोकल पुलिस ने पुष्टि की कि दूसरा

**छह बोगियां पटरी से उतरीं, 12 लोग घायल, 10 घंटे में दूसरा धमाका**

धमाका ट्रैक पर लगाए गए एक प्प्क (इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस) की वजह से हुआ। पाकिस्तान रेलवे के एक सीनियर अधिकारी ने बताया कि पलटी हुई बोगी में पांच यात्री घायल हुए, जबकि बाकी लोग पास की बोगियों के पटरी से उतरने से चोटिल हुए। रेस्क्यू टीमें और पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और घायलों को नजदीकी अस्पतालों में एडमिट किया। रेलवे अधिका. रियों ने कहा कि अगर ट्रेन पूरी रफ्तार से चल रही होती, तो यह हादसा और बड़ा हो सकता था। अभी तक किसी विद्रोही संगठन ने इसकी जिम्मेदारी नहीं ली है। जाफर एक्सप्रेस को इस साल मार्च में भी बलूच लड़ाकों ने निशाना बनाया था।



पटना। विस्तारित कांग्रेस कार्य समिति (सीडब्ल्यूसी) की बैठक के दौरान कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे व पार्टी नेता और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के साथ।

## जापोरिज्जिया परमाणु संयंत्र के आसपास बिजली गुल होने से सुरक्षा को खतरा

**वियना।** संयुक्त राष्ट्र परमाणु निगरानी संस्था ने कहा है कि ज़ापोरीज्जिया परमाणु ऊर्जा संयंत्र के आसपास मंगलवार को बिजली गुल हो गई जिससे परमाणु सुरक्षा के लिए लगातार खतरा बना हुआ है। अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) ने मंगलवार को सोशल प्लेटफॉर्म एक्स पर कहा कि रूस और यूक्रेन के बीच संघर्ष के दौरान बिजली की यह 10वीं कटौती है। एजेंसी ने कहा कि उसकी टीम घटना के कारणों की जांच कर रही है। आईएईए के महानिदेशक राफेल ग्रॉसी ने जापोरिज्जिया में अपनी टीम का हवाला देते हुए कहा कि संयंत्र में बिजली की आपूर्ति के लिए आपातकालीन डीजल जनरेटरों ने काम करना शुरू कर दिया है।

# फिनलैंड के राष्ट्रपति बोलेः भारत उभरती हुई ताकत

**हेलसिंकी।** फिनलैंड के राष्ट्रपति अलेक्जेंडर स्टब ने कहा है कि भारत उभरती हुई महाशक्ति है। उसे रूस और चीन की तरह नहीं माना जा सकता। स्टब ने हेलसिंकी सिक्योरिटी फोरम 2025 की बैठक में पश्चिमी देशों को दिल्ली के साथ और गहरे संबंध बनाने के लिए कहा।

स्टब ने रूस-यूक्रेन जंग को खत्म करने में भारत की अहम भूमिका पर भी जोर दिया। फोरम 2025 में बोलते हुए स्टब ने कहा मैंने पीएम मोदी से यूक्रेन के हालात पर बात की है। भारत का इसमें भू-राजनैतिक हित है, इसलिए हमें उन्हें शांति प्रयासों में शामिल करना होगा। स्टब ने कहा है कि यूक्रेन में शांति प्रक्रिया की शुरुआत युद्धविराम से होनी चाहिए। इसके बाद यूक्रेन के राष्ट्रपति व्लादिमिर जेलेंस्की और रूस के राष्ट्रपति

**भारत को चीन-रूस जैसा न मानें, पश्चिमी देश दिल्ली से मजबूत रिश्ते बनाएंः अलेक्जेंडर स्टब**

व्लादिमीर पुतिन के बीच बैठक की औपचारिक तारीख तय होनी चाहिए। स्टब ने कहा कि रूस पर आर्थिक प्रतिबंध जारी रखना चाहिए और साथ ही यूक्रेन को सैन्य मदद भी बढ़ानी होगी। स्टब को अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प का करीबी माना जाता है। मार्च में फ्लोरिडा के मार-ए-लागो रिसार्ट में सात घंटे लंबे गोल्फ राउंड के दौरान उनकी दोस्ती और गहरी हुई थी। कुछ रिपोर्टों के अनुसार, स्टब उन चुनिंदा यूरोपीय नेताओं में हैं जिनकी राय ट्रम्प पर असर डाल सकती है। एक्सपर्ट्स का मानना है कि छोटे देशों में स्टब की बराबरी का कोई भी नेता नहीं है। उनकी ट्रम्प तक बहुत अच्छी पहुंच है।

# तुर्की के राष्ट्रपति ने यूएन में फिर कश्मीर मुद्दा उठाया

## कहाः भारत-पाक सुरक्षा परिषद की मदद लें, 2019 से छह बार जिक्र कर चुके

**वाशिंगटन।** तुर्की के राष्ट्रपति रेसेप तईप एर्दोगन ने मंगलवार को न्यूयार्क में संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) के 80वें सत्र में एक बार फिर जम्मू-कश्मीर का मुद्दा उठाया। उन्होंने भारत-पाकिस्तान के बीच बातचीत के जरिए कश्मीर मुद्दे को हल करने की वकालत की। एर्दोगन ने कहा कि हमें खुशी है कि अप्रैल में भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव के बाद सीजफायर हुआ। कश्मीर के हमारे भाइयों और बहनों के लिए, इस मुद्दे को यूएन सुरक्षा परिषद की मदद से सुलझाना चाहिए। भारत पहले भी ऐसी टिप्पणियों को खारिज कर चुका



**कश्मीर के हमारे भाइयों और बहनों के लिए, इस मुद्दे को यूएन सुरक्षा परिषद की मदद से सुलझाना चाहिए**

है। भारत का कहना है कि जम्मू-कश्मीर हमारा आंतरिक मामला है।

एर्दोगन 2019 से हर साल (2024 छोड़कर) यूएन में कश्मीर का जिक्र करते रहे हैं, जिसमें वे पाकिस्तान के तरफ अपना समर्थन दिखाते हैं। एर्दोगन ने भारत-पाक संघर्ष के बाद 17 मई, 2025 को कश्मीर मुद्दे को लेकर पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ से बात की थी। उन्होंने खुलकर पाकिस्तान का समर्थन किया था। एर्दोगन ने कहा था कि वो कश्मीर मुद्दा सुलझाने के लिए हर मुमकिन कोशिश करेंगे। उन्होंने भारत के खिलाफ इस्तेमाल के लिए पाकिस्तान को ड्रोन्स-हथियार और इन्हें चलाने वाले ट्रेंड लोग भी भेजे। एर्दोगन ने कहा था कि अगर दोनों देश तैयार हो तो वो कश्मीर मामले में रोल निभाएंगे। हम शांति चाहते हैं, हम दो पड़ोसियों के बीच कोई तनाव नहीं चाहते। वही, इस्तांबुल में 24 मई, 2025 को शहबाज शरीफ ने एर्दोगन से मुलाकात की थी।

इस दौरान उन्होंने पाकिस्तान को खुफिया जानक. ारी, टेक्नोलाजिकल सपोर्ट, एनर्जी, ट्रांसपोर्ट और डिफेंस सेक्टरों में सहयोग देने का बाद कही थी। एर्दोगन की टिप्पणी पर भारत ने कड़ी आपत्ति जताई थी। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा था कि जम्मू-कश्मीर भारत का अभिन्न अंग है।

## विकासशील देशों के समक्ष बड़ी चुनौतियांः जयशंकर

**नई दिल्ली।** विदेश मंत्री डा. एस जयशंकर ने दुनिया भर में बढ़ती अनिश्चितता की स्थिति पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा है कि इस स्थिति में विकासशील देशों को विशेष रूप से अपने अधिक. ारों और अपेक्षाओं को पूरा करने में अनेक चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। डा. जयशंकर ने बहुपक्षवाद की अवधारणा को खतरे में बताते हुए कहा कि अंतर्राष्ट्रीय संगठन अप्रभावी हो रहे हैं या संसाधनों की कमी से जूझ रहे हैं और समकालीन व्यवस्था की आधारशिलाएं बिखरने लगी हैं। उन्होंने कहा कि संयुक्त राष्ट्र जैसी वैश्विक संस्थाओं में अत्यंत आवश्यक सुधारों में देरी का परिणाम सबके सामने है। संयुक्त राष्ट्र महासभा के वार्षिक सत्र में हिस्सा लेने न्यूयार्क गए डॉ. सिंह ने समान विचारधारा वाले ग्लोबल साउथ देशों की उच्च स्तरीय बैठक में भारत का दृष्टिकोण रखा। विदेश मंत्रालय ने बुधवार को यहां बताया कि डॉ. सिंह ने मौजूदा वैश्विक स्थिति पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि यह विशेष रूप से ग्लोबल साउथ के देशों के लिए बड़ी चुनौती है।

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ

पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108